✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 37 ✱ अंक : 94 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, शनिवार, 29 अगस्त 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com




पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वृक्ष सुरक्षा दिवस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वृक्षों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

## संक्षिप्त समाचार

### आरा और मुजफ्फरपुर में नए एसडीओ तैनात

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक फ़ेरबदल करते हुए आरा सदर और मुजफ्फरपुर पश्चिमी में नए एसडीओ की तैनाती की है। सामान्य प्रशासन विभाग की विशेष कार्य पदाधिकारी अंशु कुमार को आरा सदर का नया अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है। मुजफ्फरपुर पश्चिमी की भूमि सुधार उप समाहर्ता को मुजफ्फरपुर वेस्ट अनुमंडल के एसडीओ की जिम्मेदारी दे दी गई है। ये दोनों बिप्रसे की पदाधिकारी है।

### दाखिल-खारिज में लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मी निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में गंभीर अनियमितता, लापरवाही और मनमानेपन को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने गंभीरता से लेते हुए कड़ा कदम उठाया है। भोजपुर के शाहपुर अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी एवं वर्तमान में सीवान में पदस्थापित सोनू कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### बिहार राज्यगीत के रचनाकार कवि सत्यनारायण का निधन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार राज्यगीत 'तुझको शत-शत वंदन बिहार' के रचनाकार और प्रखर कवि सत्यनारायण का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। उन्होंने पटना के कदमकुआं स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे 91 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पार्थिव शरीर को उनके परिजनों और साहित्यकारों ने श्रद्धांजलि दी। उनकी अंत्येष्टि 29 अगस्त, शनिवार को की जाएगी।

### धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट कर धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप में रामगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के तरैथा गांव से एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान तरैथा गांव निवासी कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। मामले को लेकर रामगढ़ थाना में कांड संख्या 252/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धारा 299 बीएनएस एवं धारा 67 आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जनदाहा के तीसीऔता थाना क्षेत्र स्थित राजा चिमनी के पास गुरुवार रात अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद बदमाश व्यवसायी का बैग लेकर फरार हो गये। वारदात के बाद इलाके के व्यापारियों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मनियारी थाना क्षेत्र निवासी विजय साह के पुत्र विशाल कुमार सोनी के रूप में हुई है।

मुख्यमंत्री ने मीठापुर-करबिगहिया फ्लाईओवर और मीठापुर-महुली ओवरब्रिज का किया शुभारंभ

# रेल यात्रियों और आम लोगों का सुगम होगा आवागमन : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना में 249 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मीठापुर बस स्टैंड को मीठापुर गोलंबर से जोड़नेवाले फ्लाईओवर, पहुंच पथ एवं सेवा पथ का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। यह फ्लाईओवर नवनिर्मित करबिगहिया गोलंबर के माध्यम से मीठापुर क्षेत्र को बेहतर एवं सुगम यातायात सुविधा से जोड़ेगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना के अंतर्गत मीठापुर से सिपारा तक निर्मित 2.1 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड पथांश का भी फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। इन दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं के शुरू होने से पटना के इस महत्वपूर्ण यातायात मार्ग पर आवागमन अधिक सुगम और व्यवस्थित होगा। मीठापुर-सिपारा मार्ग पर लगनेवाले जाम से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही करबिगहिया, मीठापुर एवं स्टेशन रोड पर यातायात का दबाव कम होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि करबिगहिया-मीठापुर फ्लाईओवर के शुरू होने से रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी रास्ता अधिक सुगम होगा। मीठापुर बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। मीठापुर से महुली होते हुए पुनपुन की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी आवागमन आसान होगा। एलिवेटेड पथ के माध्यम से यातायात को सुगम बनाने में मदद मिलेगी और प्रमुख मार्गों पर वाहनों के दबाव को कम किया जा सकेगा। राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन उपलब्ध कराने की दिशा में ये दोनों परियोजनाएं महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव आदि उपस्थित थे।



# बीपीएससी टीआरइ-4 में अब 33385 पदों पर होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में शिक्षक बनने का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए टीआरइ-4 में एक बार फिर वैकेंसी बढ़ गई है। अब इस भर्ती के जरिए कुल 33385 शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शुक्रवार को रक्षाबंधन के मौके पर इसकी जानकारी दी। सीटों में हुई इस बढ़ोतरी के बाद उन अभ्यर्थियों को भी राहत मिली है, जो इस भर्ती में ज्यादा पद निकलने का इंतजार कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि रक्षाबंधन के मौके पर उनके आवास पर पहुंची बहनों ने शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग रखी थी। उनकी मांग को देखते हुए सरकार ने 111 और पद जोड़ने का फैसला लिया है। अब इन नए पदों की जानकारी बिहार लोक सेवा आयोग यानी बीपीएससी को भेजी जाएगी ताकि भर्ती की आगे की प्रक्रिया में इन्हें शामिल किया जा सके। टीआरइ-4 में पदों की संख्या पहले से ही बढ़ाई जा चुकी है। सबसे पहले बीपीएससी को 32388 पदों की अधियाचना भेजी गई थी। इसके बाद इसमें 886 पद और जोड़े गए। अब 111 नए पद बढ़ने के बाद कुल संख्या 33385 हो गई है। यानी भर्ती में शुरुआत के मुकाबले करीब एक हजार पद ज्यादा हो चुके हैं। इस बढ़ोतरी में कक्षा 9-10 के संगीत विषय के शिक्षकों के पद भी शामिल हैं। ऐसे अभ्यर्थी जो संगीत विषय से शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे हैं, उनके लिए यह अहम मौका होगा। नई भर्ती में संगीत शिक्षकों के 113 पद शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है।

# भाप्रसे के आधा दर्जन अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में प्रशासनिक स्तर पर एक बार फिर बदलाव किया गया है। शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई। इस सूची में कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं जिन्हें हाल ही में एक पद से हटाया गया था और अब नई जिम्मेदारी दी गई है। नवादा और कैमूर में डीडीसी के पद पर तैनात अधिकारियों को भी दूसरी जगह भेजा गया है। इस फ़ेरबदल में 2011 बैच के आइएएस अधिकारी उज्ज्वल कुमार सिंह की जिम्मेदारी बदली गई है। अब उन्हें ग्रामीण विकास विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। 2012 बैच के आइएएस अधिकारी श्रीकांत शास्त्री को पशुपालन विभाग का निदेशक बनाया गया है। वे फिलहाल किसी पद पर तैनात नहीं थे। सीवान के पूर्व जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय को भी नई पोस्टिंग मिली है। वे अब सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में अपर सचिव के तौर पर काम करेंगे। 2018 बैच के आइएएस अधिकारी नितिन कुमार सिंह को माध्यमिक शिक्षा निदेशक बनाया गया है। वे भी अभी नई पोस्टिंग की प्रतीक्षा कर रहे थे। नवादा में विकास से जुड़े काम संभाल रहीं डीडीसी नीलिमा साहू का भी तबादला कर दिया गया है। 2021 बैच की आइएएस अधिकारी नीलिमा साहू को अब स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया है। कैमूर की डीडीसी दिव्या शक्ति अब उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग में आयुक्त के पद पर काम करेंगी।

# बिहार के विधायकों का होगा कैशलेस इलाज : निशांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के विधानसभा सदस्यों को अब 1 जनवरी 2027 से कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में यह जानकारी दी। बैठक में वर्तमान एवं पूर्व सदस्यों तथा सभा सचिवालय के पदाधिकारियों व कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा देने पर विचार-विमर्श किया गया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने विभागीय संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि कैशलेस व्यवस्था को आयुष्मान भारत से जोड़ा जाएगा। सदस्यों (पूर्व एवं वर्तमान) तथा उनके आश्रितों के लिए यह प्रणाली आगामी 1 जनवरी 2027 से लागू की जाएगी। फिलहाल केवल इंडोर चिकित्सा के लिए ही कैशलेस सुविधा लागू की जा रही है जबकि आउटडोर चिकित्सा की प्रतिपूर्ति यथावत रहेगी। आयुष्मान भारत योजना से संबद्ध सरकारी एवं गैर-सरकारी सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिपूर्ति की सीमा तय करने के सुझावों पर विभागीय पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखा। चिकित्सा विपत्रों के सत्यापन हेतु सिविल सर्जन कार्यालय जाने वाली प्रक्रिया में होने वाली देरी पर भी चर्चा हुई। विशेषकर कैंसर, किडनी और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कर्मियों को होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए प्रतिपूर्ति प्रक्रिया को त्वरित और सुगम बनाने पर जोर दिया गया। इससे प्रभावित लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। बैठक में गयाजी जिले के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। आगामी 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक गयाजी में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की पुख्ता व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री के अलावा सचिव कुमार रवि, विशेष सचिव सहित वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ बाढ़ की तैयारी को लेकर भी उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का स्पष्ट निर्देश दिया ताकि किसी भी आपात स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हों।



## नेपाल में फिर बढ़ा बाढ़ का खतरा

**काठमांडु (नबिटा ब्यूरो)।** नेपाल में बाढ़ की त्रासदी के बीच शुक्रवार को नेपाल-चीन सीमा के पास बनी विशाल बैरियर झील टूटने की सूचना से एक बार फिर निचले इलाकों में चिंता बढ़ गयी है। दोपहर करीब 12:30 बजे झील टूटने की जानकारी नेपाल प्रशासन को मिली। इसके कुछ ही घंटों बाद भोटेकोशी नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गयी। बताया गया कि नेपाल-चीन सीमा पर चीन की ओर छोचेन नदी और पुरेपु त्सांगपो नदी के संगम के पास बनी विशाल बैरियर झील टूट गयी है। चीनी पक्ष की ओर से झील टूटने की जानकारी नेपाल प्रशासन को दी गयी। इसके बाद संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए नदी तटीय और सीमावर्ती इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गयी। झील टूटने के बाद भोटेकोशी नदी में पानी का स्तर बढ़ा है। हालांकि, प्रशासन के अनुसार स्थिति बुधवार को सामने आये हालात जैसी गंभीर नहीं है। निचले इलाकों में पानी के बहाव और संभावित खतरे को देखते हुए प्रशासन तथा सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है।

# नहाने के दौरान डूबने से तीन किशोरियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** कहलगांव अनुमंडल के पीरपैंती इलाके में एक हादसे ने रक्षा बंधन की खुशियां को मातम में बदल दिया और एक साथ तीन परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीरपैंती प्रखंड के श्रीमठपुर गोपालीचक पंचायत स्थित दखली टोला घाट के मरगंग घाट में शुक्रवार को नहाने गयी तीन किशोरियां तेज बहाव की चपेट में आ गयी और पानी में डूब गयी। इस हादसे के बाद शुरू हुए तलाशी अभियान में तीनों के शव बरामद कर लिये गये हैं। मृतकों में एक ही परिवार की दो सगी बहनें करिश्मा कुमारी (18) और चंदा कुमारी (16) शामिल हैं। दोनों मुन्ना पासवान की पुत्री थीं। इनके साथ नानी के घर आयी 8 वर्षीय अभिलाषा कुमारी भी नदी में डूब गयी। जो चचेरी बहन थी। अभिलाषा के पिता का नाम अरविंद पासवान बताया गया है। वह कहलगांव के कुशापुर शोभनाथपुर की रहने वाली थी। इस घटना के बाद मरगंग घाट पर अफरा- तफरी की स्थिति मच गयी। इधर सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों ने तत्काल तलाश शुरू कर दी मौके पर एसडीआरएफ की टीम एवं अधिकारी पहुंचे। तीनों किशोरियां मरगंग घाट पर स्नान करने गयी थीं। इसी दौरान पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से तीनों डूब गयीं। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण घाट की ओर दौड़े। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से नदी में उतरकर तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद दो शव बरामद कर लिये गये। एक किशोरी के लापता होने की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गयी। इसके बाद पीरपैंती के सीओ चंद्रशेखर कुमार एवं एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। इधर एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने काफी देर तक नदी में तलाश अभियान चलाया। इसके बाद तीसरे शव को भी बरामद कर लिया गया।सीओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि नहाने के दौरान डूबने से तीनों किशोरी की मौत हो गयी है। सभी का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मैट्रिक और इंटर की मार्कशीट पर नहीं लिखा जाएगा 'फेल'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मैट्रिक और इंटर की मार्कशीट पर अब 'फ़ेल' शब्द नहीं लिखा जाएगा। इसकी जगह प्रमाण पत्र पर 'कौशल के लिए पात्र' लिखा जाएगा। इस फैसले को लेकर सरकार का मानना है कि परीक्षा में कम मार्क्स किसी बच्चे की पूरी प्रतिभा का पैमाना नहीं हो सकता। एक परीक्षा में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने का मतलब यह नहीं कि छात्र के भीतर आगे बढ़ने की क्षमता खत्म हो गई। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने समीक्षा बैठक में इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों के मनोबल को बनाए रखना जरूरी है। इसी सोच के तहत प्रमाण पत्र पर 'फ़ेल' जैसे शब्द के इस्तेमाल को खत्म करने का निर्णय लिया गया है। अब इस फैसले को लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की तैयारी है। शिक्षा विभाग जल्द ही बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को जरूरी निर्देश जारी करेगा। सरकार ने उन छात्रों के लिए भी योजना बनाई है जिन्हें मैट्रिक की सप्लीमेंट्री परीक्षा देनी है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक महीने तक स्पेशल क्लासेज चलाने का फैसला किया गया है। यानी परीक्षा में पीछे रह गए छात्रों को सिर्फ नया शब्द नहीं मिलेगा बल्कि खुद को साबित करने के लिए अतिरिक्त तैयारी का मौका भी दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी सप्लीमेंट्री परीक्षा में सफल होकर आगे की पढ़ाई जारी रख सकें।






# बहनों का सम्मान और सशक्तिकरण ही मजबूत झारखंड की नींव : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार देते हुए कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक नहीं है बल्कि परिवार और समाज को मजबूत बनाने वाली जिम्मेदारी, सम्मान और पारस्परिक भरोसे का भी संदेश देता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की माताओं और बहनों का संघर्ष, त्याग और योगदान राज्य के स्वर्णिम इतिहास का अहम हिस्सा रहा है और उनके सशक्त होने से ही समाज का समग्र विकास संभव है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि रक्षाबंधन हमें यह याद दिलाता है कि रिश्तों की मजबूती केवल भावनाओं से नहीं बल्कि एक-दूसरे के सम्मान, सुरक्षा और अवसरों को सुनिश्चित करने से भी बनती है। यह पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह के साथ-साथ उस सामाजिक जिम्मेदारी को भी रेखांकित करता है, जो हर परिवार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की माताओं-बहनों ने हर दौर में संघर्ष करते हुए परिवार की जिम्मेदारियों को निभाया है। उन्होंने केवल अपने घरों को ही नहीं संभाला बल्कि राज्य के निर्माण और देश के विकास में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की मेहनत, साहस और समर्पण ने समाज को नई दिशा दी है। खेत-खलिहान से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार, सामाजिक नेतृत्व और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में झारखंड की महिलाओं ने अपनी पहचान बनाई है। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक बेटी पढ़ती है और आगे बढ़ती है तो उसका प्रभाव केवल उसके जीवन तक सीमित नहीं रहता। उससे पूरा परिवार शिक्षित, जागरूक और सशक्त बनता है, वहीं समाज भी विकास की नई राह पर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित माहौल और समान अवसर देना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। शिक्षित और आत्मविश्वासी बेटियां भविष्य के मजबूत झारखंड की आधारशिला हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाएं माताओं और बहनों को सम्मानजनक जीवन, आत्मनिर्भरता और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना, पलाश, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता, स्वरोजगार के अवसर, शिक्षा को बढ़ावा और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर देना है। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर राज्यवासियों से आह्वान किया कि इस पर्व को केवल परंपरा तक सीमित न रखें बल्कि इसे समाज में समानता, सम्मान और सशक्तिकरण के संकल्प से जोड़ें।

# सहकारिता के क्षेत्र में गरीब, वंचित और आम किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सहभागिता मिले : डा. प्रेम कुमार

## विधानसभा अध्यक्ष ने की सहकारिता सचिव धर्मेंद्र सिंह के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य में सहकारिता के क्षेत्र को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोपयोगी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान वेजिटेबल यूनियन की भांति मार्केटिंग यूनियन की प्रबंधकारिणी की कार्य-अवधि को 1 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष करने तथा संसद एवं विधान मंडल सदस्य सहकारी गृह निर्माण सोसायटी हेतु सदस्यता के संबंध में पूर्व के निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा हुई। साथ ही गयाजी में प्रस्तावित सहकारी ट्रेनिंग सेंटर की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई तथा बुनकर समितियों को आर्थिक मदद पहुंचाने, प्रखंड स्तरीय सभी समितियों का यूनियन द्वारा एफिलिएशन और समितियों को 98,000 रुपये प्रति समिति की दर से दी जाने वाली आर्थिक सहायता की प्रगति पर बल दिया गया। बैठक में वेजिटेबल और मार्केटिंग यूनियनों को प्रदान किए जाने वाले आर्थिक सहयोग, मानव बल, मार्केट फंड, तथा छपरा, दरभंगा, सहरसा एवं मधेपुरा में नए सहकारी बैंकों के खुलने की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री फसल सहायता योजना के अंतर्गत खरीफ 2024-25 तथा उसके बाद के वर्षों में लाभुकों के बीच भुगतान की स्थिति, प्रखंड सब्जी समितियों में कोल्ड स्टोरेज, गोदाम की स्थिति और भूमि की उपलब्धता पर चर्चा हुई। साथ ही पैक्स के क्षेत्र में उत्पादित वस्तुओं का क्रय स्वयं पैक्स द्वारा सुनिश्चित हो, इसके लिए फाइनेंस, इंडस्ट्री और सहकारिता विभाग की संयुक्त बैठक की स्थिति पर भी विचार हुआ। इसके अलावा कंज्यूमर कोऑपरेटिव एवं उनके प्रबंधन की दिशा में अनुमंडल स्तर पर गठित संगठन की प्रगति की चर्चा हुई जिसे त्वरित रूप से प्रमंडल एवं राज्य स्तर तक विधि द्वारा विस्तारित करने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मधुमक्खी पालन, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अन्य सहकारी संगठनों से जुड़े सदस्यों को सहकारिता से सीधे तौर पर जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में गरीब, वंचित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और आम किसानों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद, प्रसंस्करण और विपणन में सहभागिता मिलनी चाहिए। इसके साथ ही युवाओं के कौशल विकास हेतु उच्च शिक्षा में सहकारिता आधारित पाठ्यक्रम, डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स शुरू करने की दिशा में आवश्यक पहल पर भी सार्थक विमर्श हुआ। बैठक में बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव सहित सभा सचिवालय के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उद्यान प्रमंडल एवं भवन निर्माण विभाग के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

## एन.आई.टी. के साथ-साथ आई.आई.टी. के विशेषज्ञों को सम्मिलित करने का सुझाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में उद्यान प्रमंडल एवं भवन निर्माण विभाग के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधान सभा परिसर के विकास, सौंदर्यीकरण, अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार और निर्माणाधीन परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में बिहार विधान सभा प्रांगण में निर्माणाधीन संग्रहालय (म्यूजियम) के निर्माण कार्यों की प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान केंद्र सरकार की अनुमति से संबंधित प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष ने वास्तु विशेषज्ञता एवं तकनीकी परामर्श के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से एन.आई.टी. के साथ-साथ आई.आई.टी. के विशेषज्ञों को भी सम्मिलित करने का सुझाव दिया, ताकि निर्माण कार्य में उच्च स्तर की उत्कृष्टता और सुचिता सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर विधान सभा के मुख्य प्रवेश द्वार पर एक अत्याधुनिक स्वागत कक्ष (रिसेप्शन) के निर्माण हेतु त्वरित गति से कार्य करने के निर्देश दिए गए। विधान सभा में प्रस्तावित मुद्रणालय के निर्माण के संदर्भ में 3,000 वर्ग फीट क्षेत्र में लगभग 30 फीट ऊंचे भवन के निर्माण हेतु आवश्यक नक्शा तैयार करने और इसके अनुमोदन से संबंधित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। परिसर के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए अध्यक्ष ने कार पार्किंग स्थल के चारों तरफ साफ-सफाई एवं गार्डेनिंग को सुदृढ़ करने को कहा। मुख्य रूप से मौसमी पुष्पों की सुसज्जित वाटिका विकसित करने के तहत परिसर में विभिन्न प्रकार के सुगंधित फूलों वाले पौधों का रोपण और उनके नियमित रख-रखाव के लिए उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा विधान सभा परिसर में स्थित विभिन्न पार्कों में नियमित रूप से ग्रास-कटिंग (घास की कटाई) एवं समुचित साफ-सफाई करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

## संभावित बाढ़ को लेकर महत्वपूर्ण तटबंधों पर बढ़ाई गई निगरानी

# अधिकारियों को चौकसी बढ़ाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण संभावित बाढ़ को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने सारण तटबंध सहित सभी महत्वपूर्ण तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। इसके लिए संभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दे दिया गया है। ताकि बाढ़ के आने पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी जाए। विदित हो कि 26 अगस्त यानी बुधवार की सुबह तिब्बत प्रभाग में एक ग्लेशियल लेक के आउटब्रस्ट होने के कारण नेपाल में प्रलयंकारी बाढ़ आ गई थी जिससे नेपाल में काफी क्षति हुई है। उस बाढ़ का पानी गंडक नदी में प्रवाह होने से बिहार के गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर जिले में बाढ़ आने की संभावना है। इसको देखते हुए जल संसाधन विभाग ने उक्त जिलों में स्थित सभी तटबंधों की सुरक्षा के लिए निगरानी बढ़ा दी है। इसके लिए विभाग ने गंडक बराज पर मुख्यालय स्तर से अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में एक तकनीकी दल को तैनात कर दिया है। वहीं जल संसाधन विभाग ने सतर्कता बरतते हुए गंडक बराज के सभी 36 गेटों को खोल दिया है, ताकि नेपाल से आने वाला बाढ़ का पानी निकल सके। बताया जाता है कि मुख्यालय स्तर से गंडक नदी में आने वाली संभावित बाढ़ को लेकर लगातार निगरानी रखी जा रही है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं जिससे कि सारण तटबंध सहित उससे प्रभावित होने वाले सभी तटबंध सुरक्षित रहे और आपात स्थिति आने पर आसानी से से निपटा जा सके।

# मुख्यमंत्री ने 'वृक्ष सुरक्षा दिवस' पर वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा एवं किया पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षा बंधन एवं 'वृक्ष सुरक्षा दिवस' के पावन अवसर पर पटना स्थित राजधानी वाटिका-1 में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका-1 में नागलिंगम पौधे का रोपण भी किया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रक्षा बंधन के अवसर पर राज्य स्तरीय 'वृक्ष सुरक्षा दिवस' कार्यक्रम का उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अति आवश्यक है। राज्य सरकार की योजनाओं एवं प्रयासों से राज्य के लोग पर्यावरण, जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा



वृक्षारोपण के प्रति जागरूक हो रहे है। इस अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. रामचन्द्र प्रसाद, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विशेष सचिव आलोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरविन्दर सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# दरभंगा में 200 करोड़ की लागत से बनेगा राष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर

## सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बदल रही बिहार की तस्वीर : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार के विकास को नई दिशा और नई गति देने में जुटी है। दरभंगा के ऐतिहासिक नेहरू स्टेडियम को राष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर के रूप में विकसित करने की योजना इसका बड़ा उदाहरण है। लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ में विकसित होने वाला यह खेल परिसर दरभंगा के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ लोक सेवक



आवास स्थित संकल्प सभागार में हुई बैठक में नेहरू स्टेडियम के प्रस्तावित कायाकल्प और 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान प्रस्तावित क्रिकेट स्टेडियम और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के प्रस्तुतीकरण का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से मिथिलांचल की खेल प्रतिभाएं बेहतर सुविधाओं के अभाव में अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पाती थीं। अब एनडीए सरकार ने इस कमी को दूर करने की दिशा में निर्णायक पहल की है। अब दरभंगा के खिलाड़ियों को बड़े शहरों की ओर सुविधाओं के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और संसाधन उनके अपने शहर में उपलब्ध होंगे।

# करबिगहिया-मीठापुर फ्लाइओवर (फेज-1) तथा मीठापुर-सिपारा एलिवेटेड पथ का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना में 249 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित मीठापुर बस स्टैंड को मीठापुर गोलंबर (भाया नवनिर्मित करबिगहिया गोलम्बर, फेज-1) से जोड़नेवाले फ्लाईओवर, पहुंच पथ एवं सेवा पथ का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। यह फ्लाईओवर नवनिर्मित करबिगहिया गोलंबर के माध्यम से मीठापुर क्षेत्र को बेहतर एवं सुगम यातायात सुविधा से जोड़ेगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना के अंतर्गत मीठापुर से सिपारा तक निर्मित 2.1 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड पथांश का भी फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। इन दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं के शुरू होने से पटना के इस महत्वपूर्ण यातायात मार्ग पर आवागमन अधिक सुगम और व्यवस्थित होगा। मीठापुर-सिपारा मार्ग पर लगनेवाले जाम से आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही करबिगहिया, मीठापुर एवं स्टेशन रोड पर यातायात का दबाव कम होने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित फ्लाईओवर के निर्माण कार्य एवं यातायात व्यवस्था का पैदल चलकर तथा वाहन के माध्यम से जायजा लिया। उन्होंने परियोजना से संबंधित सुविधाओं और आवागमन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि करबिगहिया-मीठापुर फ्लाईओवर के शुरू होने से रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी रास्ता अधिक सुगम होगा।

# रक्षाबंधन पर बिहार की बेटियों को सुरक्षा का भरोसा, 1408 'पुलिस दीदी' टीमें मैदान में

## आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस दीदी टीमों को जोड़ा गया ईआरएसएस डायल- 112 से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रक्षाबंधन पर पुलिस महकमा के स्तर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर बिहार पुलिस की विशेष पहल की गई है। पुलिस दीदी की टीमों को पेट्रोलिंग की कमान सौंप दी गई है। राज्य के सभी जिलों में 1408 पुलिस दीदी टीमों के स्तर से विशेष पेट्रोलिंग एवं क्षेत्र भ्रमण की शुरुआत की गई है। इन टीमों के स्तर से अपने-अपने थाना क्षेत्रों के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, कोचिंग संस्थान, मॉल, पार्क, सिनेमा हॉल, मेला, बाजारा, हाट समेत अन्य संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित भ्रमण एवं प्रभावी निगरानी की जा रही है। ताकि महिलाओं महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आवश्यक पड़ने पर महिलाओं एवं बालिकाओं को तत्काल पुलिस सहायता, काउंसलिंग एवं अन्य आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस दीदी टीमों को ईआरएसएस डायल-112 से जोड़ा गया है जिससे आवश्यकता पड़ने पर निकटतम ईआरएसएस वाहन एवं अन्य पुलिस टीमों से तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके। पहले चरण में 1500 तथा दूसरे चरण में 1 हजार, इस तरह 2500 पुलिस दीदी टीमों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले से कार्यरत अभया ब्रिगेड के स्थान पर वर्तमान में आवश्यकताओं के अनुरूप पुलिस दीदी टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में एक महिला पुलिस पदाधिकारी को प्रभारी तथा एक महिला पुलिसकर्मी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम तथा उनके लिए सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण तैयार करने के उदेश्य से सभी जिलों में इस तरह की टीम का गठन किया गया है। पुलिस दीदी की टीम स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों और कोचिंग संस्थानों में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संपर्क स्थापित करेगी तथा उनकी सुरक्षा से संबंधित समस्याओं के साथ ही आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करेगी। संबंधित संस्थानों के प्रशासन, शिक्षकों, वार्डनों एवं संचालकों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी तालमेल बनाया जाएगा। महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा उपलब्ध पुलिस सहायता एवं आपातकालीन सेवाओं के संबंध में जागरूक किया जाएगा। किसी तरह की छेड़खानी, पीछा करने, उत्पीड़न अथवा अन्य आपराधिक गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित और आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पटना सिटी में सत्यम सहाय की सेवा और सरलता सदैव स्मरणीय रहेगी : राजेश बल्लभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** गिरिराज उत्सव पैलेस में पटना सिटी के वरिष्ठ समाजसेवी राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव द्वारा अनुमंडल शांति समिति के बैनर तले पटना सिटी के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी सत्यम सहाय का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री सहाय के कुशल कार्यशाली, आत्मीय व्यवहार व सफल कार्यकाल हेतु पटना सिटी के विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा उनका सम्मान किया गया। वहीं वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी कशिश बख्शी का भी सभी ने अभिवादन कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव ने बताया कि सत्यम सहाय ने अपने कार्यकाल में कई ऐसे भी कार्य किए जिसमें कई निर्दोष को बचाने से ले कर कई सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेने का काम किया है।

# चौथे दिन भी जारी रहा केवाइपी बचाओ महाआंदोलन, रक्षाबंधन छोड़ धरने पर डटे केंद्र संचालक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** केवाईपी केंद्रों के रिन्यूवल, प्रशिक्षण एवं एडमिशन शुरू करने और लंबित भुगतान की मांग को लेकर 25 अगस्त से गर्दनीबाग में चल रहा केवाईपी बचाओ महाआंदोलन शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। रक्षाबंधन जैसे त्योहार के बावजूद बड़ी संख्या में केवाईपी केंद्र संचालक अपने निजी कार्यक्रमों को छोड़कर धरना स्थल पर डटे रहे। आंदोलनकारियों ने कहा कि वर्षों से संचालित केवाईपी केंद्रों का संचालन अवरुद्ध है जिससे केंद्र संचालकों के साथ-साथ बिहार के हजारों युवा भी प्रभावित हो रहे हैं। केंद्र संचालकों की प्रमुख मांग है कि पुराने केवाईपी केंद्रों का तत्काल रिन्यूवल कर प्रशिक्षण एवं नए एडमिशन शुरू किए जाएं तथा करीब आठ महीने से लंबित बिलों का अविलंब भुगतान किया जाए। आंदोलनकारियों ने कहा कि लगातार चार दिनों के धरने के बावजूद अब तक कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'जब तक रिन्यूवल नहीं, तब तक धरना जारी रहेगा जब तक एडमिशन नहीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।' केंद्र संचालकों ने सरकार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर ठोस निर्णय लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक गर्दनीबाग में महाधरना जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आयी बहनों से बंधवाई राखी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'नेक संवाद' सभागार में रक्षा बंधन के पावन अवसर पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आयी बहनों से राखी बंधवाई। बहनों ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने भी बहनों के प्रति अपना स्नेह एवं सम्मान व्यक्त करते हुये उन्हें शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, अपनत्व और एक दूसरे के प्रति जिम्मेदारी का पावन पर्व है। यह पर्व हमारे सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों को और मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से रक्षा बंधन के इस पावन अवसर पर आपसी प्रेम, भाईचारे, सद्भाव और सामाजिक सौहार्द्र को मजबूत करने का आह्वान किया।

# पटना में संस्कृत दिवस समारोह का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना एवं पेंशनर भवन के संयुक्त तत्वावधान में पाटलिपुत्र कालोनी स्थित पेंशनर भवन में संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन संस्कृतमय वातावरण में आधुनिक सन्दर्भ में संस्कृत भाषा की उपयोगिता पर विचार -विमर्श सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के अध्यक्ष डॉ शिववंश पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि विजय शंकर दुबे, पूर्व मुख्य सचिव बिहार एवं झारखंड थे। मुख्य वक्ता प्रो. रागिनी वर्मा, विशिष्ट अतिथि डॉ उपेन्द्र नाथ पांडेय, पूर्व विशेष सचिव बिहार सरकार तथा कार्यक्रम का संचालन इस संस्था के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने संस्कृत भाषा में किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण से हुआ। आगत अतिथियों का स्वागत संस्था के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने करते हुए संस्कृत दिवस की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार में सभी लोगों का सहयोग आवश्यक है। मुख्यातिथि



विजय शंकर दुबे ने कहा कि संस्कृत भाषा कामधेनु के समान है। इस भाषा की सभी कालों में समान है। हमारी संस्कृति संस्कृत भाषा पर आधारित है। मुख्य वक्ता प्रो. रागिनी वर्मा ने कहा कि आज संस्कृत भाषा की उपयोगिता अधिक है। हिंदी की रक्षा के लिए संस्कृत का अध्ययन अति आवश्यक है। पूर्व विशेष सचिव डॉ उपेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि पौराणिक मूल्यों की स्थापना के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक है। इसी भाषा के कारण विश्व में हमारी पहचान है। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ शिववंश पाण्डेय ने समाज की स्थापना पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके उद्देश्यों से लोगों को परिचित कराया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करने वालों में डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ मीनाक्षी प्रसाद, डॉ नीरा कुमारी, डॉ रागनी कुमारी, शम्भु नाथ पांडेय, तरुण कुमार पाण्डेय, डॉ भारती कुमारी, डॉ राम नारायण सिंह प्रमुख हैं। धन्यवाद ज्ञापन श्रद्धा कुमारी ने किया तथा डॉ अनिल कुमार चौबे ने संस्कृत में गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# पहली गैर-जीएमओ पॉपकॉर्न मक्का हाइब्रिड बीज किस्मों का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के पॉपकॉर्न उद्योग के लिए एक दशक से अधिक समय से प्रतीक्षित महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कृष्णा 459 और गोदावरी 234, भारत की पहली उच्च-विस्तार क्षमता वाली गैर-जीएमओ पॉपकॉर्न मक्का हाइब्रिड बीज किस्मों का शुभारंभ किया। इन्हें दुनिया की प्रमुख मक्का किस्मों के अनुरूप पॉपिंग गुणवत्ता प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। मुसुनुरु स्थित गॉरमेट पॉपकॉर्निया के कारखाने में आयोजित कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आठ राज्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों और साझेदारों को सम्मानित किया गया। एस बी पी पट्टाभि रामा राव, प्रबंध निदेशक, गॉरमेट पॉपकॉर्निया ने कहा कि यह किसी कंपनी की कहानी नहीं है, यह आठ राज्यों के 17500 से अधिक किसानों की कहानी है जिन्होंने विश्वास किया कि इससे बेहतर फसल संभव है।

## कभी घर चलाना था मुश्किल, आज दूसरों को दे रहीं रोजगार

# महिला उद्यमी योजना से बदली किस्मत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में महिलाएं स्वरोजगार की ओर अग्रसर हैं और लगातार सफलता हासिल कर रही हैं। इसका सफल उदाहरण मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के आंकड़ों से स्पष्ट होता है। उद्योग विभाग के अनुसार इस योजना के माध्यम से अब तक 9,100 से अधिक महिलाओं ने अपना व्यवसाय स्थापित कर कीर्तिमान रचा है। सरकार की ओर से इन महिलाओं को 671 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ प्रदान किया गया है। साल 2005 से पहले जहां महिला अपने घर से बाहर निकलने को ही सबसे बड़ी उपलब्धि मानती थी। वहीं अब राज्य की महिलाएं घर की चौखट से बाहर निकलकर आत्मविश्वास के साथ अपने व्यापार को शुरू करने का हौसला रख रही हैं। योजना की लाभार्थी गया जिले की झिकटिया गांव की रहने वाली पल्लवी प्रियदर्शिनी ने बताया कि वे डिस्पोजेबल डायपर और सेनेटरी नैपकिन निर्माण का कारोबार करती हैं। अपने गृह जिला गया के एक छोटे से गांव से अपने सपनों को जमीन पर लाने तक योजना ने मुख्य भूमिका निभाई है। योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से व्यापार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने अपने उद्यमी बनने की शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियां होने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। वतर्मान में वे अपने व्यवसाय के जरिये स्थानीय महिलाओं को रोजगार देने में सफल साबित हो रही है। इसके अलावा उन्होंने अपनी यूनिट में ही प्रशिक्षण की व्यवस्था भी शुरू की है जिससे उनकी इकाई ने न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दिया, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता की राह भी खोली। पल्लवी ने बताया कि उन्हें मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के जरिये 10 लाख ऋण के तौर पर प्राप्त हुआ। वर्तमान में वे अपने यूनिट के जरिये वे सालाना 30 लाख तक की कमाई कर रही है। उनके उत्पादों की गुणवत्ता और किफायती मूल्य ने बाजार में एक अलग पहचान कायम किया है। गांव की कई महिलाएं आज उनके साथ काम कर रही हैं और अपने परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। पल्लवी प्रियदर्शिनी की सफलता न केवल गया जिले के लिए प्रेरणा है, बल्कि पूरे राज्य की उन महिलाओं के लिए मिसाल है जो आत्मनिर्भर बनने का सपना देखती हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिलेभर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर उनकी सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर साथ निभाने और उनकी खुशियों का ख्याल रखने का संकल्प लिया। दूर रहने वाले भाई-बहनों ने फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। बाजारों में भी राखी और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। पूरे जिले में प्रेम, स्नेह और भाईचारे का माहौल बना रहा।

# सिटीजन केयर फाउंडेशन ने रेनबो होम की बच्चियों के बीच बांटे कपड़े और खिलौने



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रक्षाबंधन के अवसर पर सिटीजन केयर फाउंडेशन की ओर से राजबंशी नगर स्थित रेनबो होम की बच्चियों के बीच नए कपड़े, खिलौने, टेडी बेयर और बिस्कुट का वितरण किया गया। नए कपड़े और खिलौने पाकर बच्चियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर रेनबो होम की मैनेजमेंट हेड विशाखा के साथ अन्य शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं। उन्होंने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चियों के बीच खुशी और अपनापन का भाव पैदा करते हैं। सिटीजन केयर फाउंडेशन के संस्थापक चंदन कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व है। इस पावन अवसर पर हमारा प्रयास है कि रेनबो होम की बच्चियां भी परिवार जैसी खुशी महसूस करें। बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान देखकर हमें बेहद खुशी मिली। फाउंडेशन आगे भी जरूरतमंद बच्चों के बीच सेवा और सहयोग के कार्य करता रहेगा।

# जिले में 'पुलिस दीदी' का पहरा

## 35 वाहनों से होगी महिला सुरक्षा की निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए रोहतास पुलिस ने 'पुलिस दीदी' (अभया ब्रिगेड) का गठन किया है। विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मियों की यह टीम सार्वजनिक स्थलों पर छेड़खानी, फब्तियां कसने, अभद्रता, छिनतई सहित महिलाओं से जुड़े अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए लगातार गश्त करेगी। एसपी मिस्टर राज ने बताया कि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए रोहतास पुलिस के बेड़े में 20 नए स्कूटर और 15 बजाज एवेंजर मोटरसाइकिल शामिल किए गए हैं। इन वाहनों पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पूर्व के आपराधिक आंकड़ों के आधार पर चिह्नित संवेदनशील इलाकों और



भीड़भाड़ वाले हॉटस्पॉट पर अभया ब्रिगेड विशेष निगरानी रखेगी।

**स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटरों पर विशेष निगरानी**

एसपी ने बताया कि 'पुलिस दीदी' की टीम का मुख्य फोकस स्कूल, महिला कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, पार्क और बाजारों के आसपास रहेगा। सुबह और शाम के समय इन क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग की जाएगी। स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटरों की छुट्टी तथा कक्षाएं शुरू होने के समय छात्राओं के आसपास अनावश्यक रूप से मंडराने वाले संदिग्ध युवकों की जांच की जाएगी। संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर पूछताछ के साथ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना मिलते ही पहुंचेगी अभया ब्रिगेड**

छेड़खानी, अभद्रता, छिनतई या किसी अन्य आपात स्थिति की सूचना मिलते ही महिला पुलिसकर्मियों की टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंचेगी। टीम स्थानीय थानों के साथ-साथ डायल-112 की आपातकालीन सेवा से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करेगी। गश्त के दौरान महिला पुलिसकर्मी छात्राओं और महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानेंगी तथा उन्हें अपनी शिकायत पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा के मामले में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी और शिकायत मिलने पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस केंद्र डिहरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सार्जेंट मेजर रजनीश कुमार, सार्जेंट रामलाल प्रसाद, सार्जेंट अनुराग कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बेऊर जेल गेट पर बहनों को राखी बांधने से रोकना अमानवीय : संतोष उपाध्याय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बेऊर जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहनों को जेल गेट पर रोकने और उन्हें धूप में खड़े रहने के लिए मजबूर किए जाने की घटना पर मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बंदी अधिकार आंदोलन के संयोजक संतोष उपाध्याय ने बिहार के जेल प्रशासन की संवेदनहीनता पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संतोष उपाध्याय ने कहा कि राखी केवल एक धार्मिक या सामाजिक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और पारिवारिक संबंधों का प्रतीक है। किसी व्यक्ति के जेल में बंद होने से उसके पारिवारिक और मानवीय रिश्ते समाप्त नहीं हो जाते। अपराध के आरोप या सजा के बावजूद बंदी भी इंसान है और उसके परिवार को उससे मानवीय संबंध बनाए रखने का अधिकार है।

# विकास वैभव से डीएम दीपक मिश्रा तक पहुंची राखी की डोर, गार्गी अध्याय ने दिया एकता का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत रोहतास में सक्रिय गार्गी अध्याय की ओर से होटल आनंदा में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया। जिला मुख्य समन्वयक नूतन पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित समारोह में रक्षासूत्र के माध्यम से प्रेम, विश्वास, सम्मान, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। गार्गी अध्याय की महिलाओं ने गया पहुंचकर लेट्स इंस्पायर बिहार के मुख्य संरक्षक एवं गया में आईजी विकास वैभव को राखी बांधी। इसके बाद विकास वैभव ने वीडियो कॉल के माध्यम से सासाराम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सहभागिता की और सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सामाजिक समरसता एवं महिला सहभागिता को बढ़ावा देने वाले इस आयोजन की सराहना की। इसी क्रम में गार्गी अध्याय की महिलाओं ने रोहतास



के जिलाधिकारी दीपक मिश्रा को भी रक्षासूत्र बांधा। कार्यक्रम की विशेषता रही कि नूतन पाण्डेय की प्रेरणा से रेलवे में कार्यरत मुन्ना कुमार विशेष रूप से ओडिशा से सासाराम पहुंचे जबकि पटना निवासी मनीषा ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर सक्रिय सहभागिता की। अलग-अलग स्थानों से लोगों का सासाराम पहुंचना आयोजन के प्रति उत्साह और जुड़ाव को दर्शाता है। पूर्व जिला पार्षद प्रमिला सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं, बल्कि समाज को प्रेम, विश्वास और अपनत्व के सूत्र में बांधने वाला पर्व भी है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और समरसता को मजबूत करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू देवी ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को नई ऊर्जा मिलती है। रक्षाबंधन हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान, सुरक्षा और जिम्मेदारी का भाव रखने की प्रेरणा देता है।

# जीविका सुधा बिक्री केंद्र का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ी गोला (रोहतास)।** जिले के दरिहट गांव में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत जीविका सुधा बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा तथा शाहाबाद प्रक्षेत्र के सुधा कंपनी के एमडी अमित कुमार जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान और दुकान की संचालिका जीविका दीदी सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर जीविका दीदी पूनम दीदी, नीतू दीदी, चंद्रकला दीदी और सावित्री देवी ने जिलाधिकारी को राखी बांधी। गांव की ओर से जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार गुड्डू, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद और उप मुखिया आसकुमार ने संयुक्त रूप से गुलदस्ता देकर जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा का स्वागत किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने जीविका दीदियों को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए बधाई दी और सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# रोहितेश्वर धाम में सावन पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

## 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान हुआ रोहतासगढ़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रोहतास।** पवित्र सावन पूर्णिमा और रक्षाबंधन के अवसर पर रोहतास प्रखंड स्थित प्रसिद्ध रोहितेश्वर धाम चौरासन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस धार्मिक अवसर पर रोहतास जिले के अलावा झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए रोहितेश्वर धाम तथा रोहतासगढ़ किला पहुंचे। पूरे दिन मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' और 'जय शिव शंभू' के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान रहा। अलसुबह से ही रोहितेश्वर धाम की ओर जाने वाले दुर्गम पहाड़ी मार्गों और घाटों पर श्रद्धालुओं की लंबी



कतारें देखने को मिलीं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु निजी वाहनों से भी मंदिर परिसर तक पहुंचे। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए रोहितेश्वर धाम सेवा समिति के कार्यकर्ता सुबह से ही व्यवस्था संभालने में जुटे रहे। इस विशेष अवसर पर चौरासन में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें दूर-दराज से पहुंचे शिवभक्तों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी विशेष व्यवस्था की गई थी। रोहतास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल टीम मंदिर परिसर में पूरे समय तैनात रही, ताकि किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जा सके। उधर, मेढ़ड़ा घाट के निचले इलाके में स्थानीय समाजसेवियों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क शीतल जल और जलपान की व्यवस्था की गई थी। भक्तिमय माहौल को और उत्साहपूर्ण बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाहनों की निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार सावन पूर्णिमा से एक दिन पहले शुरू हुआ श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला अगले दो दिनों तक जारी रहने की संभावना रहती है। सावन पूर्णिमा के अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने एक बार फिर रोहितेश्वर धाम की धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक महत्व को जीवंत कर दिया।

# इंद्रपुरी बराज से 84 हजार क्यूसेक पानी सोन में छोड़ा गया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन बेसिन के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में हो रही वर्षा से शुक्रवार को जलस्तर बढ़ना जारी है। इंद्रपुरी बराज पर 97 हजार क्यूसेक पहुंच रहा है। आज झारखण्ड के मोहम्मदगंज भीम बराज से 23695, रिहन्द जलाशय से जल विद्युत चलने के कारण 17281 क्यूसेक व बाणसागर से 2036 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इंद्रपुरी बराज पर आज 96 हजार 960 क्यूसेक पानी का आवक रहा जिसमें से 23 गेट खोलकर 84 हजार 644 क्यूसेक पानी सोन नदी में प्रवाहित किया गया। धान की फसलों के लिए 8913 व पूर्वी संयोजक नहर में 3403 क्यूसेक पानी की आपूर्ति की जा रही है। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह के अनुसार सोन बेसिन क्षेत्र में हो रही वर्षा व झारखण्ड, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश स्थित जलाशय से पानी आने के कारण सोन के जलस्तर में वृद्धि जारी है।

# नीतीश कुमार के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शुमार हैं हरेंद्र सिंह

## 35 वर्षों से निभा रहे साये की तरह साथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार के राजनीतिक सफर में कई ऐसे लोग रहे हैं जिन्होंने लंबे समय तक उनके साथ पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई है। इनमें हरेंद्र सिंह का नाम विशेष रूप से लिया जाता है। करीब 35 वर्षों से नीतीश कुमार के साथ अंगरक्षक के रूप में जुड़े हरेंद्र सिंह आज उनके बेहद विश्वासपात्र सहयोगियों में माने जाते हैं। नीतीश कुमार के हरनौत विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहने के समय से ही हरेंद्र सिंह उनके साथ जुड़े हैं और केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर लंबे समय तक मुख्यमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचने के सफर में लगातार उनके साथ रहे हैं। इस दौरान हरेंद्र सिंह ने लक्ष्मण की तरह छोटे भाई की भूमिका निभाते हुए अपनी जिम्मेदारियों का



निर्वहन किया है। हरेंद्र सिंह की पहचान केवल एक अंगरक्षक के रूप में नहीं, बल्कि नीतीश कुमार के बेहद करीबी और भरोसेमंद सहयोगी के रूप में बनी है। मृदुभाषी व्यवहार, सामान्य रहन-सहन, सहज स्वभाव और ईमानदारी उनकी प्रमुख विशेषताओं में गिनी जाती है। वे हमेशा अपने दायित्व के प्रति पूरी तरह समर्पित रहे हैं। बताया जाता है कि नीतीश कुमार से मिलने के लिए किसी बड़े ओहदे या विशेष पहचान की जरूरत नहीं होती। सामान्य व्यक्ति भी संपर्क करने पर उनसे मुलाकात कर सकता है। यह सहजता नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन के शुरुआती दौर से लेकर आज तक देखने को मिलती रही है। हरेंद्र सिंह ने नीतीश कुमार के साथ-साथ उनके पुत्र निशांत कुमार के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है। लंबे समय की निष्ठा और विश्वास के कारण वे धीरे-धीरे नीतीश कुमार के पारिवारिक दायरे का हिस्सा बन गए हैं।

# रक्षाबंधन पर मौसी के घर आए बच्चे की नाले में गिरने से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डालमियानगर थाना क्षेत्र के मनेरी बिगहा में गुरुवार को एक ढाई साल के मासूम बच्चे की नाले में गिरने से मौत हो गई। मृतक ढाई वर्षीय वासु कैमूर जिले के सबार थानांतर्गत करमचट निवासी रोहित पासवान का पुत्र बताया जाता है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरसीसी पाइप के अंदर फंसा बच्चे का शव चार घंट बाद बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वजन द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करने पर उन्हें सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि स्वजन के अनुसार रोहित पासवान अपनी पत्नी रिंकी देवी के साथ रक्षाबंधन में मनेरीबिगहा निवासी अपने साढ़ू अभिषेक पासवान के घर अपने पुत्र वासु को राखी बंधवाने लेकर आए थे। रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व गुरुवार को वह मासूम बच्चा घर के बाहर बैलून से खेल रहा था, तभी बैलून नाले में चला गया जिसे निकालने के प्रयास में वह नाले में जा गिरा और आरसीसी पाइप के अंदर फंस गया। काफी देर तक खोजबीन होती रही, परंतु परिजनों को उसके नाले में गिरने की जानकारी नहीं हो सकी। बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि वासु नाले में गिर गया है।

# एसडीएम ने स्टील प्लांट के भूमि पूजन कार्यक्रम का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड काराकाट अंतर्गत ग्राम चिल्हा में गुरुवार को प्रस्तावित स्टील प्लांट के निर्माण हेतु आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम विधिवत एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भूमि पूजन कर परियोजना के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि रोहतास जिला के इस ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान की स्थापना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जिससे न



केवल स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी और समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे जिससे पलायन पर रोक लगेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने परियोजना प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि निर्माण कार्य को सभी निर्धारित पर्यावरणीय, तकनीकी मानकों एवं सरकारी नियमों का पालन करते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए ताकि आम लोगों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, प्रखंड एवं अंचल स्तर के संबंधित पदाधिकारीगण, परियोजना से जुड़े तकनीकी विशेषज्ञ एवं निवेशक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्राम चिल्हा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्वच्छता आइकॉन डॉ. मधु उपाध्याय ने विद्युतकर्मी आदिल को भेजी राखी

## सामाजिक सौहार्द, स्वच्छता एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर रोहतास की स्वच्छता आइकॉन डॉ. मधु उपाध्याय ने बिक्रमगंज निवासी व विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मी मो. आदिल खान को स्नेहपूर्वक रक्षा सूत्र (राखी) भेजकर आत्मीयता एवं भाईचारे का संदेश दिया। राखी के साथ भेजे गए संदेश में उन्होंने स्वस्थ जीवन, दीर्घायु, शाश्वत प्रेम, सामाजिक सद्भाव एवं सकारात्मक सोच की कामना की। डॉ. मधु उपाध्याय ने अपने संदेश में कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी स्नेह, सद्भाव और सकारात्मक सोच को मजबूत करने का भी प्रतीक है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, स्वच्छ परंपराओं को बनाए रखने तथा समाज एवं जनहित से जुड़े सकारात्मक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अर्थ केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ सोच, बेहतर सामाजिक वातावरण और जिम्मेदार नागरिक भावना भी स्वच्छता का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने समाज में स्वच्छता एवं जागरूकता के संदेश को मजबूत करने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। रक्षा सूत्र एवं स्नेहपूर्ण संदेश प्राप्त होने पर आदिल खान ने डॉ. मधु उपाध्याय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर मिला यह आत्मीय स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामना उनके लिए बेहद प्रेरणादायी है। उन्होंने सामाजिक सौहार्द, स्वच्छता, जागरूकता एवं जनहित से जुड़े कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण, बिल नहीं देने पर संचालकों को कड़ी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल प्रशासन द्वारा दवा दुकानों में व्याप्त अनियमितताओं पर सख्ती बरतते हुए अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के आदेश के अनुपालन में कार्यपालक दंडाधिकारी अखिलेश्वर कुमार एवं औषधि निरीक्षक रोहतास-3 हरिनारायण साहनी के नेतृत्व में संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान दल ने दवा बिक्री की प्रक्रिया, दवाओं का निर्धारित मूल्य, स्टॉक पंजी, बिलिंग प्रणाली, कैश मेमो, मूल्य पर्ची



और औषधि विक्रय से संबंधित अन्य वैधानिक प्रावधानों का गहनता से अवलोकन किया। इस क्रम में कई मेडिकल दुकानों पर गंभीर कमियां उजागर हुईं जिनमें ग्राहकों को दवा खरीदने के बाद निर्धारित मूल्य पर्ची या बिल उपलब्ध नहीं कराना प्रमुख था। साथ ही कुछ दुकानों में अन्य नियमों के अनुपालन में भी लापरवाही पाई गई। निरीक्षण दल ने मौके पर ही संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों को फटकार लगाते हुए पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने का सख्त निर्देश दिया और स्पष्ट कहा कि दवा बिक्री के समय प्रत्येक ग्राहक को अनिवार्य रूप से बिल और मूल्य संबंधी पर्ची देना सुनिश्चित करें तथा औषधि अधिनियम के सभी निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत पालन करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यह जांच अभियान केवल एक दिन का नहीं है बल्कि आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा और यदि भविष्य में किसी भी मेडिकल प्रतिष्ठान में किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं अनुमंडल प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे दवा खरीदते समय दुकानदार से बिल अवश्य लें और यदि कोई दुकानदार बिल देने से इनकार करे या अधिक मूल्य वसूले तो इसकी सूचना तुरंत अनुमंडल प्रशासन या औषधि निरीक्षक को दें ताकि दोषी दुकानों पर कार्रवाई की जा सके।

# अंग्रेजी शराब बरामद, युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेल पुलिस ने शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को महाबोधि एक्सप्रेस से अंग्रेजी शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 13298 महाबोधि एक्सप्रेस के मार्गरक्षी दल द्वारा ट्रेन के एस-5 कोच के शौचालय के पास जांच की गई। जांच के दौरान दो काले रंग के पिट्ठू बैग में रखी 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं०–36 ऑफ 2026–27/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं०–17–डीडीयू–व०मं०इंजी०– I–26–27**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/ I और सहायक मंडल इंजीनियर/ बिक्रमगंज के अंतर्गत, टपकती छत की मरम्मत, दरवाजे और खिड़की को बदलने, नाली और सड़क की मरम्मत द्वारा सेवा भवनों का सुधार। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹38519293.74, **(iii) धरोहर राशि :** ₹770400.00

**निविदा सं०–18–डीडीयू–व०मं०इंजी०– I–26–27**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** जीसी सेक्शन में पुसौली (पीएसई) स्टेशन पर ऊंचे लेवल का प्लेटफार्म का प्रावधान। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹51003815.23, **(iii) धरोहर राशि :** ₹1020100.00

**(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 18.09.2026 को 12:00 बजे तक। **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, पं०डी०डी०यू०**
**पीआर/0827/डीडीयू/इंजी०/टी/26–27/44**

# अतिक्रमण व अवैध पार्किंग से जाम, जनता त्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** बाजार में अतिक्रमण और सड़क पर अवैध रूप से बस ऑटो खड़ा कर देने के कारण गुरुवार को दिनभर भारी जाम की स्थिति बनी रही। भीषण जाम के चलते राहगीरों, स्कूली वाहन एवं छात्रों को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ती है। पीएनबी बैंक के पास ऑटो चालक सड़क पर ही वाहन लगाकर खड़े रहते हैं जिससे यातायात लगातार बाधित रहता है। इसी तरह थाना चौक पर दोनों तरफ सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर ही दुकान लगा ली है जिसके कारण सड़क काफी संकीर्ण हो गई है। संत सिंह चौक से डाक बंगला परिषद तक दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे अल्वेस्टर शेड बनाकर रोड को और भी अधिक घेर लिया है जिसके चलते स्टेट हाईवे पर जाम आम बात हो गई है। वन विभाग से पशु अस्पताल परिषद तक अस्थायी गुमटी और



अवैध दुकानें सड़क पर ही पड़ी रहती है जिससे बड़े वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। थाना परिसर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चहारदीवारी के चारों ओर बांस-बल्ला लगाकर दुकानें खड़ी कर ली गई है जबकि सामुदायिक भवन और यात्री शेड पर भी कब्जा जमाए लोग बैठे हैं। लोगों ने बताया कि बाजार के अधिकांश हिस्सों में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा और वाहन पार्किंग के कारण हर दिन जाम लगता है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। नगर वासियों का कहना है कि पुलिस प्रशासन की घोर लपरवाही के कारण हर दिन जाम का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्रों का होता है हर दिन जाम में फंसे रहते हैं। स्कूल लेट से पहुंचते हैं घर वापसी करने के बाद भी समय से घर नहीं पहुंच पाते हैं। इस संबंध में अंचलाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि आम जनता की समस्या को देखते हुए जल्द ही विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा और सड़क को पूरी तरह खाली कराया जाएगा।

# मां काली की वार्षिक पूजा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला(रोहतास)।** जिले के आदर्श ग्राम दरिहट में शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व पर शुक्रवार की देर शाम 5 बजे मां काली खप्पर वाली की वार्षिक पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। पूरे गांव में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। मुख्य रास्ते से लेकर मंदिर तक आकर्षक सजावट की गई थी। पूजा के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आगे-आगे घोड़े, बैंड-बाजा और युवाओं की टीम हाथ में झंडा लिए चल रही थी। शोभायात्रा की शुरुआत बाजार स्थित महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। वहां से शोभायात्रा राम-जानकी मंदिर, मनोकामना पूर्ण दुर्गा मंदिर से पुनः बाजार में पहुंची। मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची सभी मंदिरों एवं पूर्व से निर्धारित स्थलों पर पूजा-अर्चना करते हुए शोभायात्रा गंगा महतो के घर पहुंची। पुजारी गंगा महतो खप्पर हाथ में लिये और 'जय मां काली' के जयकारों के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो



गया। जयकारों के बीच शोभायात्रा काली मंदिर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक मां काली खप्पर वाली की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर देव कुमार पंडित, अजीत यादव, मनोज यादव, अशोक यादव, ललन पासवान, पिंटू प्रजापति, गोलू प्रजापति, रवि चंद्र आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई.निविदा नोटिस सं०–डी.डी.यू/ईएल/जी/ ई०–निविदा/2026–27/10 दिनांक : 27.08.2026**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचना बद्ध है, निम्न लिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई.निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**क्र.सं. – 01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम :** सं० डी.डी.यू/ईएल/जी/टी एल/2026–27/01 विषय – (OEM)- डी.डी.यू मंडल में दो वर्ष के लिए किर्लोस्कर मेक पावर कार (03 अदद) के 500 के वी ए डी जी सेट के एस्कॉर्टिंग के साथ कॉम्प्रिहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत :** रु०– 15726871.34, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय :** 17.09.2026 15:00 Hrs. **ई–निविदा वेबसाइट का विवरण :** www.ireps.gov.in

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा०)**
**पूर्व मध्य रेल, डी०डी०यू०**
**पीआर/0828/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/26–27/36**

# वेणुवन में सांसद कौशलेंद्र कुमार ने पीपल के पेड़ को बांधी राखी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**राजगीर।** रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को राजगीर स्थित वेणुवन में सांसद नालंदा कौशलेंद्र कुमार ने पीपल के वृक्ष में राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने वृक्ष की सलामती और प्रकृति के संरक्षण की मंगलकामना की। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा वृक्षों की सुरक्षा के लिए रक्षा सूत्र बांधने की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हमें हरित वातावरण दिया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी को भी स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण उपलब्ध कराएं।उन्होंने कहा कि पेड़ जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को संतुलित कर वातावरण को स्वच्छ रखते हैं। वृक्षों के कारण वर्षा होती है, जिससे किसानों को लाभ मिलता है। कई औषधियां भी पेड़-पौधों से प्राप्त होती हैं। सांसद ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। मौके पर जदयू नेता मुन्ना कुमार, मीरा कुमारी, सुवेंद्र राजवंशी, आशुतोष पांडे, अमित कुमार अधिवक्ता, आरती राजवंशी, वार्ड पार्षद विकास कुमार, विपिन झा समेत वनकर्मी व वेणुवन कर्मचारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण की रक्षा करना हमारा सर्वोच्च कर्तव्य : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बिहारशरीफ स्थित कारगिल पार्क में मंत्री श्रवण कुमार ने महोगनी के पौधे को रक्षा सूत्र बांधकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह बहन भाई की रक्षा की कामना करती है, उसी प्रकार आज हमें पेड़-पौधों की रक्षा का संकल्प लेना होगा, यही सच्चा रक्षाबंधन है। मंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ एक जिंदगी' के समान है, जो हमें ऑक्सीजन, छाया और फल प्रदान करता है। पर्यावरण की रक्षा करना हमारा धर्म है और हम सभी को 'हरित बिहार' के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने स्वयं व अपने परिवार की ओर से पौधे के विशाल वृक्ष बनने तक देखरेख का वचन दिया। उन्होंने समाज को प्लास्टिक और नशा मुक्त बनाने के साथ-साथ 'पेड़ युक्त बिहार' बनाने का आह्वान किया। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने, माता-पिता और बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि जब नीतीश कुमार ने बिहार की बागडोर संभाली थी, तब राज्य का हरित आवरण (ग्रीन कवर) मात्र 7 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर 19 प्रतिशत हो गया है। इसे देश के राष्ट्रीय औसत 33 प्रतिशत तक पहुंचाने के लिए सभी बिहारवासियों का सहयोग अनिवार्य है। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्र. कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, मुन्ना मांझी, ध्रुव प्रसाद, प्रो. आनंद वर्मा, संजय प्र. कुशवाहा, पुरुषोत्तम कुमार सहित वन विभाग के कई अधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया होटल का उद्घाटन



**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के भागन बीघा चैक स्थित डेंटल कॉलेज के समीप गुरुवार को देशी स्वाद होटल एंड रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। बिहार सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया।इस अवसर पर रेस्टोरेंट के डायरेक्टर सह पैठना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार उर्फ पिंकू सिंह ने अतिथियों का अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता दिलीप कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, समाजसेवी डॉ. राकेश रंजन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भागन बीघा चैक पर रेस्टोरेंट खुलने से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी। अब लोगों को शाकाहारी और मांसाहारी भोजन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार उर्फ पिंकू सिंह ने बताया कि रेस्टोरेंट में देशी स्वाद मटन, वेज थाली समेत विभिन्न व्यंजन उपलब्ध होंगे। कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छता और घर जैसा स्वाद ग्राहकों को उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। शुभारंभ को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा गया।

### शौचालय के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

**हिलसा।** प्रखंड क्षेत्र के बंरखघा गांव के खेत में शौचालय के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में तब्दील हो गया, जिसमें दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति घायल हो गए।घायलों की पहचान प्रथम पक्ष के कृष्ण चैहान की पत्नी पानो देवी तथा दूसरे पक्ष के महावीर चैहान के रूप में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना के संबंध में महावीर चैहान की पत्नी ने बताया कि उनकी जमीन पर कथित रूप से जबरन शौचालय का पानी गिराया जा रहा था। वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि पानी खेत में गिराया जाता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। हिलसा थानाध्यक्ष भानु ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### 31 अगस्त को जिला नियोजनालय में जॉब कैंप, 100 पदों पर होगी भर्ती

**बिहारशरीफ।** जिले के बेरोजगार एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए जिला नियोजनालय की ओर से रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में 31 अगस्त को संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय में एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा।जिला नियोजन पदाधिकारी के अनुसार जॉब कैंप में निजी कंपनी द्वारा विभिन्न पदों पर कुल 100 रिक्तियों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास, आईटीआई एवं उससे अधिक निर्धारित की गई है।अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को पद के अनुसार 18,500 से 19,500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। नियुक्ति का कार्यस्थल ऑल इंडिया रहेगा।जिला नियोजनालय की ओर से बताया गया कि जॉब कैंप में पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर अपने आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं अन्य जरूरी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पॉवर हॉर्न के शोर से कराह रहा राजगीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर।** पटना हाईकोर्ट के निर्देश और ध्वनि प्रदूषण संबंधी गाइडलाइन के बावजूद पर्यटन एवं आध्यात्मिक नगरी राजगीर में प्रतिबंधित पॉवर हॉर्न और प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल धड़ल्ले से जारी है। शहर की सड़कों पर बार-बार बजने वाले तेज और कर्कश हॉर्न से स्थानीय लोगों, पर्यटकों और विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस और यातायात विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से वाहन चालक नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों एवं चिकित्सकों के अनुसार लगातार तेज आवाज के संपर्क में रहने से तनाव, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, सिरदर्द और सुनने की क्षमता प्रभावित होने जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। तेज हॉर्न से बच्चों और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। वहीं, राजगीर की पहाडियों और जंगलों में रहने वाले पक्षियों एवं वन्यजीवों पर भी ध्वनि प्रदूषण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है।लोगों ने बताया कि बस और ट्रक के अलावा दोपहिया व चारपहिया वाहनों में भी प्रतिबंधित हॉर्न लगाए जा रहे हैं। निर्धारित समय के बाद डीजे का तेज आवाज में इस्तेमाल भी जारी रहने की शिकायत है।बुद्धिजीवियों, पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक संगठनों ने राजगीर में नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, प्रतिबंधित हॉर्न की बिक्री व इस्तेमाल पर रोक लगाने और शहर को प्रभावी रूप से नो हॉर्न जोन बनाने की मांग की है।

# बाइक लूट का आठ घंटे में खुलासा, लूटी गई बाइक बरामद, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिलसा।** हिलसा थाना क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल लूट की घटना का पुलिस ने महज आठ घंटे के भीतर उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई के टी एम मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली।जानकारी के अनुसार, 27 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे हिलसा थाना पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली कि भुई बाजार से पहले कृष्णा मंदिर के समीप मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति को बाइक से गिराकर घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश घायल व्यक्ति की के टी एम मोटरसाइकिल और उसकी जेब में रखे 150 रुपये जबरन लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही हिलसा थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पुलिस को कौशल कुमार, पिता कांग्रेस चौहान, ग्राम भैंसा बिगहा, थाना हिलसा, सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने तत्काल उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा भेजा।घटना के संबंध में हिलसा थाना कांड संख्या 740/26 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कांड में संलिप्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटी गई के टी एम मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से लूट की घटना का महज आठ घंटे में खुलासा हो गया। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है तथा उनके आपराधिक इतिहास का भी पता लगाया जा रहा है।

# स्कूटी पर निकलीं पुलिस दीदियां , बाजार से स्कूल तक महिलाओं की सुरक्षा पर रखेंगी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिहारशरीफ।** रक्षाबंधन के अवसर पर नालंदा पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर एक नई पहल शुरू की है। शुक्रवार को पुलिस केंद्र से 'अभया ब्रिगेड' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अब महिला पुलिसकर्मी स्कूटी से शहर और जिले के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में गश्त करते हुए महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा देंगी।लाइन डीएसपी श्याम किशोर रंजन ने महिला पुलिसकर्मियों की टीम को रवाना किया। उन्होंने बताया कि नालंदा पुलिस को राज्य सरकार की ओर से 20 स्कूटी और 15 मोटरसाइकिलें उपलब्ध कराई गई हैं। फिलहाल स्कूटी से महिला पुलिसकर्मियों की पेट्रोलिंग शुरू की गई है।अभया ब्रिगेड की टीम स्कूल-कॉलेज, बाजार, सार्वजनिक स्थलों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त करेगी। किसी महिला या छात्रा को परेशानी होने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर सहायता करेगी। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और जरूरत के समय पुलिस से संपर्क करने की जानकारी दी जाएगी।महिला पुलिसकर्मियों को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने, आम लोगों से बेहतर समन्वय बनाने और महिलाओं से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया गया है। पुलिस का उद्देश्य छात्राओं, कामकाजी महिलाओं और अन्य जरूरतमंद महिलाओं के बीच पुलिस की पहुंच बढ़ाना है।एसपी हृदयकांत ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। 'पुलिस दीदियों' की क्षेत्र में मौजूदगी बढ़ने से महिलाओं को जरूरत के समय त्वरित पुलिस सहायता मिलेगी और उनमें सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी।

## नवादा

# आमजनों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी ने की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा ।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल 11 परिवाद प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी गईं। जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करें तथा परिवादियों को उनके मामलों में की गई कार्रवाई से अवगत कराएं।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नवादा।** भाई-बहन के स्नेह, प्रेम और विश्वास का प्रतीक पावन पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में रौनक देखने को मिली। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और हर परिस्थिति में साथ निभाने का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन को लेकर शहर के विभिन्न बाजारों में कई दिन पहले से ही राखी की दुकानें सज गई थीं। रंग-बिरंगी राखियों, आकर्षक गिफ्ट पैक और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। बच्चों और युवाओं में भी पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। बहनों ने अपने भाइयों के लिए पसंदीदा राखियों की खरीदारी की, जबकि भाइयों ने बहनों के लिए उपहार और मिठाइयां खरीदीं। पर्व के अवसर पर घरों में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाई के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया और उपहार प्रदान किए। कई परिवारों में दूर रहने वाले भाई-बहन भी रक्षाबंधन मनाने के लिए एक-दूसरे के घर पहुंचे। रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच भावनात्मक जुड़ाव, विश्वास और पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने का अवसर भी है। बदलते समय में पर्व मनाने के तौर-तरीकों में बदलाव आया है, लेकिन भाई-बहन के प्रेम की भावना आज भी उतनी ही मजबूत है। सोशल मीडिया और वीडियो कॉल के माध्यम से दूर रहने वाले भाई-बहनों ने भी एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा और पूरे जिले में रक्षाबंधन की खुशियां छाई रही।

### नर्सिंग ऑफिसर पद पर मोहम्मद जुबैर खान का चयन



**नारदीगंज,नवादाः-** बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा आयोजित नर्सिंग ऑफिसर पद की परीक्षा का मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद नारदीगंज निवासी मोहम्मद जुबैर खान ने सफलता हासिल की है। जुबैर का चयन सामान्य वर्ग की मेरिट सूची में हुआ है। उनकी सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मोहम्मद जुबैर खान, नारदीगंज निवासी डॉ. मुर्तजा खान और शहजादी खातून के बड़े पुत्र हैं। इससे पहले भी उन्होंने बिहार सरकार के ड्रेसर पद के लिए आयोजित बहाली परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। उस चयन में उन्होंने सामान्य सूची में 15वां स्थान हासिल किया था, जबकि अल्पसंख्यक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जुबैर की बड़ी बहन नुसरत बानो बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। बड़ी बहन से प्रेरित होकर जुबैर ने स्वास्थ्य क्षेत्र में करियर बनाने का लक्ष्य तय किया। उन्होंने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर पद की यह परीक्षा उनका प्रथम प्रयास था। परिजनों के अनुसार, जुबैर इस परीक्षा की तैयारी के लिए दिन-रात अध्ययन में जुटे रहते थे।

### रक्षासूत्र बांधकर की गई भाइयों के दीर्घायु होने की कामना




**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड में आस्था और उल्लास के साथ रक्षाबंधन मनाया गया। अहले सुबह से ही रक्षाबंधन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उसके दीर्घायु होने की कामना की। मिठाई एवं दूध की दुकान पर खरीदारी के लिए लोगों की काफी भीड़ देखी गई। भगवानपुर अपने भाई को राखी बांधने पहुंचीं छोटी ने बताया कि भाई को राखी बांध दी हूं। कहा कि हरेक बहन को रक्षाबंधन का इंतजार रहता है ताकि भाई को रक्षासूत्र बांध सके। सिकंदरा के बिछवे गांव से राखी बांधने आई रेखा देवी ने कहा कि हरेक वर्ष भाईयों को राखी बांधने आती हूं। कहा कि घर में बहुत काम है। खेती से जुड़े कार्य है, लेकिन सभी काम छोड़कर भाईयों की सलामती एवं दीर्घायु होने की कामना के लिए राखी बांधने आईं हूं। नीमचकबथानी से अपने भाईयों को राखी बांधने आई रिंकी ने कहा कि हरेक वर्ष भाईयों को राखी बांधने आती हूं। नवादा से राखी बांधने आईं खुशबू रानी ने कहा कि अहले सुबह ही वह भाईयों को राखी बांधने के लिए आई हूं।

### रक्षाबंधन पर कौआकोल में दिखा उत्साह, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

**कौआकोल।** सावन माह की पूर्णिमा के अवसर पर मनाया जाने वाला रक्षाबंधन का त्योहार कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल रही और राखी, मिठाई एवं पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। घरों में पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाई। कौआकोल बाजार सहित प्रखंड के विभिन्न गांवों में रक्षाबंधन को लेकर उत्सवी माहौल रहा।

# फुलवरिया डैम की सुरक्षा को मिलेगी मजबूती, 36 बोरिंग के साथ बनेगा कंट्रोल रूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया जलाशय डैम की सुरक्षा को लेकर सिंचाई विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। डैम में पानी के सीपेज की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता बनाने के लिए डैम परिसर में 36 बोरिंग कराने के साथ-साथ पीजोमीटर और कंट्रोल रूम का निर्माण कराया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डैम की मजबूती और सुरक्षा के लिए अंदरूनी स्थिति पर लगातार नजर रखना जरूरी है। इसी उद्देश्य से यह पहल की गई है। पीजोमीटर के माध्यम से डैम के अंदर जल दबाव और जलस्तर से जुड़ी सटीक जानकारी मिल सकेगी। वहीं, डैम परिसर में बनने वाले कंट्रोल रूम में इन सभी आंकड़ों की 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था होगी। इससे किसी भी तरह की असामान्य स्थिति या सीपेज की समस्या का समय रहते पता लगाकर त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। इस कार्य की जिम्मेदारी सिमकॉन कंपनी को दी गई है। कंपनी के जूनियर इंजीनियर जे के सिंह ने बताया कि डैम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चिन्हित 36 स्थानों पर बोरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बोरिंग के साथ पीजोमीटर की स्थापना और कंट्रोल रूम का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। करीब डेढ़ महीने में सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। काम पूरा होने के बाद डैम की सुरक्षा निगरानी व्यवस्था पहले की तुलना में काफी बेहतर और तकनीकी रूप से सुदृढ़ हो जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार फुलवरिया जलाशय डैम में पानी के सीपेज को लेकर लंबे समय से सुरक्षा की दृष्टि से निगरानी की मांग की जा रही थी। बरसात के मौसम में डैम के आसपास के इलाकों में पानी रिसाव को लेकर चिंता भी जताई जाती थी। इसी को देखते हुए सिंचाई विभाग ने यह तकनीकी व्यवस्था शुरू की है। 36 बोरिंग, पीजोमीटर और कंट्रोल रूम तैयार होने के बाद डैम की स्थिति पर वैज्ञानिक तरीके से नजर रखी जा सकेगी। इससे न सिर्फ डैम की आयु बढ़ेगी, बल्कि नीचे बसे गांवों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। विभाग और कंपनी की निगरानी में कार्य तेजी से चल रहा है। अधिकारियों ने भरोसा जताया है कि निर्धारित समय सीमा के अंदर इसे पूरा कर लिया जाएगा। स्थानीय स्तर पर भी इस कार्य की सराहना हो रही है।

# नगर निगम चलाएगा अतिक्रमण मुक्त विशेष अभियान

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए बिहारशरीफ नगर निगम ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त के निर्देशन में चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत शहर में सड़क, नाला और स्ट्रीट लाइन के आगे किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया जाएगा। नगर निगम के अनुसार, मकान व भवन का सड़क की ओर निकला हुआ हिस्सा, दुकानदारों द्वारा स्ट्रीट लाइन के आगे सड़क पर किया गया अतिक्रमण तथा ठेला आदि लगाकर किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नाला और सड़क पर किए गए अन्य सभी प्रकार के अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।अतिक्रमण हटाने के साथ संबंधित अतिक्रमणकारियों से नियमानुसार दंड राशि की वसूली की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए नगर निगम स्तर पर विशेष टीम का गठन किया जाएगा। टीम में पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध रहेंगे।नगर निगम ने अभियान शुरू होने से पहले शहर के सभी अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वे अपने स्तर से किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को स्वयं हटा लें। नगर निगम ने कहा है कि अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ अभियान को सफल और सकारात्मक बनाने में शहरवासियों का सहयोग अपेक्षित है।

# बहन से राखी बंधवाने जा रहे भाई की सड़क दुर्घटना में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग गांव निवासी 22 वर्षीय रोहित कुमार की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। रक्षाबंधन के अवसर पर बहन से राखी बंधवाने जा रहे रोहित की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोहित कुमार बिहारशरीफ में रहकर जूस बेचकर अपना जीवन बसर करता था। उसके पिता धर्मेन्द्र साव एवं माता का पूर्व में ही निधन हो चुका है। बताया जाता है कि रक्षाबंधन के अवसर पर बहन से राखी बंधवाने के लिए रोहित शुक्रवार को बिहारशरीफ से बाइक पर सवार होकर लखीसराय जा रहा था। इसी दौरान शेखपुरा मार्ग पर एक दूसरे वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे आनन-फानन में बिहारशरीफ के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सावन पूर्णिमा पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** सावन पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, फूल, धतूरा आदि अर्पित किए और सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। प्रखंड के रानीबाजार स्थित शिव पर्वत मंदिर में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। वहीं महादेव मठ भोरमबाग, एकदण्ड महादेव सोखोदेवरा, बम्बेश्वरनाथ मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। सावन पूर्णिमा को लेकर मंदिरों में विशेष साफ-सफाई के साथ आकर्षक साज-सज्जा की गई थी। पूरे दिन मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण क्षेत्र में धार्मिक एवं उत्सवी माहौल बना रहा। सावन पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों ने भगवान शिव की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

# वृक्ष को रक्षा सूत्र बांध अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के पवित्र पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया जी में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। उन्होंने वृक्ष को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक मानते हुए उसकी रक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वृक्ष भी हमारे परिवार के सदस्य की तरह हैं जिस प्रकार भाई अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है, उसी प्रकार आज हमें भी पेड़-पौधों और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, फल, छाया और पर्यावरण का संतुलन प्रदान करते हैं। इसलिए वृक्षों की रक्षा करना मानव जीवन की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने वाला पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपने दायित्व का भी बोध कराता है। यदि हम आज एक-एक वृक्ष को अपना भाई या बहन मानकर उसकी रक्षा का संकल्प लें और अधिक से अधिक पौधे लगाएं तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और स्वस्थ पर्यावरण उपलब्ध करा सकते हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के विशेष अवसरों–जन्मदिन, विवाह, पर्व-त्योहार और अन्य महत्वपूर्ण दिनों पर पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आइए इस रक्षाबंधन पर हम भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के साथ प्रकृति के साथ भी रक्षा का रिश्ता जोड़ें और 'वृक्ष बचाएं–जीवन बचाएं' का संकल्प लें। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वस्थ और समृद्ध बिहार के निर्माण के लिए पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और व्यापक स्तर पर पौधारोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रकृति सुरक्षित होगी, तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा और बिहार विकसित एवं समृद्ध बनेगा।

# महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए गया में उतरीं 'पुलिस दीदी'



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से बिहार सरकार ने राज्य में 4700 बाइक-स्कूटी उपलब्ध कराई है। इसी क्रम में गया जिले को 70 बाइक-स्कूटी मिली है जिन्हें हरी झंडी दिखाकर गया के एसएसपी सुशील कुमार ने पुलिस लाइन से रवाना किया। इस संबंध में एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि इन वाहनों से महिला पुलिसकर्मी और महिला पदाधिकारी 'पुलिस दीदी' के रूप में थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करेंगी। पुलिस दीदी स्कूल, कॉलेज, बाजार, मॉल और अन्य ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखेंगी जहां महिलाओं और छात्राओं का अधिक आवागमन होता है। इसके साथ ही सुनसान और संवेदनशील इलाकों में भी नियमित पेट्रोलिंग की जाएगी। छेड़छाड़, अभद्र टिप्पणी, हिंसा या अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दीदी लोगों को आपातकालीन सेवा 112 के प्रति भी जागरूक करेंगी। जरूरत पड़ने पर मौके पर पहुंचकर सहायता उपलब्ध कराने के साथ संबंधित थाना और 112 टीम को सूचना दी जाएगी। महिला पुलिसकर्मी स्कूल-कॉलेजों में पहुंचकर छात्राओं और शिक्षकों से संवाद करेंगी तथा सुरक्षा संबंधी समस्याओं की जानकारी लेंगी। गया में 70 बाइक-स्कूटी का वितरण हॉटस्पॉट और थाना क्षेत्र की जरूरत के आधार पर किया गया है। कुछ थाना क्षेत्रों को दो से तीन वाहन भी दिए गए हैं।

## रक्षाबंधन पर दो घरों में पसरा मातम, सड़क हादसे में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** रक्षाबंधन की खुशी दो परिवारों के लिए मातम में बदल गई। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे ददरेजी-रफीगंज मुख्य पथ पर पड़रावां मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के कड़सारा गांव निवासी धर्मेंद्र यादव (25) और कोंच थाना क्षेत्र के नेहोरा टोला, चिंतामण बिगहा निवासी शांतनु कुमार (18) के रूप में हुई है। धर्मेंद्र, प्रधाना गांव निवासी बनारसी यादव के दामाद थे और ससुराल से कोंच बाजार जा रहे थे। शांतनु, मनोज चंद्रवंशी के पुत्र थे और ददरेजी में नवनिर्मित घर में रह रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने शांतनु समेत तीन घायलों को सीएचसी कोंच पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने शांतनु को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों को गंभीर स्थिति में मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही दोनों गांवों में चीख-पुकार मच गई। बहनें हाथ में राखी लेकर भाइयों का इंतजार कर रही थीं। सूचना पर खजूरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पिंटू विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# वृक्षों को रक्षासूत्र बांध संरक्षण का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के तत्वावधान में रक्षाबंधन के अवसर पर गया वन प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न वन प्रक्षेत्रों में बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मोहरा, फतेहपुर, नवोदय विद्यालय जहानाबाद, अम्बेडकर छात्रावास भूसुंडा, प्रोजेक्ट कन्या विद्यालय इमामगंज, बुद्ध वाटिका पार्क पीपरघट्टी, डोभी में वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर आमजन को वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित वनकर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने वृक्षों को परिवार के सदस्य के समान मानते हुए उनकी सुरक्षा, देखभाल एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। रक्षासूत्र बांधने का यह भावपूर्ण कार्यक्रम प्रकृति और मानव के बीच अटूट संबंध तथा वृक्षों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक बना। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण के प्रहरी ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। वे वायु को शुद्ध करने, जलवायु को संतुलित रखने, मृदा एवं जल संरक्षण तथा जैव-विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए वृक्ष लगाना जितना आवश्यक है उससे कहीं अधिक आवश्यक है लगाए गए वृक्षों को जीवित रखना और उनकी सुरक्षा करना। वन विभाग द्वारा 'वृक्ष लगाएं, वृक्ष बचाएं और वृक्षों की सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाएं' का संदेश दिया गया। विद्यालयों, पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता से वृक्ष संरक्षण को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के वृक्षों की रक्षा करेंगे, अनावश्यक वृक्ष कटाई को रोकने में सहयोग करेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को वृक्ष संरक्षण के लिए प्रेरित करेंगे। वृक्षों को बांधा गया यह रक्षासूत्र केवल एक धागा नहीं, बल्कि प्रकृति की रक्षा और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वन विभाग ने आमजन से अपील की कि वृक्ष बचेंगे तो पर्यावरण बचेगा, पर्यावरण बचेगा तो हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।

## दिनदहाड़े दुकान से 60 हजार से भरा बक्सा चोरी, वारदात सीसीटीवी में कैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के भारत गैस एजेंसी के समीप स्थित रिद्धि-सिद्धि गल्ला भंडार से शुक्रवार सुबह दिनदहाड़े नकदी व महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरा बक्सा चोरी हो गया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित दुकानदार अरुण कुमार ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे उनकी पिकअप गाड़ी खराब हो गई थी। गया से बुलाए गए मिस्त्री को गाड़ी दिखाने के लिए वे दुकान से करीब 10 मीटर दूर सड़क किनारे गए थे। 10 मिनट बाद लौटे तो दुकान में रखा बक्सा गायब था। शुरू में उन्हें लगा कि किसी ने मजाक में बक्सा उठाकर बगल की गैस एजेंसी में रख दिया होगा, लेकिन वहां पता करने पर जानकारी नहीं मिली। इसके बाद दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई जिसमें एक युवक बक्सा उठाकर ले जाते हुए दिखा। पीड़ित के अनुसार बक्से में करीब 60 हजार रुपये नकद, दो एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, हस्ताक्षर किया हुआ दो चेक और डाकघर की दो पासबुक समेत अन्य कागजात थे। घटना को लेकर पीड़ित ने कोंच थाने में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने 50 से अधिक आमजनों की सुनीं समस्याएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आये कई फरियादियों को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने उनकी समस्याओं को सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 50 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

## बैजूधाम में श्रावणी मेला का समापन, मंत्री जीतन राम मांझी ने की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के केंद्र बैजूधाम, गुरुआ में शुक्रवार को श्रावणी मेला का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पहुंचे और बैजूधाम मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। केंद्रीय मंत्री ने मंदिर के गर्भगृह में धार्मिक विधि-विधान के साथ पूजा की। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय कुमार समेत कई गणमान्य लोग, बैजूधाम मंदिर समिति के सदस्य, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रावण मास के दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचे। श्रावणी मेला के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने पूरे सावन माह मेले के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देने वाले कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। समापन समारोह में मंदिर समिति एवं प्रशासन की ओर से मेले के सफल आयोजन को लेकर किए गए प्रयासों की भी प्रशंसा की गई। आयोजकों ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था को लेकर पूरे श्रावण माह विशेष ध्यान दिया गया। श्रावणी मेला के समापन के साथ बैजूधाम में इस वर्ष आयोजित सावन उत्सव का विधिवत समापन हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था और उत्सव का माहौल देखने को मिला।

## अनुमंडल कार्यालय परिसर में 20 दिव्यांगजनों को मिली इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत क्षेत्र के 20 दिव्यांगजनों के बीच इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने लाभुकों को इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल की चाबी सौंपी। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी नजर आई। लाभुकों ने कहा कि इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल मिलने से आवागमन में काफी सुविधा होगी। इससे वे शिक्षा, रोजगार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आसानी से आ-जा सकेंगे तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आधुनिक उपकरण मिलने से उनके दैनिक जीवन में सहूलियत बढ़ेगी। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। ट्राइसाइकिल मिलने पर लाभुकों ने सरकार और संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार जताया।

## शराब के आरोप में युवक गिरफ्तार

**गुरुआ (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी पिंटू कुमार को शराब के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि पिंटू कुमार के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह शराब के नशे में घर में शरारत कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 208_2026-27, 209_2026-27 एवं 210_2026-27, दिनांक 27.08.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा । क्रम सं. :1, ई-निविदा सं. 208_2026-27, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के अधीन एईएन/डानकुनी के अधिकार क्षेत्र के तहत भट्टानगर, जनाई रोड, डानकुनी (पैसेंजर लाइनों) पर फाउलिंग मार्क, मलबा निपटान, मार्ग का प्रावधान और जल निकासी कार्यों का सुधार, **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,64,97,656.29, **बयाना राशि:** रु. 7,30,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **समापन अवधि :** 12 माह। **क्रम सं. :2, ई-निविदा सं. 209_2026-27, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के अधीन एईएन/डानकुनी के अधिकार क्षेत्र के तहत डानकुनी (नॉन-पैसेंजर लाइनों) पर फाउलिंग मार्क, मलबा निपटान, मार्ग का प्रावधान और जल निकासी कार्यों का सुधार, **अनुमानित मूल्य :** रु. 9,94,77,765.43, **बयाना राशि:** रु. 19,89,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **समापन अवधि :** 12 माह। **क्रम सं. :3, ई-निविदा सं. 210_2026-27, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत एईएन/डानकुनी के अधीन पात्रता एवं निर्धारित सुगम्यता मानदंडों के अनुसार 20 स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान, **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,91,34,023.05, **बयाना राशि:** रु. 3,82,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 17.09.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-310/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## मुखिया ने पीड़ित परिवार को दिया कबीर अंत्येष्टि का लाभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू (गया)।** कनौसी पंचायत के मुखिया राजीव रंजन ने शुक्रवार को कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत मृतका के परिजनों को तीन हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। मुखिया ने बताया कि पंचायत के विजयपुर निवासी महादेव यादव की पत्नी फुलवा देवी (55) का निधन शुक्रवार को हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रही थीं। योजना की राशि मृतका के पुत्र अरविंद कुमार एवं प्रविंद्र कुमार को सौंपी गई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

## मलियाचक गांव में धूमधाम से मना रक्षाबंधन का पर्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आमस।** प्रखंड के महुआवां पंचायत अंतर्गत मलियाचक गांव में रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहन पूनम कुमारी ने अपने भाइयों अनिल कुमार, सुनील कुमार एवं सुबोध कुमार की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी सुख-समृद्धि और लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने भी बहन की रक्षा करने का संकल्प लिया और उपहार देकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान परिवार में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है जिसे पूरे परिवार ने प्रेमपूर्वक मनाया।

## न्यायमूर्ति विवेक चौधरी के अरवल आगमन पर जिला प्रशासन ने किया गरिमापूर्ण एवं आत्मीय स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विवेक चौधरी के अरवल आगमन के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा गरिमापूर्ण एवं आत्मीय स्वागत किया गया। न्यायमूर्ति के कार्यक्रम की सूचना प्राप्त होने के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की गईं तथा सुरक्षा, प्रोटोकॉल, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। न्यायमूर्ति के अरवल आगमन पर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक नवजोत सिमी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मानपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा न्यायमूर्ति के कार्यक्रम के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। न्यायमूर्ति के आगमन से जिला प्रशासन एवं न्यायिक व्यवस्था के बीच समन्वय तथा आपसी सहयोग की भावना को और सुदृढ़ता मिली। यह अवसर जिले के लिए गौरवपूर्ण रहा और इससे प्रशासनिक एवं न्यायिक संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा मिला।

## गया के दो पंचायत रोजगार सेवकों का प्रदेश संगठन में निर्विरोध निर्वाचन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गांधी मंडप में बिहार राज्य पंचायत रोजगार सेवक संघ, जिला इकाई गया की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले से प्रदेश संगठन में दो पंचायत रोजगार सेवकों के निर्विरोध निर्वाचन पर खुशी जताते हुए उनका जोरदार स्वागत किया गया। समारोह के दौरान कमलेश कुमार कमल को प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं देवबली कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए जाने पर जिला संगठन के सदस्यों व पंचायत रोजगार सेवकों ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। समारोह में संगठन के सदस्यों ने कहा कि दोनों पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचित होना पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि से जिले के पंचायत रोजगार सेवकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

# गया सेंट्रल जेल में रक्षाबंधन पर भावुक नजारा, भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के दौरान छलक पड़े आंसू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर गया सेंट्रल जेल में भाई-बहन के प्रेम और भावनाओं से जुड़ा बेहद मार्मिक नजारा देखने को मिला। अपने कैदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में बहनें जेल परिसर पहुंचीं। लंबे इंतजार के बाद जब उन्हें भाइयों से मिलने और राखी बांधने का मौका मिला तो माहौल भावुक हो गया। राखी बांधने के दौरान कई बहनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। लंबे समय बाद भाई को सामने देखकर उनकी भावनाएं आंसुओं के रूप में बाहर आ गईं। वहीं, भाइयों के चेहरों पर भी बहनों से मिलने की खुशी और भावुकता साफ नजर आई। रक्षाबंधन के दौरान सलाखों के बीच भाई-बहन के रिश्ते का गहरा स्नेह देखने को मिला। राखी बांधने के इस पल में प्यार, अपनापन और भावनाएं साफ दिखाई दीं। जेल की सीमाओं के बावजूद भाई-बहन के रिश्ते की डोर पहले की तरह मजबूत नजर आई।

**भावुक दृश्य देखकर कई लोगों की आंखें हुईं नम**

जेल परिसर में भाई-बहन के बीच स्नेह का यह दृश्य वहां मौजूद लोगों को भी भावुक कर गया। कई लोगों की आंखें नम हो गईं। रक्षाबंधन के इस मौके पर यह एहसास हुआ कि रिश्तों की भावनाएं सलाखों की सीमाओं से भी परे होती हैं।

## सैकड़ों महिलाओं ने मेयर-पूर्व डिप्टी मेयर को माना भाई, राखी बांधकर मांगी उनकी लंबी उम्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राय काशीनाथ मोड़ स्थित एक निजी होटल में विमेन विंग्स ऑफ सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान गया नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान व पूर्व डिप्टी मेयर ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों महिलाओं ने मेयर गणेश पासवान व पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव को भाई मानते हुए उनकी कलाई पर राखी बांधी। कुछ ही देर में दोनों की कलाइयां रंग-बिरंगी राखियों से सज गईं। महिलाओं ने उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखी व दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर मेयर गणेश पासवान ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, प्रेम व विश्वास का पर्व है। इतनी बड़ी संख्या में बहनों द्वारा राखी बांधकर दिया गया स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए भावुक और यादगार क्षण है। पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि बहनों के प्रति सम्मान, सुरक्षा व जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने का दिन भी है।

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत एफएसएलआर को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली ट्रेन नं. 13025 में एफएसएलआर और ट्रेन नं. 13025/26 में आरटीवीपी की लीजिंग हेतु आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई-नीलामी के लिए बोली ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-9ए। **कम्पार्टमेंट :** ट्रेन नं. 13025 में एफएसएलआर और ट्रेन नं. 13025/26 में आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 09.09.2026, 15.00 बजे।

HWH-312/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# स्त्री अपमान पर वोट भारी!

कर्नल सोफिया कुरैशी अपमान मामले में मप्र सरकार ने रवैया अपनाया है, उसका निहितार्थ यही है कि देश में महिला आरक्षण की पैरवी करने वाली भाजपा और मप्र सरकार के लिए नारी अपमान से ज्यादा महत्वपूर्ण आदिवासी वोट हैं, भले ही इसके लिए उसे कितनी भी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी। सभी की निगाहें इस बात की ओर लगी थीं कि विवादित बयान देने वाले जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह के खिलाफ केस चलाने की मप्र की मोहन यादव सरकार मंजूरी देती है या नहीं। लेकिन मंगलवार को हुई यादव कैबिनेट की बैठक में सरकार ने शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं देने की अनुशंसा करते हुए गेंद राज्यपाल के पाले में खिसका दी है। खास बात यह है कि यह निर्णय लेने से पहले कैबिनेट की बैठक से चंद वरिष्ठ अधिकारियों को छोड़कर बाकी के अफसरों को बैठक से बाहर जाने को कहा गया। गौरतलब है कि मंत्री शाह के खिलाफ यह मामला मई 2025 में महू के एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। विवाद बढ़ने के बाद मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई। एसआईटी ने जांच पूरी करने के बाद शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी। मामले में अभियोजन स्वीकृति का फैसला लंबे समय से लंबित था। सुप्रीम कोर्ट ने 19 जनवरी 2026 को राज्य सरकार को इस पर निर्णय लेने को कहा था। इसके बाद मई में भी अदालत ने सरकार की देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए चार सप्ताह में फैसला लेने के निर्देश दिए थे। जानकारों  अब इस मामले में अगली अहम तारीख 31 अगस्त है। सुप्रीम कोर्ट में इसी दिन सुनवाई प्रस्तावित है। इस मामले में कोर्ट ने केस दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। लेकिन कैबिनेट में अपने फैसले से पहले तर्क दिया गया कि चूंकि मंत्री इस मामले में तीन बार मामले में सार्वजनिक माफी मांग चुके हैं। कैबिनेट का निर्णय राज्यपाल को भेजा जाएगा। राज्यपाल के स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बताया जाता है कि इसके पहले एटॉर्नी जनरल की राय भी ली गई। कैबिनेट के फैसले के संदर्भ में मीडिया ने पूछा तो पीडब्लयूडी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह कैबिनेट के एजेंडे में नहीं था। हालांकि इस मुद्दे चर्चा से पहले मंत्री शाह को भी बाहर बिठा दिया गया था। अब आगे निर्णय राज्यपाल को लेना है। लेकिन उनके आगे भी धर्म संकट की स्थिति है। क्योंकि  राज्यपाल भी आदिवासी समुदाय से आते हैं और जिस मंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी उन्हें देनी है, वो भी आदिवासी हैं। राज्यपाल यूं तो कानूनी सलाह के बाद ही फैसला करेंगे, वो राज्य सरकार की सिफारिश के खिलाफ कोई फैसला करेंगे, इसकी संभावना बहुत कम है। क्योंकि राज्यपाल उसी पार्टी से सम्बन्धित रहे हैं, जो मध्यप्रदेश में सत्तासीन हैं। अगर राज्यपाल कैबिनेट के फैसले को ही आगे बढ़ाते हैं तो इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रूख क्या होगा, यह देखने की बात है। क्या सुप्रीम कोर्ट स्वतः अभियोजन चलाने का आदेश देगा अथवा नहीं, यह बड़ा सवाल है। इससे भी बड़ा सवाल यह है कि सरकार मंत्री शाह को क्यों बचा रही है? इसका जवाब यही है कि शाह आदिवासी हैं और राज्य में आदिवासी वोटरों की बड़ी संख्या है। सरकार को लगता है कि शाह पर कार्रवाई आदिवासी समुदाय में गलत संदेश देगी। लेकिन नैतिकता की दृष्टि से यह सोच गलत और अवैधानिक है।

# महंगी चीनी और नीतिगत समस्याएं

**सबसे बड़ा कारण गन्ने की फसल का एक बड़ा हिस्सा एथेनॉल उत्पादन की ओर मोड़ा जाना बताया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने की नीति अपनाई है, जिसके तहत गन्ने के रस, सिरप और मोलासेस से बड़े पैमाने पर एथेनॉल तैयार किया जा रहा है। इस मौजूदा सीजन में गन्ने से जितनी चीनी बननी थी, उसमें से एक बड़ा हिस्सा एथेनॉल संयंत्रों में चला गया, जिससे बाजार में उपलब्ध चीनी की मात्रा घट गई।**

**विपक्षी दलों का आरोप है कि यही एथेनॉल नीति चीनी की मौजूदा किल्लत और महंगाई की असली वजह है, जबकि सरकार का कहना है कि संकट के पीछे केवल एथेनॉल डायवर्जन नहीं बल्कि कई और कारक भी जिम्मेदार हैं। इन अतिरिक्त कारकों में सबसे अहम है मौसम की मार। पिछले साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की देरी से वापसी के चलते महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात जैसे प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में फसल को भारी नुकसान पहुँचा।**

त्योहारों की दस्तक के साथ ही रसोई की मिठास पर महंगाई का ग्रहण लग गया है। चीनी की कीमतों में आया उछाल केवल बाजार का उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि नीति, मौसम और वैश्विक हालात के जटिल गठजोड़ का परिणाम है। गणेश चतुर्थी, दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों की दस्तक के साथ ही देशभर की रसोई में इस्तेमाल होने वाली चीनी की कीमतों में तेज उछाल देखा जा रहा है। मिल स्तर पर दाम लगभग साढ़े पाँच हजार रुपये प्रति क्विंटल के आसपास पहुँच गए हैं, जबकि खुदरा बाजार में पिछले साल की तुलना में करीब तेरह फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है। सवाल यह है कि आखिर वह कौन-सी वजहें हैं जिनके चलते इस बार त्योहारों से पहले ही चीनी आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगी है और क्यों सरकार को आयात तक का रास्ता तलाशना पड़ रहा है।

इस संकट की जड़ में सबसे बड़ा कारण गन्ने की फसल का एक बड़ा हिस्सा एथेनॉल उत्पादन की ओर मोड़ा जाना बताया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को बढ़ावा देने की नीति अपनाई है, जिसके तहत गन्ने के रस, सिरप और मोलासेस से बड़े पैमाने पर एथेनॉल तैयार किया जा रहा है। इस मौजूदा सीजन में गन्ने से जितनी चीनी बननी थी, उसमें से एक बड़ा हिस्सा एथेनॉल संयंत्रों में चला गया, जिससे बाजार में उपलब्ध चीनी की मात्रा घट गई। विपक्षी दलों का आरोप है कि यही एथेनॉल नीति चीनी की मौजूदा किल्लत और महंगाई की असली वजह है, जबकि सरकार का कहना है कि संकट के पीछे केवल एथेनॉल डायवर्जन नहीं बल्कि कई और कारक भी जिम्मेदार हैं। इन अतिरिक्त कारकों में सबसे अहम है मौसम की मार। पिछले साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की देरी से वापसी के चलते महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात जैसे प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में फसल को भारी नुकसान पहुँचा। अत्यधिक



बारिश और उसके बाद जलभराव वाले खेतों में धूप और हवा की कमी के कारण गन्ने की बढ़वार प्रभावित हुई। नतीजा यह हुआ कि पहले जो अनुमान लगाए गए थे, उत्पादन उनसे काफी कम रहा। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े गन्ना उत्पादक राज्य में भी हालात कुछ बेहतर नहीं रहे और वहाँ भी उत्पादन पूर्व अनुमानों से पीछे छूट गया। इस तरह प्राकृतिक आपदा और नीतिगत फैसले दोनों मिलकर चीनी की उपलब्धता कम करने में भूमिका निभा रहे हैं।

आंकड़ों को देखें  तो चालू सीजन के शुरुआती अनुमान में गन्ना उत्पादक राज्यों ने करीब 343 लाख मीट्रिक टन चीनी उत्पादन का लक्ष्य रखा था। लेकिन इसमें से करीब चौंतीस लाख टन गन्ना एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल होने का अनुमान लगाया गया, जिससे शुद्ध चीनी उत्पादन घटकर करीब तीन सौ नौ लाख टन रह गया। बाद में उद्योग जगत के ताजा आकलन में यह आंकड़ा और नीचे खिसकता नजर आया, जिसमें एथेनॉल की ओर मुड़ने वाली मात्रा तीस लाख टन के आसपास आँकी गई और शुद्ध उत्पादन लगभग दो सौ उन्यासी लाख टन तक सिमट गया। जाहिर है, मांग और आपूर्ति के इस अंतर ने बाजार में दाम बढ़ने की जमीन तैयार कर दी। यह संकट सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। दुनिया में सबसे ज्यादा गन्ना उगाने वाला देश ब्राजील भी इसी तरह की चुनौती से जूझ रहा है। वहाँ भी सरकार और उद्योग गन्ने को एथेनॉल उत्पादन की ओर मोड़ रहे हैं, जिससे चीनी उत्पादन में करीब तीन फीसद तक की कमी आने की आशंका जताई जा रही है। यह गिरावट लाखों टन में आँकी जा रही है। ब्राजील के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में देर से हुई बरसात और तापमान में असामान्य बढ़ोतरी ने भी गन्ने की उपज पर बुरा असर डाला है। चूँकि ब्राजील वैश्विक चीनी बाजार में सबसे बड़ा खिलाड़ी माना जाता है, इसलिए वहाँ की सप्लाई घटने का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर भी पड़ रहा है।

इसी वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए भारत सरकार कच्ची चीनी के आयात पर विचार कर रही है, ताकि घरेलू बाजार में आपूर्ति बहाल की जा सके और त्योहारी मांग के दौरान कीमतों पर लगाम लगाई जा सके। साथ ही यह संभावना भी जताई जा रही है कि आगामी 2026-27 सीजन में सरकार चीनी मिलों को गन्ने के रस और बी-हैवी मोलासेस से सीधे एथेनॉल न बनाने का निर्देश दे सकती है, ताकि पहले घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो और उसके बाद ही एथेनॉल उत्पादन को प्राथमिकता दी जाए। यह कदम अगर लागू होता है तो आने वाले समय में चीनी उत्पादन में सुधार की उम्मीद बढ़ सकती है, हालांकि इससे एथेनॉल मिश्रण के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों पर असर पड़ना भी लाजिमी है। उद्योग जगत के जानकारों का मानना है कि गन्ने की घटती उत्पादकता भी एक गंभीर मुद्दा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि सरकार गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए कोई नई नीति लाना चाहती है, तो उसका असर आने में भी लंबा वक्त लगेगा, क्योंकि गन्ने की खेती और उसकी उपज बढ़ाने में कई महीनों का समय दरकार होता है। ऐसे में अल्पकाल में समाधान आयात और भंडार प्रबंधन जैसे उपायों से ही निकलने की उम्मीद है। कुछ जानकार यह भी मानते हैं कि कृत्रिम रूप से बाजार में कमी दिखाने और दाम बढ़ाने की प्रवृत्ति भी इस संकट को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने में भूमिका निभा रही है, यानी कुछ मिलों द्वारा जानबूझकर भंडार रोके जाने की भी आशंका जताई जा रही है, जिससे बाजार में कृत्रिम कमी का माहौल बनता दिख रहा है।

इस पूरे प्रकरण में एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना कितना जटिल हो सकता है। एक ओर देश पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता घटाने और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के लिए एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है, तो दूसरी ओर उसी गन्ने पर आधारित यह नीति घरेलू रसोई की जरूरतों से टकरा रही है। यही वजह है कि नीति निर्माताओं के सामने चुनौती केवल आंकड़ों की नहीं बल्कि प्राथमिकताओं के संतुलन की भी है, कि किस हद तक गन्ने का इस्तेमाल ईंधन के लिए हो और किस हद तक भोजन के लिए। आने वाले महीनों में चीनी की कीमतें त्योहारी मांग, मानसून की स्थिति, वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव और सरकार की एथेनॉल नीति में संभावित बदलावों पर निर्भर करेंगी। आम उपभोक्ता के लिए राहत तभी संभव होगी जब घरेलू उत्पादन में सुधार आए, आयात समय पर हो और नीतिगत स्तर पर खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के बीच बेहतर तालमेल बैठाया जाए। तब तक के लिए मिठास की यह महंगाई आम रसोई के बजट को कड़वा अनुभव कराती रहेगी।

अध्यात्म

## एक पल का अहंकार वर्षों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है

पौराणिक कथा है कि प्रजापति दक्ष का सभी देवताओं और ऋषि-मुनियों के बीच बहुत सम्मान था। वे प्रभावशाली और प्रतिष्ठित थे, लेकिन धीरे-धीरे उनके स्वभाव में अहंकार आने लगा। उन्हें अपने पद, प्रतिष्ठा और सम्मान पर बहुत गर्व हो गया था। एक दिन एक विशाल यज्ञ का आयोजन हुआ, उसमें सभी देवी-देवता और ऋषि-मुनि उपस्थित थे। यज्ञ स्थल पर प्रजापति दक्ष पहुंचे तो उन्हें देखकर वहां बैठे सभी लोग सम्मानपूर्वक खड़े हो गए। दक्ष यह देखकर बहुत प्रसन्न हुए। उन्हें लगा कि सभी लोग उनके पद और प्रतिष्ठा का सम्मान करते हैं।

तभी उनकी नजर भगवान शिव पर पड़ी। शिव जी आंखें बंद करके ध्यान में बैठे हुए थे और दक्ष के आने पर अपनी जगह से नहीं उठे। शिव जी, दक्ष की पुत्री सती के पति थे, इसलिए वे दक्ष के दामाद भी थे। दक्ष के मन में तुरंत क्रोध पैदा हो गया। उन्हें लगा कि शिव जी को उनके सम्मान में खड़ा होना चाहिए था।

अहंकार और क्रोध में दक्ष ने शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। शिव जी शांत रहे और उन्होंने दक्ष की बातों का कोई प्रतिकार नहीं किया, लेकिन वहां मौजूद नंदीश्वर से शिव जी का अपमान सहन नहीं हुआ। उन्होंने क्रोधित होकर दक्ष को शाप दे दिया।

नंदीश्वर के शाप से भृगु ऋषि भी क्रोधित हो गए और उन्होंने नंदी को शाप दे दिया। देखते ही देखते यज्ञ का शांत वातावरण विवाद और क्रोध में बदल गया। जिस यज्ञ का उद्देश्य शुभ कार्य और सभी के कल्याण के लिए था, वही अहंकार और अपमान के कारण बिगड़ गया।

यह प्रसंग हमें सीख देता है कि व्यक्ति कितना भी बड़ा, सम्मानित या सफल क्यों न हो, उसे विनम्रता नहीं छोड़नी चाहिए। एक क्षण का अहंकार वर्षों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए सफलता मिलने पर दूसरों का सम्मान करें और अपने व्यवहार में हमेशा नम्रता बनाए रखें।

### प्रसंग की सीख

हमारी सफलता में परिवार, मित्रों, सहकर्मियों और परिस्थितियों का भी योगदान होता है। इसलिए उपलब्धि मिलने पर दूसरों के सहयोग को स्वीकार करें।

### हर व्यक्ति का सम्मान करें

किसी व्यक्ति का पद, धन या प्रसिद्धि कम हो सकती है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि उसका सम्मान कम है। दूसरों को सम्मान देना हमारे संस्कारों की पहचान है।

# सच्चा आधुनिकीकरण होगा भारत की शक्ति


**आधुनिकीकरण का अर्थ है वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, पारदर्शिता, समान अवसर, संवैधानिक मूल्यों और मानव गरिमा को स्वीकार करना। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो समाज को अधिक सक्षम, अधिक न्यायपूर्ण और अधिक उत्पादक बनाती है। भारत का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि हमने सदैव नए विचारों का स्वागत किया है। शून्य की खोज से लेकर आयुर्वेद, योग और दर्शन तक, भारतीय सभ्यता ने दुनिया को अनेक ज्ञान परंपराएँ दी हैं। इसलिए आधुनिक बनने के लिए अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्यागना आवश्यक नहीं है। आवश्यकता केवल इतनी है कि हम अपनी परंपराओं का विवेकपूर्ण मूल्यांकन करें जो समाज के लिए उपयोगी है उसे आगे बढ़ाएँ और जो समय के अनुरूप नहीं है, उसे सुधारें।**

सी छोटे से गाँव की किराना दुकान पर ग्राहक दस रुपये का सामान खरीदता है या सड़कों पर पानी पुरी खाता है और भुगतान एक क्यूआर कोड स्कैन करके कुछ ही सेकंड में कर देता है। कुछ वर्ष पहले तक ऐसा कुछ काल्पनिक लगता था, लेकिन आज भारत में यह सामान्य व्यवहार है। यह परिवर्तन किसी विदेशी जीवनशैली की नकल से नहीं, बल्कि डिजिटल इंडिया, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से संभव हुआ है। यह उदाहरण बताता है कि आधुनिक बनने का अर्थ केवल पश्चिम जैसा दिखना नहीं, बल्कि समस्याओं का बुद्धिमत्तापूर्ण देशी समाधान विकसित करना है। फिर भी भारतीय समाज में एक भ्रम लगातार बना हुआ है आधुनिकता और पश्चिमीकरण को एक ही मान लेना। अंग्रेजी बोलना, पश्चिमी परिधान पहनना या विदेशी जीवनशैली अपनाना अक्सर आधुनिकता का पर्याय समझ लिया जाता है। जबकि वास्तविक प्रश्न यह है कि हम कैसे सोचते हैं, कैसे निर्णय लेते हैं और समाज के प्रति हमारी दृष्टि क्या है। आधुनिकीकरण का अर्थ है वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, पारदर्शिता, समान अवसर, संवैधानिक मूल्यों और मानव गरिमा को स्वीकार करना। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो समाज को अधिक सक्षम, अधिक न्यायपूर्ण और अधिक उत्पादक बनाती है। भारत का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि



हमने सदैव नए विचारों का स्वागत किया है। शून्य की खोज से लेकर आयुर्वेद, योग और दर्शन तक, भारतीय सभ्यता ने दुनिया को अनेक ज्ञान परंपराएँ दी हैं। इसलिए आधुनिक बनने के लिए अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्यागना आवश्यक नहीं है। आवश्यकता केवल इतनी है कि हम अपनी परंपराओं का विवेकपूर्ण मूल्यांकन करें जो समाज के लिए उपयोगी है उसे आगे बढ़ाएँ और जो समय के अनुरूप नहीं है, उसे सुधारें। आज तकनीक इस अंतर को सबसे स्पष्ट रूप से सामने लाती है। यदि कोई किसान मोबाइल ऐप के माध्यम से मौसम की जानकारी लेकर अपनी फसल बचाता है, कोई छात्र ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करता है, कोई डॉक्टर टेलीमेडिसिन के माध्यम से दूर-दराज के मरीजों का उपचार करता है, या कोई स्टार्टअप कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके नई सेवाएँ विकसित करता है, तो यह आधुनिकीकरण है। तकनीक यहाँ जीवन की गुणवत्ता सुधारने और पारदर्शी का माध्यम बनती है। इसके विपरीत, यदि तकनीक केवल दिखावे, उपभोग और सामाजिक प्रतिस्पर्धा का साधन बन जाए-तो यह आधुनिकता का नहीं, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति का संकेत है। सोशल मीडिया ने अभिव्यक्ति के नए अवसर दिए हैं, लेकिन उसी ने तुलना, दिखावे और कृत्रिम सफलता की संस्कृति को भी बढ़ावा दिया है। आज कई युवा अपनी पहचान अपने ज्ञान, कौशल या चरित्र से अधिक डिजिटल छवि के आधार पर बनाने में लगे हैं। यह प्रवृत्ति चिंताजनक है, क्योंकि समाज का वास्तविक विकास बाहरी प्रदर्शन से नहीं, बल्कि आंतरिक क्षमता से होता है। भारतीय अनुभव यही बताता है। शिक्षा के क्षेत्र में भी यही अंतर दिखाई देता है। यदि कोई विद्यार्थी अंग्रेजी इसलिए सीखता है कि वह वैश्विक ज्ञान और अवसरों तक पहुँच सके, तो यह आधुनिक सोच है। लेकिन यदि वही विद्यार्थी अपनी मातृभाषा को हीन समझने लगे, तो यह आत्मविश्वास और सांस्कृतिक असुरक्षा का संकेत है। आज विश्व के विकसित देशों जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी और फ्रांस ने यह सिद्ध किया है कि अपनी भाषा और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए भी वैश्विक नेतृत्व किया जा सकता है। उन्होंने आधुनिकता को अपनाया, लेकिन अपनी अस्मिता नहीं छोड़ी। सौभाग्य से भारत ने पिछले एक दशक में अनेक ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, जो इस संतुलन को दर्शाते हैं। डिजिटल भुगतान प्रणाली, आधार आधारित सेवाएँ, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल स्वास्थ्य मिशन और नई शिक्षा नीति जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि आधुनिकता का भारतीय मॉडल तैयार किया जा सकता है। इन पहलों का उद्देश्य केवल तकनीकी बदलाव लाना नहीं, बल्कि शासन को अधिक पारदर्शी, समावेशी और नागरिक-केंद्रित बनाना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिकता की सही परिभाषा को समझें। आधुनिकता का अर्थ पश्चिम का विरोध करना भी नहीं है और उसका अंधानुकरण करना भी नहीं। विज्ञान, तकनीक, अनुसंधान, प्रबंधन, नवाचार और अच्छी प्रशासनिक व्यवस्थाएँ जहाँ से भी मिलें, उन्हें खुले मन से अपनाना चाहिए। लेकिन साथ ही अपनी भाषा, परिवार व्यवस्था, सामाजिक संवेदनशीलता, सांस्कृतिक विविधता और नैतिक मूल्यों को भी उतना ही महत्व देना होगा। महात्मा गांधी का यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है 'मैं चाहता हूँ कि मेरे घर की खिड़कियाँ सभी दिशाओं से आने वाली हवाओं के लिए खुली रहें, परंतु मैं नहीं चाहता कि वे हवाएँ मुझे मेरी जड़ों से उखाड़ दें।' यही भारत के विकास का सबसे संतुलित दर्शन है। हमें दुनिया से सीखना जरुर है, दुनिया की नकल नहीं करनी है। भारत की यही परंपरा रही है। भारत आज विश्व की सबसे युवा आबादी वाले देशों में है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नवाचार के क्षेत्र में हमारे सामने अभूतपूर्व अवसर हैं। यदि हम वैज्ञानिक सोच, उत्कृष्ट शिक्षा, तकनीकी कौशल और संवैधानिक मूल्यों को अपनाते हुए अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें, तो भारत केवल आधुनिक राष्ट्र ही नहीं, बल्कि ऐसा वैश्विक उदाहरण बन सकता है जहाँ परंपरा और प्रगति साथ-साथ चलती हैं। यहां प्रश्न यह है कि क्या भारत अपने मूल्यों, अपनी पहचान और अपनी बौद्धिक शक्ति के आधार पर 21वीं सदी का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो रहा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बचत पर ध्यान देना होगा। वहीं दफ्तर में जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। आज आप बचत करने, पुराने भुगतानों को निपटाने और भविष्य के लक्ष्यों को तय करने पर ध्यान देंगे।

**वृषभ**
आज बजट की समझ और दफ्तर में प्रशंसा मिलेगी। पैसों की योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। आपको साफ दिखेगा कि आपका पैसा कहां जा रहा है।

**मिथुन**
आज नई सोच से कमाई और ध्यान केंद्रित काम पर रहेगा।आज धन से जुड़े विचारों पर तुरंत कदम उठाने का मन करेगा।

**कर्क**
आज सोच को मजबूत करेगी। आप आर्थिक स्थिरता बनाने को लेकर आश्वस्त महसूस करेंगे। छोटे खर्चों पर भी नजर बनाए रखें ताकि वे बाद में भारी न पड़ें।

**सिंह**
आज आर्थिक फैसलों में संतुलन और दफ्तर में पहचान मिलेगी। आज पैसों के फैसलों में भरोसा रहेगा। पर मन में कभी-कभी असमंजस आ सकता है।

**कन्या**
आज खर्चों की समीक्षा और काम में सटीकता रहेगी। पैसों की आदतों को ध्यान से देखने की सीख देते हैं। आप उन जगहों को पहचान पाएंगे जहां पैसे बचाए जा सकते हैं।

**तुला**
आज व्यवस्थित बजट और संपर्क से अवसर मिलेगी। आज आक्रामक फैसलों के बजाय बजट को संभालना ज्यादा सही रहेगा।

**वृश्चिक**
आज अनुशासन के साथ विकास और पेंडिंग काम करेंगे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले लेते समय अपनी भावनाओं और दूसरों के दबाव को खुद पर हावी न होने दें।

**धनु**
आज कमाई के नए रास्ते और संभलकर बातचीत का दिन है। आप कमाई के रास्ते बढ़ाने के बारे में सोच सकते हैं। तुरंत फैसला लेने के बजाय पहले पूरी जानकारी जुटाना सही रहेगा।

**मकर**
आज बचत का हिसाब और निष्ठा से पहचान मिलेगी। वित्तीय सुरक्षा आपके मन में मुख्य रहेगी। बचत, देनदारियों और आगे के लक्ष्यों को देखने का यह सही समय है।

**कुंभ**
आज तथ्यों की पुष्टि और समझदारी भरी योजना रहेगी।तेजी से कमाई बढ़ाने का मन करेगा। लुभाने वाले वादों से सावधान रहें।

**मीन**
आज पुरानी वित्तीय आदतों को सुधारने की सलाह देते हैं। रुकी हुई जिम्मेदारियों पर ध्यान देना होगा। घबराने के बजाय स्थिति को समझकर सही योजना बनाएं और

## संक्षिप्त समाचार

### शिल्पी ठाकुर को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने वाले नंदवंशी चेतना मंच ने संगठन को मजबूत करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद नंदवंशी ने बिहार प्रदेश के लिए नई महिला प्रदेश अध्यक्ष शिल्पी ठाकुर को मनोनीत किया है। मनोनयन पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शिल्पी ठाकुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद नंदवंशी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमारे राजनीतिक गुरु भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर ही हमारे आदर्श हैं और यह मनोनयन उन्हीं का आशीर्वाद है। मैं इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाऊंगी।उन्होंने कहा कि नंदवंशी चेतना मंच कोई राजनीतिक दल या राजनीतिक मंच नहीं है। यह एक सामाजिक मंच है जो समाज के सबसे पिछड़े, अतिपिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को एकजुट करने और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने का काम करता है।



### औंटा पंचायत में अब भी जलजमाव से परेशानी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा का जलस्तर पिछले तीन दिनों से लगातार घट रहा है, लेकिन मोकामा प्रखंड की औंटा ग्राम पंचायत में बाढ़ का असर अब भी गंभीर बना हुआ है। पंचायत के कई इलाकों में चारों ओर पानी जमा होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जंजीरा दियारा पूरी तरह बाढ़ की चपेट में है। वहीं कसहा दियारा में क्षतिग्रस्त मुख्य सड़क की मरम्मत कर दिए जाने से लोगों को कुछ राहत मिली है। औंटा पंचायत भवन और स्वास्थ्य उपकेंद्र तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है, क्योंकि इन स्थानों के चारों ओर पानी भरा हुआ है।पंचायत के रामटोला स्थित खेल मैदान में भी पूरी तरह पानी भर गया है। इसके अलावा सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न होने से किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। खेतों में पानी जमा रहने के कारण पशुओं के लिए चारे की किल्लत भी बढ़ गई है।ग्रामीणों का कहना है कि गंगा का जलस्तर घटने के बावजूद पंचायत के निचले इलाकों में जलजमाव बना हुआ है। पानी निकलने में समय लगने के कारण सामान्य जनजीवन अभी पटरी पर नहीं लौट सका है।



### शराब पीकर हंगामा कर रहे चार गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के बावजूद शराब पीकर हंगामा करने वालों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में लहसुना पुलिस ने उसमानचक गांव में सड़क पर शराब के नशे में हंगामा कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों की राहुल कुमार उम्र 25 वर्ष, पिता घमण्डी बिन्द, गांव - गणेश टोला,पंकज कुमार उम्र 22 वर्ष, पिता अवधेश दास,दीनानाथ ठाकुर उम्र 38 वर्ष, पिता श्री कृष्ण ठाकुर,अरुण कुमार उम्र 30 वर्ष, पिता रामचन्द्र साव, गांव - धनकी पर केवड़ा, है।बताया जाता है कि चारों आरोपी शराब के नशे में सड़क पर हंगामा कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों को पकड़ा और ब्रेथ एनालाइजर से जांच की, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई।पुलिस ने चारों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लिया है।

### छेड़खानी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बीर स्थित फन सिटी वाटर पार्क में 12 वर्षीय किशोरी से छेड़खानी और विरोध करने पर उसके नाबालिग भाइयों की पिटाई के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक और नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भखरी गांव निवासी अमित कुमार पिता दहील राम के रूप में हुई है। बता दें कि बीते 7 जून को मसौढ़ी के एक गांव की 12 वर्षीय किशोरी अपने चार नाबालिग भाइयों के साथ बीर स्थित फन सिटी वाटर पार्क गई थी। आरोप है कि स्नान के दौरान वहां पहले से मौजूद स्थानीय युवकों ने किशोरी के साथ पानी में ही छेड़खानी की थी, विरोध करने पर एक युवक ने किशोरी को गोद में उठाकर पानी के नीचे ले जाकर छेड़खानी की। जब किशोरी के भाइयों ने विरोध किया तो आरोपियों ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। पार्क से निकलते समय गेट पर घेरकर दोबारा उनकी जमकर पिटाई की गई।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से मौके से दो आरोपियों भखरी गांव के दीपक कुमार और मनीष कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ में उन्होंने अपने अन्य साथियों के नाम बताए थे। अन्य आरोपियों की पहचान भखरी गांव के ही राजू कुमार, हर्ष कुमार, गुलशन कुमार एवं अमित कुमार के रूप में हुई थी, जो घटना के बाद से फरार चल रहे थे।पुलिस ने छापेमारी कर फरार आरोपियों में से अमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।


### आठ पियक्कड़ों को किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब पीने और बेचने वालों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मसौढ़ी पुलिस ने छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रवीण कुमार उम्र 30 वर्ष, पिता विमल सिंह, घर खरौना, थाना भगवानगंज,राहुल कुमार उम्र 31 वर्ष, पिता राजेंद्र प्रसाद सिंह,सौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष, पिता सुभाष मालाकार, घर तुलसीचक, अमन राज उम्र 28 वर्ष, पिता शैलेंद्र कुमार, घर भगवानपुर,अमित कुमार उर्फ कृष्ण मोहन सिंह उम्र 28 वर्ष, पिता बृज मोहन सिंह, घर भगवानपुर,सतेंद्र कुमार उम्र 40 वर्ष, पिता राजू प्रसाद,सुभाष कुमार उम्र 42 वर्ष, पिता वीरेंद्र नारायण सिंह, घर भगवानपुर,अजीत कुमार उम्र 28 वर्ष, पिता स्व. अभय सिंह, घर भगवानपुर,है।पुलिस ने सभी आरोपियों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद सभी के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



### लक्ष्मी चक देवी स्थान में भक्ति भाव से संपन्न हुई वार्षिक पूजा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की हथियाकन पंचायत स्थित लक्ष्मी चक गांव में वार्षिक (सालाना) पूजा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। गांव के प्रसिद्ध देवी स्थान पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ग्रामीणों ने एकत्र होकर मां भगवती की विशेष आरती की, प्रसाद चढ़ाया और गांव की सुख, शांति तथा खुशहाली की मन्नतें मांगी। देवी स्थान में मुख्य पूजा-अर्चना और संकल्प संपन्न होने के बाद पूरे गांव में एक भव्य भ्रमण (शोभायात्रा) का आयोजन किया गया। इस दौरान गाजे-बाजे और मां के जयकारों के साथ ग्रामीण पूरे गांव में घूमे, जिससे पूरे लक्ष्मी चक का माहौल भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक आयोजन में युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूजा और गांव भ्रमण के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।



### तारतर गांव में दो पक्षों के बीच गोलीबारी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के कररा गांव में गुरुवार देर शाम दो पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी की घटना से इलाके में तनाव फैल गया। ग्रामीणों के अनुसार, खेत में भैंस चराने को लेकर दिन में विवाद हुआ था। आरोप है कि शाम को बड़ी संख्या में लोग करा गांव की ओर पहुंचे और वहां अंधाधुंध फायरिंग करने लगे।गोलीबारी की घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह सुरक्षित स्थानों पर पहुंचकर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों का दावा है कि करीब 15 से 20 राउंड फायरिंग की गई। हालांकि, पुलिस ने फायरिंग की सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। गोलीबारी के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने गोली चलने की घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस घटना में शामिल लोगों की पहचान और गोलीबारी के कारणों की जांच कर रही है।

# मिनी गन फैक्ट्री में बनते थे हथियार के पार्ट्स, पुनपुन पुलिस ने किया उद्भेदन

**लेथ मशीन समेत 25 प्रकार के उपकरण बरामद, एक गिरफ्तार**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुनपुन थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक ग्रील दुकान में चल रही मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए हथियार बनाने के उपकरण, लेथ मशीन और एक अर्धनिर्मित देसी कट्टा बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका पुत्र फरार है। मामले में डीएसपी-2 कन्हैया कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मरॉची निवासी महेन्द्र मिस्त्री पिता स्व. रामखेलावन मिस्त्री अपने घर स्थित ग्रिल की दुकान में छिपकर अवैध हथियार का निर्माण कर बिक्री करता है।सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर दिवा गस्ती में निकले सअनि उमेश कुमार सिंह यादव एवं सशस्त्र बल के साथ उक्त दुकान पर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दुकान से अवैध हथियार बनाने में उपयोग होने वाले भारी मात्रा में उपकरण बरामद हुए बरामद सामानों में एक अर्धनिर्मित देशी कट्टा, एक लेथ मशीन, दो वाइस मशीन, एक हथौड़ी, 10 पीस रिंग रिंच, 9 पीस डायल रिंच, 30 पीस ग्रिल बीट, छोटी-बड़ी रेती, पेंचकस, छेनी, वेल्डिंग रॉड, डाई सेट, बरनियर, बैरल पाइप सहित कुल 25 प्रकार के उपकरण शामिल हैं। पुलिस ने सभी सामानों को जप्त कर महेन्द्र मिस्त्री को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसका पुत्र सूरजमल मिस्त्री फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष बेबी कुमारी, पुअनि अभिषेक कुमार, सअनि उमेश कुमार सिंह यादव, सअनि बादल कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# मसौढ़ी के नदौल में राखी बांधने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**भाइयों की कलाई रह गई सूनी**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मसौढ़ी के नदौल में एक दर्दनाक हादसा हो गया। अपने भाइयों को राखी बांधने जा रही एक 65 वर्षीय महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे पकरी गांव में मातम पसर गया। मृतका की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकरु गांव निवासी स्व. सहजानंद प्रसाद की पत्नी विनेश्वरी देवी उम्र 65 वर्ष के रूप में हुई है।घटना शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे की है। बताया जा रहा है कि विनेश्वरी देवी का मायका बेर्रा पंचायत के बीबीपुर गांव में है, जहां उनके तीन भाई बिनय यादव, बल्ली यादव सहित अन्य रहते हैं। वह रक्षाबंधन पर अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए नदौल के रास्ते बीबीपुर जा रही थीं। इसी दौरान नदौल बाजार में मिठाई लेने के लिए वह सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक बेकाबू अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जब इस हादसे की खबर उनके भाइयों को मिली तो वे रो पड़े। रक्षाबंधन के दिन ही उनकी कलाइयां सूनी रह गईं। शव के पकड़ी गांव पहुंचते ही हर किसी की आंखें नम हो गईं। मसूरी थाना क्षेत्र के दो गांव में इस घटना को लेकर हर किसी की आंखें नम रहिए

# कलाई पर सजी राखी, आंखों में चमका प्यारः मसौढ़ी में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह के प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व मसौढ़ी में पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव से लेकर शहर तक में खुशी का माहौल देखा गया। सुबह से ही बहनें सज-धज कर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए आतुर दिखीं। रक्षाबंधन के दिन बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि की कामना की और रक्षा का वचन लिया। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को जीवन भर रक्षा करने और हर सुख-दुख में साथ देने का संकल्प लिया। राखी बांधने के बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका लगाया, आरती उतारी और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद लिया। इस पर्व को लेकर बाजारों में भी खास चहल-पहल रही। राखी और मिठाइयों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ उमड़ी रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां खरीदीं। इस अवसर पर चंपा किरण, चमेली किरण, आरती कुमारी, पुष्पलता किरण, प्रतियुषा, पायल कुमारी, पीहू कुमारी, दिव्यांशी कुमारी, खुशी कुमारी, इंदु कुमारी, डॉली कुमारी, श्यामा देवी सहित सैकड़ों बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी। पर्व के दौरान कई जगहों पर बहनें अपने ससुराल से मायके पहुंचीं, जिससे परिवारों में उत्सव का माहौल और भी बढ़ गया। कुल मिलाकर मसौढ़ी में रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्यार और विश्वास के बंधन को और मजबूत करते हुए शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# प्रसाद खाने के बाद वृद्ध की मौत, गोरिया स्थान के पास मिला शव



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर नगवां गांव स्थित गोरिया स्थान के पास शुक्रवार को एक वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान खीरी मोड़ थाना क्षेत्र के बनैली गांव निवासी बकर खलीफा के 60 वर्षीय पुत्र कपिल खलीफा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सावन पूर्णिमा के अवसर पर रामपुर नगवां गांव में पूजा हो रहा था। पूजा के बाद गोरिया स्थान पर पूजा का प्रसाद का चढ़ावा हो रहा था। इसी दौरान चढ़ाए गए प्रसाद को खाने के लिए कपिल खलीफा भी वहां किसी तरह पहुंचे थे । प्रसाद खाने के कुछ देर बाद वह वहां से लौट रहे थे। इसी क्रम में कुछ दूरी पर अचानक गिर पड़े। बाद में ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी तो वे मृत मिले। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पालीगंज पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया। हालांकि, मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने साथ ले गए। मृतक के गांव के ग्रामीणों का कहना है कि वह बिल्कुल स्वास्थ्य था। पालीगंज थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया है। प्रथम द्दष्टया वृद्ध की मौत अचानक गिरने से होने की बात सामने आई है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ मोकामा घाट में वार्षिक पैनल निरीक्षण संपन्न





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ, मोकामा घाट में गुरुवार को असिस्टेंट कमिश्नर पी. मंडल के नेतृत्व में वार्षिक पैनल निरीक्षण संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया गया।निरीक्षण दल में केंद्रीय विद्यालय हरनौत के प्राचार्य सी.बी. कुमार, केंद्रीय विद्यालय लख्खीसराय के प्रभारी प्राचार्य ए.के. झा, केंद्रीय विद्यालय बेली रोड पटना की उप-प्राचार्य मधु कुमारी तथा केंद्रीय विद्यालय बिहटा के एचएम योगेन्द सिंह शामिल रहे।असिस्टेंट कमिश्नर पी. मंडल ने विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय लगातार प्रगति कर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने विद्यालय की अंडर-14 वॉलीबॉल टीम को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षक अजय कुमार सिंह को शुभकामनाएं दीं। वहीं, नवीन झा के कार्यों की भी सराहना की।इस अवसर पर विद्यालय के कला शिक्षक मृत्युंजय कुमार ने स्वयं निर्मित भगवान गणेश की पेंटिंग असिस्टेंट कमिश्नर पी. मंडल को भेंट की। श्री मंडल ने पेंटिंग की सराहना करते हुए कला शिक्षक के रचनात्मक कार्य की प्रशंसा की।निरीक्षण दल के सदस्यों ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का जायजा लेते हुए शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। दल ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने निरीक्षण दल के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खेत में मवेशी घुसने के विवाद में फायरिंग, ग्रामीणों में दहशत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी थाना क्षेत्र के कररा गांव में खेत में मवेशी घुसने के विवाद को लेकर गुरुवार देर शाम करीब 15 राउंड फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में करीब एक घंटे तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक फायरिंग करने वाले बदमाश फरार हो चुके थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।जानकारी के अनुसार, कररा गांव के खेतों में पिछले कई दिनों से 10-12 युवक मवेशी चराने के लिए पहुंच रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक खेतों में मवेशी घुसाकर धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे। किसानों द्वारा इसका विरोध करने पर युवकों ने कथित तौर पर उन्हें धमकी दी।बताया जा रहा है कि शाम के समय दोबारा मवेशी चराने पहुंचे युवकों को ग्रामीणों ने रोकने की कोशिश की। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर मारपीट हुई और देखते ही देखते फायरिंग शुरू हो गई।अचानक हुई गोलीबारी से गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों के अनुसार, करीब 15 राउंड फायरिंग की आवाज सुनाई दी।

# रक्षाबंधन पर तेज रफ्तार का कहर, सड़क हादसों में किशोर की मौत, तीन घायल

**रामपुर नगवां और मुराखाड़ के पास हुई दुर्घटनाएं, सभी घायल पटना रेफर**





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन के दिन पालीगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक रक्षाबंधन पर्व पर पालीगंज बाजार गए थे, और बाजार से खानपुरा गांव की ओर लौट रहे थे। बाइक चालक काफी तेज रफ्तार में बाइक को चला रहा था। बाइक सवार चालक ने रामपुर नगवा गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी । टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। चारों ओर खून पसर गया ।हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पालीगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान जहानाबाद जिला के मखदुमपुर गांव निवासी रजनीश कुमार का 13 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष राज उर्फ किशु के रूप में हुई है।जबकि घायलों की पहचान रवि कुमार उम्र 18 वर्ष पिता रणजीत शर्मा और रौनक राज उम्र 15 वर्ष पिता धर्मेंद्र शर्मा दोनों घायल खीरीमोर थानाक्षेत्र के खनपुरा गांव के रहने वाले हैं।

**दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, दो घायल**

वहीं, दूसरी घटना पालीगंज-रानीतलाब मार्ग में मुराखाड़ के पास हुई। यहां दो तेज रफ्तार बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना क्षेत्र के नोआवां गांव निवासी सुबोध कुमार के 18 वर्षीय पुत्र देवभूषण कुमार और दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के राजीपुर गांव निवासी विक्की साव, पिता रामानंदन साव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि देवभूषण कुमार अपनी बहन से राखी बंधवाने के लिए दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के काब गांव जा रहे थे।

# मोकामा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार समेत चार मांगों को लेकर सांसद को सौंपा पत्र

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा नगर परिषद के वार्ड संख्या-6 के पार्षद शोएब खान ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों को लेकर मुंगेर सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पत्र सौंपा है। पत्र में मोकामा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के साथ कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं।पार्षद ने कहा कि मोकामा क्षेत्र लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में नगर परिषद सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जनहित में समस्याओं के समाधान की मांग की है।पत्र में मोकामा के आरएस मोडर्न माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कराए जाने तथा विद्यालय में पढ़ने वाले करीब 94 बच्चों को दूसरे विद्यालय में भेजे जाने के बजाय उसी परिसर में पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है।इसके अलावा मोकामा के ट्रामा सेंटर में वर्तमान कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए 64 पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की गई है। पत्र में ट्रामा सेंटर में 100 बेड की इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध कराने के साथ सीटी स्कैन, एमआरआई, ब्लड बैंक, आधुनिक एंबुलेंस और विभिन्न जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है।वार्ड संख्या-6 के खाली गैरमजरुआ जमीन पर आधुनिक सामुदायिक भवन सह विवाह भवन के निर्माण की मांग भी पत्र में शामिल है।वहीं, फारसी मोहल्ला वार्ड संख्या-6 के गेट के सामने रेलवे की चहारदीवारी बनाए जाने की मांग की गई है। पार्षद का कहना है कि चहारदीवारी नहीं होने के कारण लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।पार्षद शोएब खान ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से मोकामा की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ अन्य नागरिक सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। उन्होंने सांसद से मामले में पहल कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।



## महिला ने युवक पर गाली-गलौज व मारपीट का लगाया आरोप

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सम्यागढ़ थाना क्षेत्र के मालपुर गांव में खेत में जाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर मालपुर निवासी धारी पासवान ने सम्यागढ़ थाने में आवेदन देकर गांव के ही गुरु चौहान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।सम्यागढ़ थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद के अनुसार धारी पासवान का बेटा खेत की ओर जा रहा था।

# रक्षाबंधन पर मोकामा पहुंचे ललन सिंह और अनंत सिंह, वार्डों का भ्रमण कर सुनीं जनता की समस्याएं





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री सह मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह मोकामा नगर परिषद क्षेत्र पहुंचे। दोनों नेताओं ने नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।आहार होटल के समीप फोरलेन पर पहुंचते ही कार्यकताओं ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया। इसके बाद मंत्री और विधायक रुद्रावती स्कूल पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जलजमाव, सड़क और अन्य नागरिक समस्याओं को उनके सामने रखा।दोनों नेता स्टेशन रोड होते हुए थाना चौक पहुंचे और नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया। इस दौरान लगभग हर वार्ड में जलजमाव की समस्या सामने आई। लोगों ने लंबे समय से बंद पड़ी मोकामा की फैक्ट्रियों को दोबारा चालू कराने, रेफरल अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर सहित स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार तथा विभिन्न ट्रेनों के मोकामा में ठहराव की मांग रखी। लोगों ने ट्रेनों के ठहराव को लेकर सांसद को ज्ञापन भी सौंपा।ललन सिंह ने कई समस्याओं को लेकर मौके से ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत की और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोकामा नगर परिषद के सभी वार्डों में घूमकर लोगों की समस्याओं को जानने आए हैं। स्थानीय लोगों ने जो समस्याएं बताई हैं, उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।कार्यक्रम के दौरान मोकामा नगर परिषद अध्यक्ष निलेश कुमार उर्फ माघो की ओर से केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और विधायक अनंत कुमार सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। पूरे दौरे के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ मौजूद रही।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनुपम कुमार कन्हैया, अशोक नारायण सिंह, वार्ड पार्षद शोएब खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा बंधन पर सजी मासूमों की कलाई

**सूरजपुर (एकमा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा और आसपास के इलाकों में रक्षा बंधन का पावन त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस वर्ष त्योहार पर सबसे खूबसूरत और मनमोहक नजारा घरों में देखने को मिला, जहां नन्हे-मुन्ने भाई-बहनों के बीच अटूट प्रेम और मासूमियत की अनूठी झलक दिखाई दी।सुबह से ही घरों में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। पारंपरिक रंग-बिरंगी पोशाक पहने छोटे-छोटे बच्चे त्योहार की तैयारियों में जुटे रहे।दो वर्षीय नन्ही परी आर्या(मिष्ठी) ने अपने चार साल के भाई अयांश(मिटु) के माथे पर रोली और अक्षत का तिलक लगाया। इसके बाद, नन्हे हाथों से भाई की कलाई पर कार्टून वाली रेशमी राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उसका मुंह मीठा कराया।बदले में बड़े भाई ने भी अपनी तोतली आवाज में बहन को धन्यवाद दिया और अपनी गुल्लक से बचाकर रखी पॉकेट मनी से उसे चॉकलेट और मनपसंद खिलौना उपहार में दिया।यह खूबसूरत नजारा देखकर परिवार के बुजुर्गों की आंखें खुशी से छलक आईं।डिजिटल युग के इस दौर में जहां बड़े लोग सोशल मीडिया पर व्यस्त दिखे, वहीं इन मासूम बच्चों का यह निश्छल और पावन प्रेम इस त्योहार की असली पहचान बनकर उभरा। माता-पिता ने बच्चों के इन यादगार पलों को अपने कैमरे में कैद किया।बच्चों के इस पावन प्रेम ने सभी का दिल जीत लिया और यह दिन पूरे परिवार के लिए यादगार बन गया।



### राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'खेलो इंडिया संवाद' एवं Yuva Connect कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेरा युवा भारत, वैशाली एवं सी. वी. रमन यूनिवर्सिटी, भगवानपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में युवाओं ने माननीय प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को सुना। उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से युवाओं को खेलों से जुड़ने, अपनी प्रतिभा को निखारने तथा खेलों के माध्यम से देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लालगंज विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक संजय कुमार सिंह एवं सी. वी. रमन यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति डॉ. सुमित त्रिवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। माननीय विधायक ने युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता के विकास का भी महत्वपूर्ण साधन है।कार्यक्रम के दौरान युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने विचार एवं सुझाव साझा किए। युवाओं को आगामी चरणों में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया गया।जिला प्रशासन, वैशाली द्वारा युवाओं को खेल, नेतृत्व एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा उन्हें अपनी प्रतिभा के विकास के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। कार्यक्रम ने युवाओं में खेल भावना, नेतृत्व क्षमता एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के प्रति उत्साह को और मजबूत किया।



### फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेजर ध्यानचंद खेलोत्सव (खेलो इंडिया) के अंतर्गत सोनपुर मंडल में अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं गुब्बारे उड़ा कर किया गया। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ मंडल समन्वय प्रबंधक, मंडल कार्मिक अधिकारी, वरिष्ठ मंडल सामान्य सहायक, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी सहित मंडल के विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी एवं बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने कहा कि खेल केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता के विकास का सशक्त मंच है। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। यह अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता 28 अगस्त से 9 सितंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें सोनपुर मंडल के विभिन्न विभागों की टीमें भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। सोनपुर मंडल द्वारा इस प्रकार के खेल आयोजनों के माध्यम से रेल कर्मचारियों में स्वस्थ जीवनशैली, आपसी समन्वय एवं खेल संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।



### बैकुंठधाम में ओपी का हुआ शुभारंभ, शिव भक्तों में खुशी की लहर

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां से समीपवर्ती खुसरूपुर के बैकुंठधाम उर्फ बैकटपुर में स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। बैकुंठधाम गौरीशंकर मंदिर में नए पुलिस आउट पोस्ट का विधिवत शुभारंभ किया गया। ओपी शुरू होने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी तथा लोगों को त्वरित न्याय मिल सकेगा। शुभारंभ समारोह के दौरान ओपी प्रभारी संतोष कुमार को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महासचिव गांधीवादी



प्रेम कुमार , न्यास समिति के सचिव राजा राम सिंह ,वरिष्ठ पत्रकार बीएन चौबे,वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राजीव कुमार नयन,अविनाश कुमार पांडेय, सुनील कुमार, कन्हैया पांडेय, नरेंद्र पांडेय, अजय राज, रंजन के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अब नहीं जाना पड़ेगा दूर थाना इससे पहले बैकुंठधाम के लोगों को छोटी-बड़ी शिकायतों के लिए दूर मुख्य थाना जाना पड़ता था। ओ पी खुलने के बाद अब शिकायत और सुरक्षा संबंधी सभी कार्य स्थानीय स्तर पर ही हो सकेंगे। रात में गश्ती भी बढ़ेगी जिससे चोरी और आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगेगा।

**पुलिस ने जनता से की सहयोग की अपील**

नए ओपी प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है। बैकुंठधाम के लोगों को सुरक्षा देना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। इसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है। अगर कहीं भी अपराध या गलत गतिविधि दिखे तो तुरंत ओपी को सूचना दें। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि खुलने से महिलाओं और बुजुर्गों को काफी सुविधा होगी और क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल बनेगा। मौके पर सरपंच राणा पासवान, अरविंद यादव, मदन पासवान , राजा सिंह,शिव कुमार सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे । ओपी का विधिवत उद्घाटन पुलिस के वरीय अधिकारी जल्द ही करेंगे।

### तकनीकी खराबी से छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत वितरण केंद्र एकमा के नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र में ब्लॉक रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय मोड़ के समीप विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर में अचानक तकनीकी खराबी आ जाने के कारण शुक्रवार को करीब छह घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। बताया गया है कि सुबह करीब 10 बजे ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के बाद संबंधित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। खराबी को दूर करने के लिए बिजली विभाग के मानव बल जनमेजय कुमार जायसवाल, छोटू कुमार शर्मा, भोलू कुमार, चंदन कुमार, अंगद कुमार, छोटू कुमार एवं मुन्ना कुमार सहित अन्य कर्मियों ने कड़ी मशक्कत की।क्षेत्रीय कनीय अभियंता सतीश सावंत की देखरेख में बिजली कर्मियों ने लगातार प्रयास करते हुए ट्रांसफार्मर की तकनीकी खराबी को दूर किया। इसके बाद शाम करीब चार बजे के बाद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।

# स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारकर हत्या

**बैग लूटकर फरार हुए बदमाश**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीसीऔता थाना क्षेत्र के बिंदी चौक और राम सुरेश चौक के बीच गुरुवार देर रात एक स्वर्ण व्यवसायी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छांव में लुट गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय विशाल कुमार मुजफ्फरपुर जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। पिछले 8 सालों से वो राम सुरेश चौक पर कामेश्वर साह के मकान में किराये पर रह रहे थे और लालबाबू राय के



फूलकुमारी मार्केट में उनकी सोने-चांदी की दुकान थी।

**कैसे थे अपराधियों ने घटना को अनजान ?**

रक्षाबंधन को लेकर बाजार में भीड़ ज्यादा थी, विशाल ने गुरुवार की रात दुकान देर से बंद की और पैदल ही अपने किराये के मकान पर लौट रहे थे। घर से महज 500 मीटर पहले सुनसान रास्ते में पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और ताबड़तोड़ गोलियां चलाना शुरू कर दी। इस दौरान विशाल को तीन गोली लगी।गोली लगते ही विशाल खून से लट पथ सड़क पर गिर पड़े । इधर गोली की आवाज सुनते जब तक आसपास के लोग जुड़ते बदमाश उनका बैग लूटकर फरार हो चुके थे। स्थानीय लोगों घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल विशाल को अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक ज्यादा खून बहने से रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी।

**डेढ़ साल पहले हुई थी विशाल की शादी**

इधर मृतक के घर पर मौत की सूचना मिलते ही घर पर कोहरा मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया विशाल की शादी करीब डेढ़ साल पहले ही हुई थी और उनका एक महीने का मासूम बेटा है। रक्षाबंधन की एक दिन पहले हुई इस घटना ने पूरे परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


**क्या कहते हैं अधिकारी**

तीसीऔता थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामला लूट के दौरान हत्या का लग रहा है। मृतक का बैग गायब है। पुलिस आसपास के CCTV फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# नेपाल में बाढ़ को लेकर समस्तीपुर रेल मंडल अलर्ट

**253 पुलों और संवेदनशील रेलखंडों की बढ़ी निगरानी**

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में रेल संरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। नेपाल से आने वाले पानी के कारण सीमावर्ती इलाकों में जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए रेल प्रशासन ने संवेदनशील रेलखंडों और पुल-पुलियों की निगरानी तेज कर दी है। मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा ने इंजीनियरिंग विभाग समेत संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने का निर्देश दिया है। मंडल के 253 प्रमुख रेल पुलों के अलावा संवेदनशील रेल पटरियों और पुल-पुलियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। रेलवे ट्रैक और पुलों की निगरानी के लिए तैनात ट्रैकमैन एवं अन्य रेलकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहने को कहा गया है। उन्हें ट्रैक, पुल-पुलियों तथा आसपास के नदी-नालों के



जलस्तर पर लगातार नजर रखने और किसी भी असामान्य स्थिति की तत्काल सूचना नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया गया है। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी रेलखंड या पुल के आसपास जलस्तर खतरे के निशान तक पहुंचने अथवा ट्रैक की सुरक्षा प्रभावित होने की स्थिति में एहतियाती कदम उठाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर संबंधित रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन तत्काल रोकने या स्थगित करने का निर्णय लिया जाएगा। बाढ़ की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए रेलवे की ओर से जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण विभाग के साथ भी समन्वय बनाए रखा जा रहा है। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित किया गया है। इसके अलावा रेलवे अधिकारी राज्य के बाढ़ नियंत्रण निदेशक के संपर्क में रहकर जलस्तर और संभावित खतरे की जानकारी साझा कर रहे हैं। रेल प्रशासन का कहना है कि बाढ़ की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्थिति के अनुसार आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी लगातार जारी रखी जाएगी।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र की माने पंचायत के नवतन गांव में बुधवार की सुबह सब्जी के खेत में पटवन करने गए 65 वर्षीय किसान सवलिया प्रसाद की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक नवतन गांव निवासी स्व. लालबहादुर प्रसाद के पुत्र थे। मिली जानकारी के अनुसार, सवलिया प्रसाद खेत में मोटर पंप चालू करने के लिए प्लग लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आकर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने उन्हें बेहोश पड़ा देखा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देखते ही चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। हादसे के बाद गांव में भी मातम पसरा है।

# डीएलएसए सचिव ने किया पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण

**स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के सचिव नितिन त्रिपाठी द्वारा पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किशोरों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सचिव ने पर्यवेक्षण गृह परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर ढंग से बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि परिसर के सभी हिस्सों की नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नमी के कारण खराब हुई दीवारों की आवश्यक मरम्मत कराकर उनका पेंटिंग कार्य शीघ्र कराया जाए, ताकि बच्चों के लिए स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने



पर्यवेक्षण गृह के अधिकारियों एवं कर्मियों को यह भी निर्देश दिया कि बाहर से किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित अथवा अनधिकृत सामान / उत्पाद को पर्यवेक्षण गृह के अंदर लाए जाने पर कड़ी निगरानी रखी जाए। प्रवेश एवं सुरक्षा व्यवस्था पर नियमित रूप से नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा किशोर न्याय बोर्ड स्थित विधिक सहायता क्लिनिक का भी निरीक्षण किया गया।

## महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा पर पुलिस की नजर, अभया ब्रिगेड को मिली 20 स्कूटी और 10 बाइक

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस की गश्त एवं निगरानी बढ़ाई



जाएगी। बिहार पुलिस मुख्यालय की ओर से अभया ब्रिगेड के लिए जिले को 20 स्कूटी और पुलिस जवानों के लिए 10 बाइक उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री की ओर से हरी झंडी दिखाकर इन दोपहिया वाहनों को पुलिस के उपयोग के लिए रवाना किया गया। नए वाहनों के मिलने के बाद अभया ब्रिगेड की टीम स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के आसपास नियमित गश्त कर सकेगी। खासकर छात्राओं के आने-जाने वाले रास्तों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाने की तैयारी है। छेड़छाड़ की घटनाओं पर रोक लगाने के साथ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखना टीम की प्राथमिकता होगी। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अभया ब्रिगेड की यूनिट गठित की गई है। पुलिस की निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक यूनिट का नेतृत्व महिला सब-इंस्पेक्टर करेंगी। टीम में एक महिला और दो पुरुष कांस्टेबल भी शामिल होंगे। दोपहिया वाहनों के जरिए टीम को संबंधित क्षेत्रों में तेजी से पहुंचकर पेट्रोलिंग और निगरानी करने में सुविधा होगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार स्कूल-कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के आसपास के संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर नियमित गश्त की जाएगी। किसी भी शिकायत की सूचना मिलने पर टीम को तत्काल मौके पर पहुंचने के लिए भी सक्रिय रखा जाएगा। इससे छात्राओं और महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इधर, जिले में 40 सैप जवानों की भी तैनाती की गई है।

## संस्कृत दिवस एवं रक्षाबंधन के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्थापित एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत संस्कृत दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक के रूप में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव जी का सानिध्य प्राप्त है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के शुरूआत में ही कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने भारत के प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किए गए इस कार्यक्रम के पीछे की दृष्टि एवं उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा था कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल एक पौधरोपण कार्यक्रम ही नहीं है, अपितु यह भारतीय संस्कृति में निहित मातृशक्ति एवं प्रकृति शक्ति के सम्मान का भी प्रतीक है। जहां मां हमें जीवन देती है, वहीं पृथ्वी हमारे जीवन को पोषित करती है। मां के नाम एक पेड़ लगाकर हम एक साथ दोनों ऋणों से उऋण होने का प्रयत्न भी करते हैं।

# जिला पदाधिकारी की पहल से वैशाली में तेज हुआ हरित अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला गंगा समिति, वैशाली की अध्यक्ष-सह-जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर जिले में पर्यावरण एवं नदी संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए विशेष वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। डीपीओ, नमामि गंगे, वैशाली श्री मुनेश कुमार के समन्वय से जिला गंगा समिति, वैशाली के संयुक्त तत्वावधान में सभी नगर निकायों एवं संबंधित विभागों द्वारा नदी एवं जल स्रोतों के किनारे, सार्वजनिक स्थलों तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर वृहद स्तर पर पौधरोपण कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने जिला गंगा समिति की बैठक में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए समिति से संबंधित सभी विभागों को वृक्ष लगाने का निर्देश दिया है। जिला पदाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में संबंधित विभागों द्वारा पौधरोपण अभियान को गति दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा




पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में रक्षाबंधन के अवसर पर नगर पंचायत, गोरौल सहित अन्य विभिन्न स्थलो पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया।जिला पदाधिकारी के निर्देश के अनुरूप संचालित इस अभियान में संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और आमजनों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इससे वृक्षारोपण अभियान को जनअभियान का स्वरूप मिल रहा है।जिला प्रशासन का विशेष जोर ह्यपौधा लगाने से लेकर पौधा बचाने तकह्ल की समग्र कार्ययोजना पर है। नदी एवं जल स्रोतों के किनारे हरित आवरण बढ़ाने से पर्यावरणीय संतुलन को मजबूती मिलने के साथ जल स्रोतों के संरक्षण एवं स्थानीय स्तर पर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में भी सहायता मिलेगी।

## एमजीसीयू में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस समारोह का किया गया आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य संरक्षक के रूप में



महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के संरक्षक संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रसून दत्त सिंह जी ने मानव जीवन मे संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तनाव, ईर्ष्या-द्वेष तथा प्रतिस्पर्धा के इस वातावरण में स्वयं को सुरक्षित रखना अत्यंत ही दुष्कर है। अतः मन एवं इंद्रिय को संयमित करने की शिक्षा देने वाली यह संस्कृत भाषा अत्यंत ही उपादेय है। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर सिंह ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा मात्र ही नहीं है, अपितु मनुष्य की समग्र उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने वाली एक शाश्वत विद्या भी है।

## समस्तीपुर जेल में 900 कैदियों की कलाई पर सजी राखी, बहनों से मिलकर भावुक हुए भाई-बहन

**समस्तीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को समस्तीपुर मंडल कारा में भावनाओं का अलग ही दृश्य देखने को मिला। जेल में बंद करीब 900 कैदियों से मिलने उनकी बहनें पहुंचीं और भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। लंबे समय बाद भाई-बहन की मुलाकात के दौरान कई बहनें भावुक हो गईं, वहीं कैदियों के चेहरों पर भी खुशी नजर आई। रक्षाबंधन को लेकर जेल प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बहनों को जेल में प्रवेश कर अपने भाइयों से मिलने और राखी बांधने की अनुमति दी गई। इस बार मुलाकात के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की अनिवार्यता भी नहीं रखी गई, ताकि रक्षाबंधन के मौके पर बहनें अपने भाइयों से मिल सकें। मुलाकात के दौरान बहनों ने भाइयों



के माथे पर चंदन का तिलक लगाया, राखी बांधी और मिठाई खिलाई। सिलौत गांव की सविता देवी अपने दोनों भाइयों भोला सहनी और पंकज सहनी को राखी बांधने मंडल कारा पहुंचीं। दोनों भाई करीब छह महीने से मारपीट के एक मामले में जेल में बंद हैं। सविता ने दोनों की कलाई पर राखी बांधी और मिठाई खिलाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। वहीं लाटबसेपुरा गांव की चंदन चांदनी कुमारी अपने भाई चंदन कुमार से मिलने पहुंचीं। चंदन कुमार करीब छह महीने से पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। बहन ने भाई को राखी बांधने के साथ चंदन का तिलक लगाया और मिठाई खिलाई। मुलाकात के दौरान दोनों भाई-बहन भावुक नजर आए। राखी कुमारी, अनामिका कुमारी, मोनिका कुमारी और सुजाता कुमारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं अपने भाइयों से मिलने जेल पहुंचीं।

## श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर पर 158 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन

**वाल्मीकिनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर पर 158 वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप मुखिया रवि कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि मानवाधिकार के जिला उपाध्यक्ष जहीर अंसारी, संयुक्त सचिव दिनेश कुशवाहा,राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, समाजसेवी संगीत आनंद, कलाकार शिवचंद्र शर्मा, कामेश्वर श्रीवास्तव, निमार्ता अरविंद अकेला, सत्येंद्र कुमार पांडे,शत्रुघ्न कुमार गुप्ता,नंदरानी देवी, पूनम देवी, आस्था कुमारी, गायक रुदल अलबेला, डॉक्टर नंद महतो, अर्णव पांडे, एवं राजा कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। संगम तट पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने दो मिनट का मौन रखकर मित्र देश नेपाल में प्राकृतिक आपदा के



कारण दिवंगत हुई आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। नेपाल में 26 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा और उससे उत्पन्न हुई स्थिति पर चर्चा करते हुए श्रद्धालु भावुक हो उठे। महाआरती के दौरान नारायणी एवं गंडक नदी के आध्यात्मिक ,सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली जन धन की क्षति को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए आपदा प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की गई। पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के प्रति जन जागरूकता फैलाने हेतु आगत अतिथियों के बीच औषधीय गुण वाले पौधों का वितरण किया गया। संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि सड़कों पर भटकने वाले लावारिस दिव्यांग जनों के लिए ,मानसिक बीमारों के लिए दरिद्र नारायण भोज आयोजन किया जाता है, जो एक सराहनीय पहल है। रवि गुप्ता ने संस्था को हर संभव सहायता देने की बात कही।सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्य अतिथि रवि कुमार गुप्ता, सत्येंद्र कुमार पांडे, जहीर अंसारी, दिनेश कुमार कुशवाहा, शिवचंद्र शर्मा, कामेश्वर श्रीवास्तव, डॉक्टर नंद महतो, निमार्ता अरविंद अकेला, गायक रुदल अलबेला, अर्णव पांडे,आदि अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किए गए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने नारायणी नदी की विधिवत पूजा अर्चना कर विश्व शांति, मानव कल्याण एवं भारत नेपाल के मधुर संबंधों की कामना की। महा आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। पूरा बेलवा घाट परिसर भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहा। महाप्रसाद की व्यवस्था निमार्ता अरविंद अकेला एवं होटल पूर्वा के प्रबंधक चंदन जायसवाल द्वारा की गई।

## रक्षाबंधन के दिन तीन सड़क हादसों में चार घायल, दो सदर अस्पताल रेफर

**एकमा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्षाबंधन त्योहार के दौरान बहनों से राखी बंधवाने जाने अथवा राखी बंधवाकर घर लौटने की



आपाधापी के बीच एकमा एवं आसपास के क्षेत्रों में अलग-अलग तीन सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. इरफान अहमद ने स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं, गंभीर रूप से घायल दो युवकों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। पहली घटना में मांझी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बाजार स्थित बीसीएस स्कूल के समीप शुक्रवार को टोटो और बाइक के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा पहुंचाया गया। घायलों की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के तिलकार गांव निवासी रमाकांत मिश्रा के पुत्र अमन कुमार मिश्रा (20) तथा मांझी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी मटू मिश्रा के पुत्र अभय कुमार मिश्रा (20) के रूप में हुई है।

एक नजर

## बस की चपेट में आने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल

**हसपुरा।** थाना क्षेत्र के पचरुखिया-एनएच 120 पथ पर बालाबिगहा मोड़ के समीप शुक्रवार को बस की चपेट में आने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जखौरा गांव निवासी रमेशर यादव के 26 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार यादव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गया से दाउदनगर जा रही बस जैसे ही बालाबिगहा मोड़ के समीप पहुंची, उसी दौरान बाइक सवार बस की चपेट में आ गया। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और चालक चंदन कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे हंगामे को पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर थाने ले गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बस चालक और वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन, बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों से लेकर हसपुरा बाजार तक शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन भाई-बहन के पवित्र और प्रगाढ़ प्रेम का प्रतीक पर्व है। यह पर्व सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम और शांति का संदेश भी देता है। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर चंदन का तिलक लगाया, आरती उतारी और कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इसके बाद भाइयों ने बहनों के उज्ज्वल भविष्य एवं लंबी आयु की कामना की। सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी भारतीय सभ्यता और संस्कृति में भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती को दर्शाती है। हसपुरा बाजार के कनाप रोड मोहल्ला निवासी नन्हीं बहनों दिव्याशी एवं अर्पणा ने अपने भाई निमिष आर्यन को राखी बांधी। वहीं पटना निवासी ऐश्वि एवं नंदनी ने अपने भाइयों हर्ष, मोनू, टोनू, छोटू एवं निशांत की कलाई पर राखी बांधकर आरती उतारी। इसी क्रम में अहियापुर निवासी सरस्वती कुमारी, गीता, संगीता, रुपाली, संजना, साधना, मानसी एवं जुली ने प्रेम कुमार, श्रीकांत वर्मा, अश्विनी सिन्हा, नीतेश, दुर्गेश, गुड्डू, अंकुर, संचित, रोहित एवं सत्यम की कलाई पर राखी बांधी। बहनों ने कहा कि रक्षाबंधन हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान है। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम, त्याग, विश्वास और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देता है। पर्व को लेकर पूरे प्रखंड में दिनभर उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा।

## रक्षाबंधन पर एकल विद्यालय की आचार्या दीदियों ने अधिकारियों की कलाई पर बांधी राखी

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देश पर एकल विद्यालय संच हसपुरा की ओर से गुरुवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। इस दौरान एकल विद्यालय की आचार्या दीदियों ने प्रखंड के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को तिलक लगाकर, आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी कलाई पर पवित्र राखी बांधी। आचार्या दीदियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सत्यदेव सिंह को राखी बांधकर उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी आचार्या दीदियों को उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। बीडीओ पंकज कुमार, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी एवं बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने कहा कि एकल विद्यालय की आचार्या दीदियां शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आचार्या को किसी प्रकार की समस्या हो तो वह निःसंकोच उनसे मिलकर अपनी बात रख सकती हैं। समस्या के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकल विद्यालय संच हसपुरा के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद आर्य ने की, जबकि संचालन संच प्रमुख रवि कुमार ने किया। कार्यक्रम में आचार्या दीदियां कुसुम देवी, रंभा कुमारी, सुनैना देवी, पुष्पा कुमारी, सीमा कुमारी, कंचन कुमारी, शांति देवी, मीना कुमारी, पिंकी कुमारी, अबिता कुमारी सहित अन्य बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## रक्षाबंधन उत्सव के माध्यम से भाई-बहन के स्नेह, सम्मान, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया

**बिहारशरीफ।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए बिहारशरीफ नगर निगम ने विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त के निर्देशन में चलाए जाने वाले इस अभियान के तहत शहर में सड़क, नाला और स्ट्रीट लाइन के आगे किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया जाएगा।नगर निगम के अनुसार, मकान व भवन का सड़क की ओर निकला हुआ हिस्सा, दुकानदारों द्वारा स्ट्रीट लाइन के आगे सड़क पर किया गया अतिक्रमण तथा ठेला आदि लगाकर किए गए कब्जे को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा नाला और सड़क पर किए गए अन्य सभी प्रकार के अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा।अतिक्रमण हटाने के साथ संबंधित अतिक्रमणकारियों से नियमानुसार दंड राशि की वसूली की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए नगर निगम स्तर पर विशेष टीम का गठन किया जाएगा। टीम में पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध रहेंगे।नगर निगम ने अभियान शुरू होने से पहले शहर के सभी अतिक्रमणकारियों से अपील की है कि वे अपने स्तर से किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को स्वयं हटा लें। नगर निगम ने कहा है कि अतिक्रमण मुक्त बिहारशरीफ अभियान को सफल और सकारात्मक बनाने में शहरवासियों का सहयोग अपेक्षित है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

**इस्लामपुर।** गुप्त सूचना के आधार पर इस्लामपुर थाना पुलिस ने बरडीह गांव में छापेमारी कर हत्या के प्रयास के मामले में नामजद आरोपी इंदु पासवान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी रामजी पासवान का पुत्र बताया गया है। वह इस्लामपुर थाना कांड संख्या 322/2026 का नामजद अभियुक्त था। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में हिलसा जेल भेज दिया।वहीं, खोदागंज थाना पुलिस ने भी लंबे समय से फरार चल रहे न्यायालय के गैरजमानती वारंटी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बेगमपुर गांव में छापेमारी कर निरंजन कुमार उर्फ रंजन कुमार को गिरफ्तार किया। इसके अलावा महमूदा गांव से चितरंजन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में हिलसा जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार फरार एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## रेड क्रॉस सोसाइटी में आठ दिवसीय फर्स्ट एड प्रशिक्षण शुरू

**बिहारशरीफ।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा परिसर में शुक्रवार को आठ दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार देने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है।प्रशिक्षण सत्र का संचालन बिहारशरीफ के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत कुमार ,एमडी मेडिसिन, कुमार हॉस्पिटल, डॉक्टर्स कॉलोनी, बिहारशरीफ ने किया। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की प्रक्रिया, उपचार से पहले बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों तथा जीवन रक्षक तकनीकों के बारे में प्रतिभागियों को प्रायोगिक रूप से विस्तृत जानकारी दी।प्रशिक्षण में कुल 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और प्राथमिक चिकित्सा से जुड़ी विभिन्न जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपात स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित तरीके से सहायता उपलब्ध कराने के तरीकों से अवगत कराया गया।कार्यक्रम के दौरान भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, नालंदा के सचिव राजेश कुमार ने ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण सत्र के लिए डॉ. इंद्रजीत कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सावन पूर्णिमा पर पचार पहाड़ पर लगा विशाल मेला, विधायक ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सावन पूर्णिमा के अवसर पर रफीगंज प्रखंड के पचार पहाड़ पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सह-अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने की, जबकि संचालन प्रमोद यादव ने किया।

विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को आपसी मेल-जोल और सामाजिक एकता का अवसर मिलता है। उन्होंने मेले में आए लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेले का आनंद लेने की अपील की। सदस्यो ने पहाड की चोटी पर पेयजल एवं ला ईट लगाने , एवं मंच बनाने की मांगो पर विधायक ने बनवाने का आश्वासन दिया। कमिटी के सदस्यों ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। साथ ही मेले में आने वाले लोगों से शांति एवं अनुशासन बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। भारतीय नगर ग्राम विकास संघ के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन पूर्णिमा के अवसर पर पचार पहाड़ पर मेले का आयोजन किया गया है। मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के पहुंचने से माहौल उत्सवी बना रहा। आयोजन में श्याम सुंदर यादव, जंग बहादुर यादव ,कृष्ण देव भगत, लालेश्वर यादव, तेज नारायण प्रजापति, अखिलेश यादव, छन्नू यादव, लालेश्वर यादव, भोलानाथ वर्मा, मिथिलेश गुप्ता, अमरनाथ कुमार, आनंद सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर जीएनएम-एएनएम ने डॉक्टर व विधायक प्रतिनिधियों को बांधा रक्षा सूत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्षाबंधन के अवसर पर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित एक अनोखी पहल देखने को मिली। जीएनएम सुमन कुमारी तथा एएनएम हेलेना सुरिन और एनी होरो ने विधिवत रूप से डॉक्टर अरविंद केसरी एवं विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, जदयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा ,समाजसेवी सुनील कुमार को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने भी जीएनएम व एएनएम को अपनी बहनों के रूप में सम्मान देते हुए उपहार भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे के प्रति स्नेह, सम्मान और भाईचारे की भावना व्यक्त की। इस पहल को अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने सराहा। लोगों ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सम्मान और सामाजिक सद्भाव का संदेश भी देता है। अस्पताल कर्मियों द्वारा की गई यह पहल समाज में भाईचारे और सौहार्द का सकारात्मक संदेश देती है।

# 23 वर्ष बाद बहन ने भाई को बांधी राखी, छलक पड़े खुशी के आंसू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**मदनपुर (औरंगाबाद)।** रक्षाबंधन के अवसर पर मदनपुर प्रखंड के बंगरे गांव में भाई-बहन के रिश्ते की एक भावुक कर देने वाली तस्वीर सामने आई। 23 वर्षों से एक-दूसरे से दूर रहे भाई-बहन इस रक्षाबंधन पर फिर मिले। बहन ने मायके पहुंचकर भाई की कलाई पर राखी बांधी तो दोनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। बेरी गांव निवासी कलावती देवी रक्षाबंधन के दिन अपने मायके बंगरे गांव पहुंचीं और अपने मंझले भाई रामजी महतो की कलाई पर राखी बांधी। राखी बांधने के साथ ही दोनों पुराने दिनों की यादों में खो गए। वर्षों से मन में दबा स्नेह और अपनापन भावनाओं के रूप में आंखों से छलक उठा। रामजी महतो ने बताया कि उनकी बहन कलावती देवी ने आखिरी बार वर्ष 2003 में उन्हें राखी बांधी थी। इसके बाद पारिवारिक विवाद और आपसी मनमुटाव के कारण दोनों के बीच दूरी बढ़ती चली गई। स्थिति ऐसी हो गई कि महज आठ किलोमीटर की दूरी के बावजूद भाई-बहन वर्षों तक एक-दूसरे से नहीं मिल सके। समय बीतने के साथ पुराने विवाद और गिले-शिकवे धीरे-धीरे कम होने लगे। आखिरकार दोनों ने रिश्ते की पुरानी मिठास को फिर से कायम करने का फैसला किया। इसी क्रम में इस वर्ष रक्षाबंधन पर कलावती देवी अपने मायके बंगरे पहुंचीं। कलावती देवी ने जैसे ही रामजी महतो की कलाई पर राखी बांधी, दोनों भाई-बहन भावुक हो गए। 23 वर्ष बाद बहन के हाथों राखी बंधने का पल रामजी महतो के लिए बेहद खास रहा। वहीं कलावती देवी के लिए यह दिन वर्षों से चली आ रही दूरी खत्म होने का प्रतीक बन गया। राखी बांधने के दौरान दोनों की आंखों से आंसू निकल पड़े। मौके पर मौजूद लोग भी इस भावुक मिलन के साक्षी बने। लंबे अंतराल के बाद भाई की कलाई पर राखी बांधकर कलावती देवी भाव-विभोर नजर आईं। वहीं रामजी महतो ने भी बहन के प्रति वर्षों से मन में दबे स्नेह को भावनाओं के जरिए व्यक्त किया।

# रक्षा के साथ सम्मान और सहयोग का लिया संकल्प, भारतीय संस्कृति व नैतिक मूल्यों का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बैरांव में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रार्थना सभा के बाद आयोजित विशेष कार्यक्रम में छात्राओं ने सहपाठी छात्रों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी और उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। वहीं छात्रों ने बहनों के सम्मान, सुरक्षा और हर परिस्थिति में सहयोग करने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि रक्षाबंधन



महज राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि विश्वास, स्नेह, सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। विद्यालयों में इस तरह के आयोजन से बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित होती है और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही बेटा-बेटी में भेदभाव समाप्त कर समानता और परस्पर सम्मान की भावना अपनाने का संदेश दिया। राखी बांधने के बाद विद्यालय परिसर में सौहार्द और उत्सव का माहौल बना रहा।।

# पवन सिंह नहीं लड़ते तो क्या राजाराम सिंह जीत पाते?



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** 2024 के लोकसभा चुनाव में काराकाट से जीत हासिल करने वाले सांसद राजाराम सिंह ने दावा किया है कि यदि पवन सिंह चुनाव मैदान में नहीं होते तो उनकी जीत का अंतर करीब दो लाख वोटों का होता। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार 2024 में राजाराम सिंह ने 3,80,581 वोट प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय पवन सिंह को 1,05,858 मतों से हराया था। हालांकि, चुनावी आंकड़ों का विश्लेषण इस दावे से अलग तस्वीर पेश करता है। राजाराम सिंह ने अपनी जीत को लेकर कहा है कि जिस दिन उन्हें टिकट मिला, उसी दिन जीत तय हो गई थी। उनके अनुसार काराकाट में महागठबंधन की जमीन पहले से मजबूत थी और इंडिया गठबंधन की लहर के साथ सामाजिक न्याय से जुड़े आंदोलनों का भी प्रभाव था। यह उनका राजनीतिक दावा है। वहीं, चुनावी राजनीति पर नजर रखने वाले विश्लेषकों का मानना है कि पवन सिंह के मैदान में उतरने से मुकाबले का समीकरण जरूर बदला और इसका सीधा लाभ राजाराम सिंह को मिला। पवन सिंह के चुनाव मैदान में आने से पहले काराकाट में एनडीए और उसके सहयोगी दलों का प्रभाव मजबूत रहा था। 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले दलों के प्रत्याशी ही विजयी रहे थे। ऐसे में 2024 में राजाराम सिंह की जीत को काराकाट के चुनावी इतिहास में बड़ा बदलाव माना गया। 2009 में महाबली सिंह ने कांति सिंह को हराया

2008 के परिसीमन के बाद काराकाट नया लोकसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया और 2009 में यहां पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ। जदयू-भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी महाबली सिंह को 1,96,946 वोट मिले और उन्होंने राजद की कांति सिंह को हराया। कांति सिंह को 1,76,463 वोट मिले, जबकि भाकपा माले के प्रत्याशी राजाराम सिंह को 37,493 वोट प्राप्त हुए।

यदि राजद और माले के वोटों को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 2,13,956 होता है, जो विजेता महाबली सिंह से 17,010 अधिक था। हालांकि, उस समय दोनों दल अलग-अलग चुनाव लड़ रहे थे, इसलिए इन वोटों को एक साथ जोड़कर चुनावी परिणाम का आकलन करना केवल एक राजनीतिक गणित माना जा सकता है।

2014 में भाजपा और जदयू का गठबंधन टूट चुका था, जबकि रालोसपा भाजपा के साथ थी। काराकाट से रालोसपा प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा ने राजद की कांति सिंह को 1,05,241 मतों से हराया। जदयू के महाबली सिंह को 76,700 और भाकपा माले के राजाराम सिंह को 32,686 वोट मिले।

राजद और माले के वोट जोड़ने पर भी यह संख्या उपेंद्र कुशवाहा के मतों से कम रहती है। वहीं, यदि उस चुनाव में जदयू को मिले वोटों को एनडीए के साथ संभावित रूप से जोड़कर देखा जाए तो कुशवाहा की जीत का काल्पनिक अंतर और बड़ा हो जाता है। हालांकि, यह गठबंधन न होने की स्थिति में केवल अनुमानित चुनावी गणित है।

2019 में भाजपा और जदयू एक साथ चुनाव मैदान में थे। जदयू के प्रत्याशी महाबली सिंह को 45 प्रतिशत से अधिक वोट मिले और वे विजयी हुए। उस चुनाव में रालोसपा, राजद और कांग्रेस गठबंधन के साथ थे, जबकि भाकपा माले ने अलग से राजाराम सिंह को प्रत्याशी बनाया था। राजाराम सिंह को 24,932 वोट मिले।

इस चुनाव में भी एनडीए के मुकाबले विपक्षी दलों के अलग-अलग चुनाव लड़ने से वोटों का बंटवारा हुआ। यही वजह रही कि 2019 में भी एनडीए प्रत्याशी की जीत का अंतर काफी बड़ा रहा।

**2024 में बदला पूरा चुनावी समीकरण**

2024 में राजद, कांग्रेस और भाकपा माले एक साथ इंडिया गठबंधन में थे। भाकपा माले के प्रत्याशी राजाराम सिंह को 3,80,581 वोट मिले। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह को 2,74,723 और एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा को 2,53,876 वोट मिले। यही आंकड़े पवन सिंह की भूमिका को लेकर सबसे महत्वपूर्ण सवाल खड़ा करते हैं। पवन सिंह और उपेंद्र कुशवाहा के वोटों को जोड़ने पर कुल संख्या 5,28,599 होती है, जो राजाराम सिंह को मिले 3,80,581 वोटों से 1,48,018 अधिक है।

इस गणित के आधार पर कहा जा सकता है कि यदि पवन सिंह चुनाव मैदान में नहीं होते और उनके अधिकांश वोट एनडीए प्रत्याशी की ओर चले जाते, तो राजाराम सिंह के लिए जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होता। हालांकि, यह मान लेना भी उचित नहीं होगा कि पवन सिंह के सभी मत उपेंद्र कुशवाहा को ही मिलते। मतदाताओं का व्यवहार प्रत्याशी,, जातीय समीकरण, स्थानीय मुद्दों और राजनीतिक परिस्थितियों के आधार पर बदल सकता है।

# बेटी पढ़ाने के लिए कन्या इंटर विद्यालय में सीटें बढ़ाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सरकार की ओर से 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' का संदेश दिया जा रहा है, लेकिन दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय में छात्राओं के लिए उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाएं इस उद्देश्य के अनुरूप नहीं हैं। अनुमंडल मुख्यालय के एकमात्र कन्या इंटर विद्यालय में विज्ञान संकाय की सीटें कम होने के कारण बड़ी संख्या में छात्राएं नामांकन से वंचित हो रही हैं।



विद्यालय में इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में नामांकन के लिए मात्र 217 सीटें निर्धारित हैं। सीटों की संख्या कम होने के कारण सैकड़ों गरीब एवं मेधावी छात्राओं को विज्ञान की पढ़ाई का अवसर नहीं मिल पा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की छात्राओं के सामने सरकारी विद्यालय में सीट नहीं मिलने पर निजी संस्थानों में अधिक शुल्क देकर पढ़ाई करने या शिक्षा छोड़ने की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य नीरज गुप्ता ने विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र को पत्र लिखकर सीटों में वृद्धि कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय में विज्ञान संकाय की सीटें सीमित हैं, जबकि क्षेत्र के निजी कॉलेजों में सीटों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। निजी संस्थानों की अधिक फीस के कारण गरीब परिवारों की छात्राएं वहां नामांकन नहीं ले पाती हैं। नीरज गुप्ता ने विधायक से आग्रह किया है कि इस जनहित के मुद्दे को विधानसभा एवं शिक्षा विभाग के समक्ष उठाकर राजकीयकृत बालिका इंटर विद्यालय में विज्ञान संकाय की सीटों में वृद्धि कराने की पहल की जाए। उन्होंने कहा कि सीटें बढ़ने से क्षेत्र की गरीब एवं मेधावी छात्राओं को विज्ञान की पढ़ाई जारी रखने का अवसर मिलेगा और उनकी उच्च शिक्षा एवं भविष्य की राह आसान होगी।

# कब मिलेगी अंबा को भीषण जाम से निजात, जनजीवन बेहाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**अंबा, औरंगाबाद।** अंबा बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से लगातार लग रहे भीषण जाम ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। जाम की स्थिति इतनी गंभीर है कि अंबा से बभंडी फील्ड तक तथा दक्षिण दिशा में रखा कॉलोनी तक वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं। घंटों सड़क पर फंसे रहने से आम लोगों के साथ स्कूली बच्चे, महिलाएं, मरीज और यात्री परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। विद्यालयों की छुट्टी करीब 1:30 बजे होने के बावजूद बच्चे जाम के कारण शाम 4 बजे या उससे भी देर से घर पहुंच रहे हैं। छोटे बच्चों को गर्मी, भूख और घंटों वाहनों में फंसे रहने के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। महिलाओं और यात्रियों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। लंबे समय तक जाम में फंसे रहने के कारण कई महिलाएं वाहनों से उतरकर सड़क किनारे टहलती नजर आती हैं। वहीं, अंबा बाजार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं, बच्चों और यात्रियों की परेशानी और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जाम सुबह से देर रात तक बना रह रहा है। कई बार रात 9 से 10 बजे तक भी सड़क पर वाहनों की कतार लगी रहती है। इस दौरान एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। गंभीर मरीजों और आपात स्थिति में यह परेशानी जानलेवा साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंबा में जाम की समस्या वर्षों पुरानी है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। समय-समय पर आश्वासन और अस्थायी कार्रवाई होती रही है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अजय पांडेय एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अंबा की जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, भारी वाहनों की आवाजाही और वैकल्पिक मार्ग समेत सभी पहलुओं पर ठोस योजना बनाकर स्थायी समाधान किया जाए।

# औरंगाबाद में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** जिले में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पर्व श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के प्रतीक इस पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा। दाउदनगर समेत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों ने पूजा की थाली सजाकर भाइयों की आरती उतारी, तिलक लगाया और उनकी कलाई पर राखी बांधकर सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



रक्षाबंधन को लेकर बहनों ने सुबह स्नान आदि के बाद पूजा की थाली सजाई। थाली में राखी, रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई समेत अन्य पूजन सामग्री रखी गई। शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतारी गई और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा गया। इसके बाद बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर हर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया।

रक्षाबंधन को लेकर उन परिवारों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां भाई या बहन रोजगार अथवा पढ़ाई के सिलसिले में दूसरे शहरों में रहते हैं। पर्व के अवसर पर कई भाई बहनों के घर पहुंचे, जबकि कई बहनें भी भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए मायके पहुंचीं। लंबे समय बाद भाई-बहन के मिलन से घरों में खुशी का माहौल रहा।

मदनपुर क्षेत्र में 23 वर्ष बाद भाई-बहन के मिलन की भावुक घटना भी सामने आई। वर्षों से दूर रहे भाई-बहन के रक्षाबंधन पर मिलन और राखी बांधने के दौरान दोनों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। इस घटना ने भाई-बहन के रिश्ते में रक्षाबंधन के भावनात्मक महत्व को और गहरा कर दिया।

**बाजारों में रही चहल-पहल**

पर्व को लेकर जिले के बाजारों में भी खूब रौनक रही। राखी, मिठाई, कपड़े और उपहार की दुकानों पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून व विभिन्न डिजाइनों वाली राखियां भी उपलब्ध रहीं। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई।

रक्षाबंधन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। धार्मिक आस्था और पारिवारिक परंपराओं के बीच पूरे जिले में पर्व का उल्लास देखने को मिला।

# तटबंधों की निगरानी और एनडीआरएफ एसडीआरएफ की तैनाती का दिया गया निर्देश

## आपदा प्रबंधन मंत्री ने की पश्चिम चंपारण में तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** नेपाल में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लो (जीएलओएफ) के कारण नारायणी नदी का जलस्तर बढ़ने और गंडक नदी में संभावित जलवृद्धि को देखते हुए पश्चिम चंपारण में बाढ़ से निपटने की तैयारियों को तेज कर दिया गया है। शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सदा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें संभावित बाढ़ प्रभावित इलाकों, तटबंधों की सुरक्षा और राहत-बचाव की तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अमरेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) अनिल कुमार सिन्हा समेत बेतिया सदर व नरकटियागंज के अनुमंडल पदाधिकारी तथा जल संसाधन, स्वास्थ्य, पशुपालन, विद्युत और पथ निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को वाल्मीकिनगर बैराज से छोड़े जाने वाले पानी के डिस्चार्ज और गंडक नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील और अति-संवेदनशील तटबंधों पर बालू की बोरियां, बोल्डर और नायलॉन क्रेट जैसी बाढ़ नियंत्रण सामग्री के साथ जल संसाधन विभाग के अभियंताओं को तैनात रहने को कहा गया है।

### प्रभावितों को डीबीटी से मिलेगी सहायता राशि

संभावित प्रभावित परिवारों की सूची को पारदर्शी तरीके से अद्यतन रखने और नियमानुसार जीआर सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजने की तैयारी पूरी रखने को कहा गया। जिला एवं प्रखंड स्तर पर आपातकालीन बाढ़ नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पश्चिम चंपारण के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां दुरुस्त रखी गयी हैं। किसी भी पदाधिकारी या कर्मी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जन-धन की हानि को शून्य स्तर पर रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**छह प्रखंडों में एनडीआरएफ-एसडीआरएफ हाई अलर्ट**

बगहा, पिपरासी, मधुबनी, बैरिया, नौतन और ठकराहा जैसे संभावित बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। टीमों को नाव, लाइफ जैकेट और प्रशिक्षित गोताखोरों के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया गया है।

**राहत सामग्री और दवाओं का भंडारण**

संभावित बाढ़ को देखते हुए चूड़ा, गुड़, ओआरएस, माचिस, पॉलीथिन शीट और शुद्ध पेयजल समेत आवश्यक राहत सामग्री का अग्रिम भंडारण किया गया है। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश की दवा तथा जलजनित बीमारियों की दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने को कहा गया है।

**शरण स्थलों व सामुदायिक रसोई को तैयार रखने का निर्देश**

निचले और दियारा क्षेत्रों से लोगों के विस्थापन की स्थिति में चिह्नित उच्च प्राथमिक विद्यालयों और बाढ़ शरण स्थलों को तत्काल उपयोग के लिए तैयार रखने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर सामुदायिक रसोई शुरू कर प्रभावित परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया जायेगा। पशुओं के लिए ऊंचे स्थानों पर राहत शिविर, चारा और टीकाकरण की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया।

# जनसुनवाई में 20 से अधिक मामलों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** बिहार सरकार के निश्चय पार्ट 3 सबका सम्मान, जीवन आसान' कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में जन-सुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए परिवादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना तथा कई मामलों में स्वयं दूरभाष के माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन-सुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को प्रशासनिक सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त हो सके। आयोजित जन-सुनवाई में 20 से अधिक नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। सभी आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा कई मामलों का समाधान दूरभाष के माध्यम से तत्काल कराने का निर्देश दिया गया, जबकि शेष मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जन-सुनवाई में प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, जमाबंदी, राइस मिल, आवास योजना सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# जेएनवी की तैयारी के लिए 10 सितंबर तक होगा रजिस्ट्रेशन

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी को जिला प्रशासन और ओपन लिंक्स फाउंडेशन विनोबा के संयुक्त तत्वावधान में ओएमआर आधारित प्रैक्टिस टेस्ट का आयोजन किया जाएगा।इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जिले के सभी प्राथमिक/मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रारूप, ओएमआर शीट के प्रयोग और समयबद्ध अभ्यास से परिचित कराना है, जिससे वे चयन परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सकें।अपने विद्यालय से आवेदन कर चुके सभी विद्यार्थियों का विनोवा एप्प पर 10 सितंबर तक अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना है।सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन देना है। पंजीकरण की प्रक्रिया में विनोवा एप्प लॉगिन कर फॉर्म्स पर क्लिक करना होगा। उसके बाद एस्क्रोल कर जे एनवी फॉर्म चुनना होगा। विद्यार्थियों की जानकारी भरकर पंजीकरण पूर्ण किया जाएगा।

# डीसी ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति, पेयजल स्रोतों की स्थिरता एवं जल सुरक्षा तथा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की गई। पेयजल स्रोतों को दीर्घकालिक रूप से सुरक्षित एवं सतत बनाए रखने के लिए स्रोतों की स्थिति का निरंतर आकलन, संभावित जोखिमों की पहचान, क्षेत्र सत्यापन, शमन योजना तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। डीसी ने निर्देश दिया कि पेयजल स्रोतों की स्थिरता को वर्तमान जरूरतों तक सीमित न रखते हुए भविष्य की पेयजल आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर प्रभावी जल सुरक्षा योजना तैयार की जाए। संबंधित विभाग आपसी समन्वय से जल स्रोतों के संरक्षण, जोखिम न्यूनीकरण एवं निरंतर निगरानी की कार्रवाई सुनिश्चित करें। ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव को प्रभावी बनाने के लिए योजना स्तर पर परिसंपत्तियों की सूची एवं उनकी स्थिति का नियमित आकलन, निवारक रखरखाव कैलेंडर, आवश्यक स्पेयर की उपलब्धता तथा प्रमुख मरम्मत एवं प्रतिस्थापन की पूर्व योजना सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने पेयजल योजनाओं की नियमित निगरानी एवं निरीक्षण सुनिश्चित करते हुए उनकी कार्यक्षमता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणन, प्रमाणित डेटा प्रविष्टि, योजनाओं को समय पर पूर्ण करने, वित्तीय रूप से पूर्ण योजनाओं को बंद करने तथा पूर्ण योजनाओं के जल अर्पण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। 75 प्रतिशत से अधिक वित्तीय प्रगति वाली योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा जिला तकनीकी इकाई के सक्रियण एवं क्षमता निर्माण, जिला पदाधिकारियों, एवं जलसहियाओं की क्षमता वृद्धि तथा जल गुणवत्ता परीक्षण एवं निगरानी को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त श्री शेखावत ने संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए योजनाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं सतत पेयजल सेवा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए पेयजल स्रोतों की स्थिरता, जल सुरक्षा तथा योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं रखरखाव पर निरंतर ध्यान दिया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, शिक्षा एवं जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि, एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# तालाब के जीर्णोद्धार की जरूरत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के मदनपुर प्रखंड के रेगनिया गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है। यहां तक कि पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। अभी बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौधा उग आए हैं। ग्रामीण विकास सिंह ने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलियत होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जबतक तालाब की उड़ाही नहीं होगी तबतक उसकी गहराई नहीं बढ़ेगी।

# राजस्व कार्यों में लापरवाही पर डीएम ने की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर ने राजस्व अधिकारी, बोचहां अंचल जितेन्द्र कुमार महतो के विरुद्ध राजस्व कार्यों में घोर लापरवाही एवं अनियमितता तथा उनकी कार्यशैली के कारण आम जनता में व्याप्त असंतोष का संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की है। श्री महतो के कार्यकाल में किए गए दाखिल-खारिज एवं राजस्व से संबंधित अन्य कार्यों की सम्यक जांच तथा समीक्षा के लिए जिलाधिकारी द्वारा त्रि-सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। साथ ही दाखिल-खारिज के एक वाद में आपत्ति तथा न्यायालय में मामला लंबित रहने के बावजूद स्वीकृति देने के आरोप में राजस्व अधिकारी से स्पष्टीकरण करते हुए उनका वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि राजस्व अधिकारी का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं रहा तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने हेतु विभाग को प्रतिवेदित किया जाएगा। दरअसल दिनांक 25.08.2026 को अपर समाहर्ता, मुजफ्फरपुर द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान बोचहां अंचल के राजस्व अधिकारी जितेन्द्र कुमार महतो के विरुद्ध जन-प्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा दाखिल-खारिज एवं अन्य राजस्व कार्यों में अनियमितता से संबंधित गंभीर शिकायत की गई थी। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत की गंभीरता एवं आम जनता में व्याप्त असंतोष को देखते हुए राजस्व अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार महतो के कार्यकाल में किए गए दाखिल-खारिज एवं अन्य राजस्व से संबंधित कार्यों की जांच/समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया है। बोचहां के अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने स्तर से संबंधित जांच दल को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने जांच दल को निर्देश दिया है कि मामले की जांच/समीक्षा कर एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिवेदन के आलोक में अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि झपहां मौजा में 15 डिसमिल रकबा वाली जमीन के दाखिल-खारिज के मामले में एक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कराई गई थी। मामला न्यायालय में भी लंबित है। इस सबके बावजूद राजस्व अधिकारी ने इस दाखिल-खारिज वाद को स्वीकृति प्रदान कर दी। यह खेदजनक है। सब संबंधित दाखिल-खारिज मामले में ऑनलाइन आपत्ति दर्ज थी तथा भूमि से संबंधित वाद न्यायालय में लंबित था, तब भी दाखिल-खारिज वाद में स्वीकृति किस आधार पर दी गई इसके लिए राजस्व अधिकारी को अपना पक्ष रखने के लिए स्पष्टीकरण किया गया है।

# संस्कृत विश्व की प्राचीन, समृद्ध एवं मधुर भाषाओं में प्रमुख है : प्रो0 झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के तत्वावधान में श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकान्त झा ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति की समृद्ध परंपरा की संवाहक है। संस्कृत साहित्य में जीवन के विभिन्न पक्षों से जुड़े मूल्यवान विचार एवं ज्ञान का विशाल भंडार उपलब्ध है। पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. हृषिकेश झा ने कहा कि आधुनिक समय में संस्कृत ज्ञान की प्रासंगिकता काफी बढ़ गई है। इंटरनेट एवं कंप्यूटर आदि माध्यमों के जरिए संस्कृत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जा सकता है। प्रो. दयानाथ झा ने कहा कि प्राचीन काल में संस्कृत लोकभाषा के रूप में प्रसिद्ध थी। इसमें संस्कार और संस्कृति दोनों विद्यमान हैं। यह परिष्कृत एवं शुद्ध भाषा है। डॉ. आर.एन. चौरसिया ने कहा कि संस्कृत ज्ञान-विज्ञान से समृद्ध एक पवित्र भाषा है, जिसे भारत की आत्मा कहा जाता है। यह हमारी सांस्कृतिक परंपरा एवं मानवीय मूल्यों की आधारशिला है। संस्कृत केवल पूजा-पाठ अथवा मंत्रों की भाषा नहीं, बल्कि ज्ञान-विज्ञान और तर्कशास्त्र का अक्षय स्रोत भी है। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कुमकुम कुमारी ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जिग्नेश कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन भी उन्होंने किया। अतिथियों का स्वागत पाग, चादर एवं मोमेंटो प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भाषा में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में कुमकुम कुमारी ने प्रथम, मुस्कान कुमारी ने द्वितीय और रूपेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में कुमकुम कुमारी प्रथम, रूपेश कुमार द्वितीय और दयानंद कुमार तृतीय स्थान पर रहे। दोनों प्रतियोगिताओं में क्रमशः शंकर कुमार एवं खुशबू कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# पूर्व एपीपी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दिवंगत वरीय अधिवक्ता पूर्व एपीपी पचास वर्ष से अधिक सफल वकालत करने वाले नागेश्वर प्रसाद सिंह की प्रथम पुण्यतिथि जिला विधिज्ञ संघ के केन्द्रीय कक्ष में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासचिव जगनारायण सिंह एवं संचालन अनिल कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बहुमुखी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पूर्व जीपी बैजनाथ प्रसाद कर्ण, पूर्व सचिव नागेन्द्र सिंह, सत्येन्द्र नारायण सिंह, विजय कुमार सिंह, लखन देव प्रसाद सिंह, अणील शेखर, रामाशीष यादव, महेश प्रसाद सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह, गजेन्द्र पाठक, पप्पू उर्फ प्रवीण, शुशील प्रसाद, चंद्रेश तिवारी, मेराज खां आदि थे।

# कोइलवर के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पुलिस और छात्राओं ने मिलकर मनाया रक्षाबंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोइलवर (भोजपुर)।** रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर कोइलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भाई-बहन के रिश्ते का अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां भोजपुर सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह, कोइलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, दरोगा जितेन्द्र कुमार और सुबास मंडल सहित अन्य पुलिसकर्मी छात्राओं के बीच पहुंचे। पुलिस अधिकारियों और जवानों ने विद्यालय में रह रही सैकड़ों बालिकाओं से राखी बंधवाई। इस दौरान विद्यालय की प्रिंसिपल, शिक्षक और सभी छात्राएं मौजूद रहीं। छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना की। वहीं पुलिस अधिकारियों ने सभी बच्चियों को उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ त्योहारों को मिलजुल कर मनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बेटियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने कहा कि इस तरह के आयोजन से पुलिस और आम जनता के बीच आपसी विश्वास और मजबूत होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक साथ मिठाई खाकर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# जन समाधान दिवस अगले आदेश तक स्थगित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के सभी प्रखंडों एवं अंचलों में आमजनों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को आयोजित किए जा रहे जन समाधान दिवस को वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। वर्तमान में जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संचालित है। इसके तहत दावा एवं आपत्ति से संबंधित मामलों की सुनवाई तथा नोटिस से संबंधित कार्रवाई निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जा रही है। इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी व्यस्त हैं। ऐसे में एसआईआर कार्य को प्राथमिकता देते हुए प्रखंड एवं अंचल स्तर पर प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले जन समाधान दिवस को एसआईआर कार्य पूर्ण होने तक स्थगित किया गया है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि इस अवधि में शनिवार को आयोजित होने वाले जन समाधान दिवस के लिए प्रखंड/अंचल कार्यालय आने से बचें, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से समय एवं संसाधन खर्च कर कार्यालय आने की परेशानी न हो।उन्होंने बताया कि दिनांक 19 अक्टूबर को एसआईआर कार्य पूर्ण होने के पश्चात पूर्व की भांति प्रत्येक शनिवार को सभी प्रखंडों एवं अंचलों में जन समाधान दिवस का आयोजन पुनः किया जाएगा।

# ड्रग इंस्पेक्टरों को दवा दुकानों की जांच करने का डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, तस्करी एवं सेवन पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा हेतु जिला पदाधिकारी, बेगूसराय रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय एनएफकॉर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय श्री मनीष, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, नगर निगम, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध संचालित अभियान एवं की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। जुलाई में कुल 06 कांड दर्ज किए गए तथा 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस दौरान 734 ग्राम गांजा, 966.73 ग्राम स्मैक तथा 256.2 लीटर प्रतिबंधित/अवैध कफ सिरप जब्त किया गया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने मादक पदार्थों के नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी संबंधित सुरक्षा एवं प्रवर्तन एजेंसियों के बीच त्वरित एवं प्रभावी आसूचना का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में अफीम एवं गांजा की संभावित अवैध खेती वाले क्षेत्रों की नियमित मैपिंग कर अवैध खेती का त्वरित विनष्टीकरण सुनिश्चित करने तथा ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों के किसानों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए वैकल्पिक विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। जिला पदाधिकारी ने लंबित कांडों में अनुसंधान एवं न्यायालय में विचारण की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा दोषियों को विधिसम्मत कड़ी सजा दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अंतर्राज्यीय मामलों की गहन जांच एवं संबंधित एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों, विशेषकर स्कूल एवं कॉलेजों में कानूनी प्रावधानों तथा नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने तथा मादक पदार्थों की त्वरित पहचान के लिए आवश्यक आधुनिक जांच उपकरणों की उपलब्धता का आकलन कर अधियाचना समर्पित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को जिले की सभी दवा दुकानों की नियमित रूप से जांच करने का निर्देश दिया।

# पुलिस दीदी टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**ओबरा।** ओबरा थाना अंतर्गत पुलिस दीदी टीम के पदाधिकारी एवं महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील व संदिग्ध स्थलों का भ्रमण करते हुए सघन जांच अभियान तथा निगरानी की गई। पुलिस दीदी टिम द्वारा देवी स्थान छठ घाट जाने वाले रास्ते, बेल मोड़, ओबरा हाइस्कूल, कन्या उच्च विद्यालय कारा, कारा मोड समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों की जांच की गई तथा महिलाओं व छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम, साइबर फ्रॉड से बचाव एवं साइबर अपराध के प्रति सतर्कता तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने के संबंध में जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार पुलिस दीदी टिम द्वारा छात्राओं एवं महिलाओं को यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या छेड़छाड़ उत्पीड़न साइबर ठगी अथवा अन्य अपराधी घटना की स्थिति में बिना किसी भय से पुलिस से संपर्क करें। आगे भी पुलिस दीदी टिम ओबरा थाना द्वारा प्रत्येक दिन संवेदनशील एवं संदिग्ध स्थलों, स्कूल, कॉलेजों एवं छात्राएं के आवास के आसपास आने जाने वाले मार्गों पर नियमित रूप से भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी की जाएगी ताकि महिलाएं एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पिंक रंग की स्कूटी से पुलिस दीदी को किया गया रवाना, महिलाओं की करेंगी सुरक्षा

## महिलाओं के आवागमन वाले क्षेत्रों में पुलिस दीदी करेगी गश्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के अवसर पर भागलपुर जिले में महिलाओं, बच्चियों एवं छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मुहैय्या कराने हेतु नवगठित 'पुलिस दीदी' की विभिन्न टीमों को आज अलग-अलग क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमितेश झा ने शुक्रवार को यहां पच्चीस पिंक रंग की स्कूटी के साथ ''पुलिस दीदी '' की कई टीमों को हरी झंडी दिखाकर भागलपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना कराया।

वरीय पुलिस अधीक्षक श्री यादव ने बताया कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर जिले में 'पुलिस दीदी' टीम की शुरुआत महिलाओं एवं पुलिस के बीच विश्वास, सुरक्षा और आत्यमिता के मजबूत संबंध का प्रतीक है। इस पहल के जरिए यह संदेश दिया गया है कि महिलाओं, बच्चियों और छात्राओं की सुरक्षा के लिए भागलपुर पुलिस हर समय तत्पर एवं प्रतिवद् है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में ''पुलिस दीदी''टीम के लिए 25 पिंक स्कूटी उपलब्ध कराई गई है। इसके आलावे अन्य दो पहिया गाड़ी भी है और इसके जरिए पुलिस दीदी की टीमें भागलपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित एवं प्रभारी गश्ती सुनिश्चित की जाएगी। इन गाड़ियों की सहायता से टीम ऐसे क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखेगी, जहां पर बड़ी संख्या में महिलाएं और छात्राएं आवागमन करती है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भागलपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित स्कूल- कॉलेज, कोचिंग एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान के आसपास उक्त टीम द्वारा आज से नियमित गश्ती के साथ साथ अपने कार्यस्थल पर आने -जाने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी आरंभ की गई है। श्री यादव ने बताया कि ''पुलिस दीदी'' की अलग -अलग टीम भागलपुर शहर के मुख्य बाजार, बस पड़ाव, शॉपिग क्षेत्र और अन्य सार्वजनिक स्थल पर महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के अलावे महिलाओं एवं छात्राओं की आवाजाही वाले संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में नियमित पेट्रोलिंग करेगी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस टीम का उद्देश्य केवल गश्ती एवं निगरानी तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि महिलाओं एवं छात्राओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही टीम द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर पुलिस की विभिन्न सेवाओं और सहायता माध्यमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में ''पुलिस दीदी'' टीम की संख्या एवं उपलब्ध संसाधनों में और वृद्धि किये जाने की योजना है। जिससे जिले के अधिक से अधिक क्षेत्रों में महिला सुरक्षा व्यवस्था (पुलिस दीदी) को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। जिसमें मुख्य रुप से कहलगांव, पीरपैंती एवं सुल्तानगंज क्षेत्र शामिल है।

## जदयू महिला प्रकोष्ठ को बूथ तक बनायेगी मजबूत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक बुधवार को केडीएम होटल के सभागार में आयोजित हुई। अध्यक्षता महिला आयोग की पूर्व सदस्य सह प्रदेश सचिव रीना चौधरी ने की जबकि संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश महासचिव क्रांति कुमारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला प्रकोष्ठ की उत्तर बिहार प्रभारी खुशबू रानी मौजूद रहीं। मंच पर पूर्व विधायक राजकुमार सिंह, जिलाध्यक्ष नंदलाल राय, पूर्व महिला अध्यक्ष फातिमा खातून, वर्तमान अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, युवा जिला प्रवक्ता मिजान रिजवान, मोनिका कुमारी, राधा शर्मा, पिंकी देवी, राजेंद्र महतो सहित सभी प्रखंडों की अध्यक्ष और सैकड़ों महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं। पूर्व विधायक राजकुमार सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने 24 घंटे विकास की बात की है। जिलाध्यक्ष नंदलाल राय ने कहा कि पहले बेटियों को बोझ समझा जाता था आज बेटियां वर्दी पहनकर सुरक्षा कर रही हैं। रीना चौधरी ने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि है और नीतीश कुमार ने हर योजना में महिलाओं का ख्याल रखा है। मुख्य वक्ता खुशबू रानी ने कहा कि 2005 से पहले जंगलराज था, 2006 में नीतीश कुमार ने बिहार में महिलाओं को पंचायत और नगर निकाय में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर देश में पहला उदाहरण पेश किया। आज महिला मुखिया बोलती हैं तो परिवार जिंदाबाद के नारे लगाता है। उन्होंने साइकिल-पोशाक, कन्या उत्थान, जीविका सहित सात निश्चय योजनाओं का जिक्र किया और बताया कि 1 करोड़ 80 लाख जीविका दीदियां आत्मनिर्भर बनी हैं। बैठक में महिला कार्यकर्ताओं ने सीएम की आगामी जिला यात्रा में अग्रिम भूमिका निभाने और बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व विधायक को जन्मदिन की बधाई भी दी गई।

## पुलिस ने की अंग्रेजी शराब बरामद, कारोबारी फरार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर समसा पंचायत के वार्ड संख्या 16 में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही कथित कारोबारी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि रात्रि गश्ती के क्रम में सूचना मिली थी कि समसा वार्ड संख्या 16 निवासी मनोज सहनी द्वारा शराब बिक्री के लिए घर में शराब का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवानों के साथ बताए गए स्थल पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा। जवानों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह फरार हो गया।

## हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का त्योहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। पर्व को लेकर नावकोठी, रजाकपुर, हसनपुर बागर, विष्णुपुर, समसा सहित विभिन्न गांवों में पूरे दिन उत्साह का माहौल रहा। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर विभिन्न रंगों एवं डिजाइन की राखियां बांधीं। इसके बाद भाइयों के ललाट पर तिलक-अक्षत लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर उनकी दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। धार्मिक मान्यता के अनुसार रक्षाबंधन केवल भाई की कलाई पर राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और पारिवारिक दायित्व को मजबूत करने का प्रतीक है। इस दिन बहन अपने भाई के सुख, स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। वहीं भाई भी अपनी बहन के सम्मान, सुरक्षा और सुख-समृद्धि की कामना करता है। पर्व को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल रही। विभिन्न दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियों, मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ देखी गई। खासकर बच्चों में रक्षाबंधन को लेकर विशेष उत्साह रहा। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी हमउम्र बहनों से राखी बंधवाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। रक्षाबंधन के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पारंपरिक उल्लास देखने को मिला। बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूरे क्षेत्र में दिनभर भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का वातावरण बना रहा।

## पूर्व रेलवे ने रक्षाबंधन पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** पूर्व रेलवे की ओर से शुक्रवार को कोलकाता स्थित फ़ेयरली प्लेस मुख्यालय में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक गीतिका पांडेय ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों के साथ रक्षाबंधन मनाया। इस दौरान उन्होंने रेलवे परिवार के सदस्यों के साथ स्नेह और आपसी सहयोग का संदेश साझा किया।

समारोह के तहत फ़ेयरली प्लेस स्थित उदिशा प्रेक्षागृह में महिला सशक्तिकरण पर विशेष संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। महाप्रबंधक गीतिका पांडेय ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ. महुआ वर्मा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर सत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने महिला कर्मचारियों के पेशेवर विकास, कार्यस्थल पर कल्याण तथा अपने अनुभव और सुझाव खुलकर साझा करने पर जोर दिया। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए महाप्रबंधक ने ट्रैक साइकिलिस्ट त्रियाशा पॉल को विशेष ट्रैक साइकिल प्रदान की। त्रियाशा पॉल इस वर्ष जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं, पदक विजेता तीरंदाज सोनिया ठाकुर और लक्ष्मी हेम्ब्रम को उनकी उपलब्धियों के सम्मान में तीर प्रदान किए गए।

पूर्व रेलवे ने कर्मचारी कल्याण के लिए कई नई पहलों की भी घोषणा की। इनमें मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आर्ट ऑफ लिविंग सत्र, सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारियों के लिए धन एवं स्वास्थ्य प्रबंधन कार्यक्रम, महिला कर्मचारियों के लिए पोषण और धन प्रबंधन संबंधी परामर्श तथा यौन उत्पीड़न जागरूकता कार्यशालाएं शामिल हैं। जरूरतमंद कर्मचारियों के लिए एक-से-एक मानसिक स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा देने को विशेष काउंसलिंग रूम भी स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा फ़ेयरली प्लेस स्थित महिला टिफिन रूम का विस्तार और न्यू कोयलाघाट भवन में नए महिला टिफिन रूम के लिए स्थान चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा कि रक्षाबंधन देखभाल, गरिमा और पारस्परिक सहयोग की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## रक्षाबंधन पर बाजारों में दिनभर रही भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की दिनभर धूम रही। सुबह से ही गांव से लेकर बाजार तक उत्सव जैसा माहौल बना रहा। शुभ मुहूर्त सुबह साढ़े नौ बजे तक ही होने के कारण कई बहनें एक-दो दिन पहले ही मायके पहुंच गई थीं, ताकि समय पर राखी बांध सकें। जिनका मुहूर्त छूट गया, उनके लिए दोपहर दो बजे के बाद का विकल्प भी था।बहनों ने शुक्रवार को सुबह स्नान कर निर्जला रहकर भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, माथे पर तिलक और अक्षत लगाया, अपने हाथों से मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और एक-दूसरे की लंबी उम्र व रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान भाई भी निराहार रहकर बहन से अपने अपने कलाईयों पर प्रेम पूर्वक राखी बंधवाया तत्पश्चात भोजन किया। इस अवसर पर अतरुआ, बनवारीपुर, भगवानपुर, सूर्यपुरा, संजात, हरिचक सहित सभी बाजारों में राखी और मिठाई की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही तेज रही, जिससे जगह-जगह चौक-चौराहों पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। दिनभर लोगों की चहल-पहल से सड़कों पर मेले जैसा दृश्य रहा।

## डीएम के जनता दरबार में शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश

### समय सीमा के भीतर निष्पादन का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत समाहरणालय में डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जनता दरबार में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सीमांकन, अतिक्रमण और राजस्व से जुड़े मामले प्रमुख रहे। डीएम ने सभी आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद का सशक्त माध्यम है। हर शिकायत का पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष जांच, गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई और आवेदकों को प्रगति से अवगत कराते रहने को कहा। जनहित के मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर लोगों का प्रशासन पर विश्वास मजबूत करें।

## सीआरसी बनेगा अकादमिक संवाद केंद्र

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षा विभाग ने पंचायत स्तर पर कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर को एक्टिव कर दिया है। नई गाइडलाइन के तहत अब सीआरसी सिर्फ प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि शिक्षक सहयोग, अकादमिक संवाद,सहकर्मी अधिगम और मेंटरिंग का मंच बनेगा। निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने सभी डीईओ व डीपीओ एसएसए को संशोधित मार्गदर्शिका भेजी है। सीआरसी स्तर पर अब हर महीने 3 शनिवार को बैठकें 11 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक होंगी। माह के पहले शनिवार को कक्षा 1,2 व 3 के नामित शिक्षक, दूसरे शनिवार को कक्षा 4 व 5 के शिक्षक तथा प्राथमिक कक्षाओं के अन्य शिक्षक जो प्रथम सप्ताह में उपस्थित नहीं हुए थे व तीसरे शनिवार को मिडिल स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षक भाग लेंगे। शेष शनिवार विषय-विशेष बैठक, साझा योजना निर्माण या अन्य अकादमिक गतिविधियों के लिए की जा सकती है। बैठक मिशन निपुण बिहार के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शैक्षणिक रणनीतियां, निपुण लोगो, निपुण ट्रैकर की समीक्षा, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, कठिन विषयों का समाधान, कमजोर बच्चों के लिए रणनीति और शिक्षकों के नवाचार-केस स्टडी साझा करने से संबंधित होगा। बैठक में स्थानांतरण, नियुक्ति, भवन जैसे प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा नहीं होगी। एजेंडा पिछली बैठक में तय होगा। हर बैठक का दस्तावेजीकरण होगा। अच्छे नवाचार जिला-राज्य स्तर पर भेजे जाएंगे और उत्कृष्ट शिक्षकों को सीआरसी पर सम्मानित किया जाएगा। अब समन्वयक सप्ताह में 2 दिन स्कूल जाएंगे। हर महीने कम से कम 8 स्कूल और 16 कक्षाओं का अवलोकन जरूरी है। पहले दिन कक्षा 1 से 4 व दूसरे दिन कक्षा 5 से 8 का अवलोकन करेंगें। हर भ्रमण में कम से कम 2 कक्षाओं का अवलोकन होगा।ई-शिक्षाकोष पर उपलब्ध क्लासरूम ऑब्जरवेशन टूल का उपयोग कक्षा अवलोकन के लिए किया जाएगा। इसका उद्देश्य संसाधनों का आदान-प्रदान,कक्षा की गुणवत्ता सुधार, शिक्षकों का सतत विकास और स्कूलों को साक्ष्य-आधारित अकादमिक सहयोग देना है। इस नई व्यवस्था से पंचायत स्तर पर शिक्षकों को नियमित सहयोग मिलेगा।

## नशे के नेटवर्क पर सख्ती, एनडीपीएस में छह केस दर्ज, 10 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और तस्करी पर नियंत्रण को लेकर गुरुवार को डीएम रिची पांडेय की अध्यक्षता में समाहरणालय में जिला स्तरीय गएग्टक की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एसपी मनीष, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, एसडीएम, एसडीपीओ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि जुलाई 2026 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 6 कांड दर्ज कर 10 अभियुक्तों को जेल भेजा गया। इस दौरान 734 ग्राम गांजा, 966.73 ग्राम स्मैक और 256.2 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया गया। डीएम ने सभी एजेंसियों के बीच इंटेलिजेंस साझा करने, गांजा-अफीम की अवैध खेती वाले क्षेत्रों की मैपिंग कर विनष्टीकरण करने और किसानों को वैकल्पिक योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। लंबित कांडो के त्वरित अनुसंधान, अंतरराज्यीय मामलों की गहन जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल-कॉलेजों में गक्म्ट्ट कानून और नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति केंद्रों के नियमित निरीक्षण, दवा दुकानों की रोस्टर बनाकर जांच और अनुमंडल अस्पतालों में नशा मुक्ति वार्ड बनाने का निर्देश दिया। साथ ही तस्करों का डेटाबेस तैयार कर एजेंसियों के बीच साझा करने को कहा।

## दिन दहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

**डंडारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के राजपुर गाँव निवासी शशिभूषण प्रसाद राय के 40 बर्षीय पुत्र रंधीर राय की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना के संबंध मे बताया जा रहा है रणधीर अपने एक मात्र पुत्री के पढ़ाई को लेकर भागलपुर मे रहा करता था। रक्षा बंधन को लेकर अपने घर राजोपुर आया हुआ था। एक बगीचे मे अपने साथियो के साथ बैठकर तास खेल रहा था तभी वहा अपराधी पहुंच कर रंधीर को एक साथ कई गोली मार दी जिस कारण रंधीर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर जबतक परिजन पहुंचे तबतक अपराधी गोली मारकर फरार हो चुके थे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसपी मनीष कुमार डीएसपी सुबोध कुमार थाना प्रभारी नीरज कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमाटम मे भेजकर मामले की जांच कर रही है। वही स्थानीय लोग इस घटना को पूर्व मे हुए हरेराम पासवान की हत्या का बदला के रूप देख रहे है।

## युवती की मौत

**सुपौल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राघोपुर थाने क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क दुघर्टना में एक युवती की मौत हो गई। रक्षा बंधन के सुअवसर पर पिपरा निवासी पुजा देवी अपने पति सहित अन्य दो लोगों के साथ मोटर साइकिल से अपने भाई के यहां राखी बांधने के लिए जा रही थी। एन एच 27 पर राम विशनपुर चकला चौंक पर पीछे आ रही चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

## सड़क दुर्घटना में भाई-बहन घायल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रक्षाबंधन के दिन भाई-बहन को बोलेरो ने धक्का मार दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अंबा थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी 20 वर्षीय पवन कुमार और उसकी 16 वर्षीय बहन खुशी कुमारी है जिन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। पवन ने बताया कि बहन खुशी पिछले कुछ दिनों से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रघुनंदन बिगहा गांव स्थित अपने ननिहाल में रह रही थी। रक्षाबंधन के मौके पर बहन से राखी बंधवाने के लिए वह उसे लेने ननिहाल गया था। वहां से खुशी को बाइक पर बैठाकर वह अपने गांव गौरा लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ। घटना देव थाना क्षेत्र के कटैया गांव के पास की है। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने दोनों को सड़क पर घायल अवस्था में देखा तो तत्काल मदद के लिए आगे आए। उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों के अनुसार, हादसे में पवन के सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं, उसकी बहन खुशी के सिर और पैर में चोट लगी है। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार बोलेरो चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## शराब पीने के मामले में युवक गया जेल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दूसरी बार शराब पीने के जुर्म में आजन पुलिस द्वारा एक युवक को गिरफ्तार किया है। धराया युवक आजन गांव निवासी राजीव कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गुरूवार देर शाम आरोपी ने नशें में धुत होकर खुद पुलिस को फोन किया और अनाप-शनाप बकने लगा। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने शराब के नशे में रहे युवक को हिरासत में ले लिया और थाने ले आयी।

## रक्षाबंधन के दिन भाई ने अपनी बहन की चिता को दी मुखाग्नि

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र में आज शुक्रवार को एक भाई ने अपनी मृत बहन की चिता को मुखाग्नि दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बंगरा विशेन टोला गांव निवासी दारोगा सिंह की पुत्री अंजली कुमारी को गुरुवार की देर रात को एक सांप ने काट लिया जिसे परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां आज शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद परिजन शव को लेकर नदी घाट पर पहुंचे। जहां मृतका के भाई ने उसकी चिता को मुखाग्नि दी। इस घटना से सभी लोग सदमें में हैं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-निविदा-112 के लिए खुली ई निविदा सूचना, दिनांक 27.08.2026,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (कर्षण), **पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.- झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल)** द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-निविदा-112, कार्य का नाम** : मालदा टाउन मंडल-अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों में सीडी 1050 मिमी वाले मौजूदा इंसुलेटरों की तुलना में 1600 मिमी की सीडी वाले कम्पोजिट इंसुलेटर प्रदान करते हुए ओएचई की विश्वसनीयता में सुधार । **निविदा मूल्य :** रु. 2,35,42,854.28, **बयाना राशि:** रु. 4,70,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य** : शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 07.09.2026 से 21.09.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in** और वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), **पूर्व रेलवे,** मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-180/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EastemRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 185_2026-27, 186_ 2026-27, 187_2026-27 और 204_2026-27, दिनांक: 27.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. :** 185_2026-27, **कार्य का विवरण** : एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के तहत मियांग्राम, बाजारसौ, काजीपाड़ा, चौरीगाछा, कांठालिया रोड, कर्णसुबर्ण, जीबंती, खागड़ाघाट रोड, नियालिश पाड़ा, लालबाग कोर्ट रोड, डाहापाड़ा धाम, आजिमगंज जंक्शन, आजिमगंज सिटी, गोसाईंग्राम, बराला, सागरदिघी, मोरग्राम, लोहापुर और तकीपुर स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.15,29,60,548.95, **बयाना राशि :** रु. 30,59,200/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 186_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के तहत अग्रद्वीप, साहेबतला, दाँईहाट, कटवा, नवग्राम काँकुड़हाटी, शिबलुन, गंगाटिकुरी, झामतपुर बहरान, सालार, मालिहाटी तालिबपुर रोड, टेंया, श्रीपत श्रीखंड, श्रीखंड, बांकापासी, कैचर, नेगुन और साउता स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.14,37,12,800.01, **बयाना राशि :** रु. 28,74,300/-, **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. :** 187_2026-27, **कार्य का विवरण** : एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के तहत अहमदपुर-कटवा खंड में चौहट्टा, गोपालपुरग्राम, लाभपुर, कीर्नाहार, दासकलग्राम, कुरमाडांगा, ज्ञानदास कान्दरा, कोमरपुर, निरोल, पाचन्दी और अम्बलग्राम स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.9,67,33,596.35, **बयाना राशि :** रु. 19,34,700/-, **क्रम सं. 4, ई-निविदा सं. :** 204_2026-27, **कार्य का विवरण** : एईएन/नबद्वीप धाम के अधिकार क्षेत्र के तहत बांशबेड़िया, इस्लामपाड़ा, त्रिबेणी, कुंतीघाट, डुमुरदह, खामारगाछी, जिराट, बालागढ़, सोमराबजार, बेहुला, गुप्तिपाड़ा, अंबिका कालना, बाघनापाड़ा, धात्रिग्राम, नंदाईग्राम, समुद्रगढ़, कालीनगर, नवद्वीप धाम, बिष्णुप्रिया, भंडारटिकुरी, पूर्बस्थली, मेड़तला फलेया, लक्ष्मीपुर, बेलेरहाट और पाटुली स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.15,54,21,323.42, **बयाना राशि :** रु. 31,08,400/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 (दस) माह (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 17.09.2026 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान** - ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी**: आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-309/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पवई में छत से गिरकर 40 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि गुरुवार की रात सूरज के छोटे भाई सुजीत के पुत्र का छठीहार कार्यक्रम था। कार्यक्रम में शामिल होने आये मेहमानों को विदा करने के बाद सूरज सोने के लिए छत पर चला गया। परिजनों ने बताया कि रात करीब ढाई बजे सूरज लघुशंका के लिए छत के किनारे गया था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लेकर पहुंचे। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जमुहार के लिए निकले, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के नरारी कलां खुर्द थाना क्षेत्र के नरारी खुर्द गांव स्थित सोन कैनाल में डूबने से 9 वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। घटना की है। मृतक बच्चे की पहचान उस गांव निवासी राजेश चौधरी के पुत्र शिवम कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर शिवम अन्य बच्चों के सोन कैनाल की ओर खेलने गया था। इसी क्रम में वह अनियंत्रित होकर सोन कैनाल में गिर पड़ा और कैनाल में अत्यधिक पानी होने के कारण वह डूबने लगा। मौके पर मौजूद अन्य बच्चों ने शोर मचाया लेकिन जब तक स्थानीय लोगों द्वारा बचाव कार्य किया जाता तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं आसपास मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मृतक बच्चे के परिजनों के लिए उचित मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के संबंध में सीओ को सूचना दी गई है।

# मगध की बेटी प्रेरणा प्रियदर्शिनी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

## सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत बेंच में न्यायमूर्तियों संग बैठ मामलों के सौहार्दपूर्ण निष्पादन में निभाई अहम भूमिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। औरंगाबाद की बेटी एवं सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड प्रेरणा प्रियदर्शिनी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालत 'समाधान समारोह' के दौरान न्यायमूर्तियों के साथ बेंच पर बैठकर मामलों के निष्पादन में सह-भागिता का दुर्लभ अवसर मिला है। यह औरंगाबाद सहित पूरे मगध क्षेत्र के लिए गौरव और खुशी का विशेष अवसर है। विधि एवं न्याय के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट समझ, दक्षता और महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा उन्हें इस विशेष बेंच के लिए नामित किया गया था। यह उपलब्धि न केवल प्रेरणा प्रियदर्शिनी के व्यक्तिगत जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है बल्कि औरंगाबाद और पूरे मगध क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय बन गई है। सुप्रीम कोर्ट में आयोजित विशेष सत्र के दौरान प्रेरणा प्रियदर्शिनी ने न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह तथा वरिष्ठ अधिवक्ता अमित रावल के साथ बेंच साझा की। इस दौरान बेंच के समक्ष आए कई जटिल कानूनी विवादों के समाधान की दिशा में आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रयास किए गए। विशेष लोक अदालत के माध्यम से विवादों का त्वरित और सुलभ निष्पादन हुआ,जिससे पक्षकारों को राहत मिली। उनकी इस उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि छोटे शहरों और जिलों से निकलने वाली प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकती हैं। खासकर औरंगाबाद और मगध क्षेत्र के युवाओं के लिए उनकी सफलता प्रेरणास्रोत बन सकती है। प्रेरणा प्रियदर्शिनी का संबंध औरंगाबाद के प्रतिष्ठित राजनीतिक और साहित्यिक परिवार से है। उनके दादा प्रसिद्ध लेखक, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधान पार्षद स्वर्गीय कामता सिंह 'काम' थे। वहीं उनके नाना औरंगाबाद के पूर्व सांसद स्वर्गीय रामनरेश सिंह उर्फ लूटन सिंह थे। उनके पिता प्रख्यात शिक्षाविद अशोक कुमार सिंह तथा माता प्रियंवदा रानी सिंह हैं। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, वरीय भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह और कर्नल सुधीर कुमार सिंह उनके मामा हैं। इस उपलब्धि की खबर सामने आने के बाद औरंगाबाद सहित पूरे मगध क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रेरणा प्रियदर्शिनी को इस विशेष उपलब्धि पर बधाई दी है। लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट की विशेष लोक अदालत बेंच में न्यायमूर्तियों के साथ उनकी सहभागिता औरंगाबाद के लिए ऐतिहासिक गौरव का क्षण है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार का सम्मान बढ़ाती है बल्कि बिहार और मगध क्षेत्र की प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान भी दिलाती है। विधि एवं न्याय के क्षेत्र में प्रेरणा की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायक है। औरंगाबाद की इस बेटी ने अपने ज्ञान और कार्यक्षमता के बल पर सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचकर यह संदेश दिया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से किसी भी क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है।

# विभिन्न मामलों में 38 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में एक, लूट के शीर्ष में तीन, हत्या के प्रयास में 12, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 222.2 लीटर देसी शराब एवं तीन ऑटो बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 951 वाहनों की जांच की गई जिसमें 38500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 30 वारंट निष्पादन किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# ब्रह्मकुमारी बहनों ने जिलाधिकारी को बांधी राखी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। रक्षाबंधन के अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्था की बहनों ने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा को राखी बांधी तथा शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, प्रेम, विश्वास एवं आपसी सद्भाव का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने ब्रह्मकुमारी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए रक्षाबंधन के पर्व को प्रेम, भाईचारा, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन हमें एक-दूसरे के प्रति सम्मान, स्नेह और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी जिलावासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की। इसी क्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से बीके सविता देवी एवं बीके सुमन बहन ने मंडल कारा पहुंचकर बंदियों को राखी बांधी। उन्होंने तिलक एवं आरती कराई तथा टोली प्रसाद खिलाकर बंदियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान भाईचारे, आत्मिक शांति, सद्भावना एवं सकारात्मक जीवन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाई दिनेश कुमार, सुनील कुमार एवं महेश कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व नहीं बल्कि विश्वास, सुरक्षा, अपनत्व और मानवीय संवेदना का प्रतीक है। ऐसे आयोजन बंदियों को परिवार और समाज से भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं तथा उनके अंदर सकारात्मक सोच और सुधार की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक अधीक्षक संजीव कुमार, उच्च कक्षपाल मनोज दुबे, कक्षपाल मो. सोनू आलम, रोशन कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रक्षाबंधन के अवसर पर करीब 350 से अधिक बंदियों की बहनों ने मंडल कारा पहुंचकर अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, तिलक लगाया, मिठाई खिलाई और आरती उतारी। बहनों ने अपने भाइयों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# मोबाइल लूटकर भागे दो बदमाशों को पुलिस ने छह घंटे में दबोचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। मोबाइल लूट के आरोप में दो युवकों को उपहारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की गयी है। घटना उपहारा थाना क्षेत्र के हामिदनगर बनरा की है। बताया जाता है कि गुरुवार की रात क़रीब आठ बजे शौच के लिए गए हामिदनगर बनरा गांव निवासी रामनाथ पासवान के पुत्र मनीष कुमार पुत्र से बाइक सवार दो युवक और एक विधि विरुद्ध किशोर मोबाइल लूटपाट कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर घटना में संलिप्त अरवल जिले के वंशी थाना क्षेत्र के बलौरा गांव निवासी रोहित कुमार एवं नीरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एक विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के छह घंटे में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है तथा एक किशोर को निरुद्ध किया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया जबकि किशोर को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

# पहाड़ी बाबा मंदिर के विकास के लिए करेंगे प्रयास : त्रिविक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



देव(औरंगाबाद)। देव प्रखंड के बेढनी स्थित पहाड़ी बाबा भोले शंकर धाम में दो दिवसीय मेले का धार्मिक न्यास समिति के तत्वावधान में भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ। मेले का उद्घाटन सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि बेढनी धाम न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत भी है। इस तरह के धार्मिक आयोजन से आपसी भाईचारा और संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने मंदिर के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मंदिर न्यास समिति के सदस्यों ने बताया कि दो दिवसीय इस मेले में भजन-कीर्तन, महाप्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। दूर-दराज से श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम में न्यास समिति के अध्यक्ष, सचिव सहित सैकड़ों ग्रामीण, श्रद्धालु एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया लोगों की समस्याओं का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब नहीं हो।

# तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 28, 29 एवं 30 अगस्त तक बिहार सरकार के खेल विभाग के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के तत्वावधान में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को खेल भवन-सह-व्यायामशाला, औरंगाबाद में कबड्डी, बॉक्सिंग एवं कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की तथा अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी स्वेता प्रियदर्शी द्वारा प्रतियोगिता में उपस्थित सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह एवं जोश के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बीएसएसपी प्राधिकृत बॉक्सिंग कोच अखिल कुमार एवं अन्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित ये कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। आगामी दिनों में भी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# पिकअप वैन से प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त, दो गिरफ्तार

मदनपुर(नबिटा संवाददाता)। मदनपुर पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित थाई मछली बरामद की है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर शिवनाथ बिगहा मोड़ के समीप की गई। पुलिस ने कोलकाता से आ रही एक पिकअप वाहन से पंद्रह क्विंटल प्रतिबंधित थाई मछली बरामद की है। इस कार्रवाई में गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी अख्तारुल एवं सोमीत दास के रुप में की गई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल के हुगली से प्रतिबंधित मछली थाई मांगुर लायीं जा रही थी। उसे डेहरी ले जाना था। गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई जिसमें एक पिकअप की तलाशी में थाई मांगुर पाया गया। इसके बाद बरामद मछली को मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी को सौंप दिया गया। इसके बाद मत्स्य विभाग के विकास पदाधिकारी सचिदानंद कुमार के नेतृत्व में मछली को थाना समीप विनष्ट कर दिया गया है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में हवन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। वेद प्रचार सप्ताह के अंतर्गत शहर के दानी बिगहा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आर्य समाज प्रतिनिधि सभा के मार्गदर्शन तथा आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हवन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम डीएवी पब्लिक स्कूल बिहार प्रक्षेत्र-एफ के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी विजय कुमार पाठक के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसमें बिहार प्रक्षेत्र-एफ के विभिन्न डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, वैदिक मंत्रोच्चार एवं देव यज्ञ (हवन) के साथ विधिवत रूप से हुआ। आयोजन का उद्देश्य मानव कल्याण, नैतिक मूल्यों का संवर्धन तथा भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं से जोड़ना था। उद्घाटन अवसर पर वैदिक विद्वानों, विभिन्न विद्यालयों से आए प्राचार्यों एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व शांति की कामना की। चित्रकला प्रतियोगिता शुरू होने से पहले विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय की प्राचार्या अल्पना मिश्र ने अपने संबोधन एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय अधिकारी विजय कुमार पाठक ने कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं हैं बल्कि ज्ञान और सार्वभौमिक कल्याण के शाश्वत स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और चरित्र निर्माण के लिए वैदिक विचारों का प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सनातन धर्म की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सनातन जीवन जीने का एक शाश्वत दर्शन है। इसकी मूल भावना उदारता और सर्वसमावेशिता की है जिसमें 'वसुधैव कुटुंबकम' जैसे विचार निहित हैं। उन्होंने आधुनिक एवं डिजिटल युग में संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत अब केवल पूजा-पाठ और प्राचीन ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रौद्योगिकी, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में भी इसकी उपयोगिता पर व्यापक चर्चा हो रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार, डीएवी सेमरा, बिक्रमगंज की प्राचार्या प्रमिला सिंह तथा निर्णायक प्रतिनिधि विक्रम सिंह भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैदिक चिंतन चारों वेदों पर आधारित एक प्राचीन ज्ञान परंपरा है जो प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देती है। चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में प्राचार्या प्रमिला सिंह, निर्णायक प्रतिनिधि विक्रम सिंह एवं विद्यालय की प्राचार्या अल्पना मिश्र ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से डीएवी नवीनगर की आयुषी सिंह एवं डीएवी तेंदुनी चौक, बिक्रमगंज के सौरभ राज को मिला। द्वितीय स्थान दयानंद विहार के आठवीं कक्षा के छात्र विभांशु कुमार को प्राप्त हुआ, जबकि तृतीय स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल दानी बिगहा की कक्षा सातवीं 'ए' की छात्रा सारिका तनवीर ने हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार डीएवी नवीनगर की कक्षा सातवीं 'सी' की छात्रा डिंपल कुमारी एवं डीएवी दाउदनगर की कक्षा आठवीं 'बी' की छात्रा वैष्णवी कुमारी को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। विद्यालय की ओर से सभी प्राचार्यों, अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिए अपराह्न भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। अंततः शांति पाठ के साथ वेद प्रचार सप्ताह के इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# शिवलिंगों की धरती पोगर की मिट्टी में दबी है प्राचीन विरासत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। रफीगंज प्रखंड का पोगर पंचायत अपनी प्राचीन धार्मिक और संभावित पुरातात्विक विरासत के कारण विशेष पहचान रखती है। पंचायत मुख्यालय गांव और आसपास करीब 11 प्राचीन शिवलिंग स्थापित हैं, जिनकी पीढ़ियों से नियमित पूजा-अर्चना होती आ रही है। ग्रामीणों के अनुसार इन शिवलिंगों की ऊंचाई एक से पांच फुट तक है और ये काफी पुराने हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह मान्यता भी प्रचलित है कि काशी के बाद पोगर ऐसा विशिष्ट स्थान है, जहां एक ही गांव में इतनी संख्या में प्राचीन शिवलिंग मौजूद हैं। हालांकि इस मान्यता की ऐतिहासिक पुष्टि के लिए विशेषज्ञ अध्ययन आवश्यक है। इन शिवलिंगों से जुड़े प्रमुख स्थलों में गढ़ पर भूतनाथ, पोगर बाजार, महादेव घाट, ब्रह्मा स्थान, पाल टोला, माली टोला, बुढ़वा महादेव, भुतहवां कुआं, घोघरा और पड़राही शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार समय-समय पर क्षेत्र में खुदाई के दौरान शिवलिंग, पत्थर की नक्काशी, मूर्तियां और अन्य प्राचीन अवशेष मिलने की बातें सामने आती रही हैं। पोगर में 52 बीघे बधान और धावा नदी की खाई के समीप स्थित प्राचीन टीला 'पुष्पदंत गढ़' भी लंबे समय से लोगों के लिए कौतूहल का विषय है। स्थानीय लोककथाओं में इसका संबंध पुष्पदंत नामक राजा से जोड़ा जाता है। कुछ लोग पोगर को मगध के सम्राट पुष्यमित्र शुंग से भी जोड़ते हैं। हालांकि इन मान्यताओं के समर्थन में पर्याप्त प्रमाणिक ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2004 में भूतनाथ मंदिर परिसर में खुदाई के दौरान 11 घड़े मिले थे। वहीं वर्ष 2025 में पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए गढ़ के समीप कराई गई खुदाई के दौरान छोटा शिवलिंग, राख के ढेर और मजबूत दीवारों के अवशेष मिलने की बात सामने आई थी। इन घटनाओं ने स्थानीय लोगों की जिज्ञासा और बढ़ा दी है। गढ़ पर स्थित भूतनाथ मंदिर की पाषाण वेदिका भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसकी बनावट कुछ प्राचीन पाषाण संरचनाओं से मिलती-जुलती है। हालांकि इसकी वास्तविक उम्र और ऐतिहासिक पहचान के लिए विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक जांच जरूरी है। धार्मिक और संभावित ऐतिहासिक महत्व के बावजूद पोगर पंचायत बुनियादी सुविधाओं की चुनौतियों से भी जूझ रही है। धावा नदी में पानी बढ़ने पर शारदा बिगहा और पाठक बिगहा का संपर्क प्रभावित हो जाता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पोगर क्षेत्र का व्यवस्थित पुरातात्विक सर्वेक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाए तो यहां की मिट्टी में दबी प्राचीन विरासत से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। साथ ही धार्मिक स्थलों का संरक्षण, सड़क और पुल जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास होने से यह क्षेत्र भविष्य में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

